चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-225, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज 14

सोनाक्षी सिन्हा ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग में पूरा किया शॉट 2


# सातवीं बार रेपो दर 6.5 % पर कायम, 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी



- चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा
- इस बार भी राहत : ईएमआई में नहीं होगा बदलाव
- मकान, वाहन समेत ईएमआई में बदलाव की संभावना कम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात और खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक तात्कालिक जरूरतों के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है।

रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों ईएमआई में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के इन निर्णय की जानकारी दी। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. आशिमा गोयल, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देवब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर को बरकरार रखने के पक्ष में जबकि प्रो. जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी के पक्ष में मत दिया।

एमपीसी सदस्यों ने लक्ष्य के अनुरूप खुदरा महंगाई को लाने के लिए उदार रुख को वापस लेने के निर्णय को कायम रखने का फैसला किया है। दास ने कहा, आर्थिक वृद्धि की मजबूत संभावनाएं इस बात की गुंजाइश देती हैं कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर ध्यान दे सके। चूंकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितताएं चुनौतियां बनी हैं, ऐसे में एमपीसी महंगाई बढ़ने के जोखिम को लेकर सतर्क है। आर्थिक वृद्धि पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा। उन्होंने कहा हमारा अनुमान है कि जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहेगी। जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### सब्जियों की दर पर नजर रखेंगे : दास

**मुंबई।** शक्तिकान्त दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक सब्जियों के दर पर नजर बनाए रखेगा जो बढ़ती गर्मी से प्रभावित हो सकती हैं। आईएमडी ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में लू चलने का पूर्वानुमान लगाया है। गेहूं की उपलब्धता पर उतना असर नहीं पड़ेगा जितना दो साल पहले पड़ा था जब मार्च से काफी लू चली थी। मुद्रास्फीति कम होने का अंतिम पड़ाव हमेशा चुनौतीपूर्ण और मुश्किल होता है।

### स्वर्ण भंडार तैयार करने में जुटा भारत

**मुंबई।** दास ने बैठक के बाद कहा, हम सोने का भंडार बना रहे हैं जो हमारे मुद्रा भंडार नियोजन का हिस्सा है। उन्होंने इसके लिए खरीदे गए सोने की मात्रा की कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन आंकड़ों की ओर इशारा किया जो स्वर्ण भंडार के मूल्य में वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का मूल्य 51.48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

### यूपीआई से जमा कर सकेंगे नकदी

**नयी दिल्ली।** आरबीआई यूपीआई से नकदी जमा करने वाली मशीन की सुविधा देगा। पीपीआई (प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में नकद जमा करने की मशीन में पैसा जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है।

## एक नजर

### भोजशाला : याचिकाकर्ता के सर्वे में शामिल होने की मंजूरी से कोर्ट का इनकार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे के पक्षकारों में से एक को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में जारी सर्वे में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं बनता है। हाईकोर्ट के आदेश पर एएसआई भोजशाला के विवादित परिसर में 22 मार्च से सर्वे कर रहा है। सर्वे का आदेश भोजशाला से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। हाईकोर्ट हिंदू और मुस्लिम पक्षों की चार याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति एस ए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने इनमें से एक याचिका दायर करने वाले लोगों में से कुलदीप तिवारी की अर्जी सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रद कर दी है।

### जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने जिले के उरी इलाके में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठियों को ललकारा। इस पर घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सैनिकों ने जवाब दिया। इस कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान जारी है।

### छत्तीसगढ़: दंतेवाड़ा के मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के इलाके में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार और गमपुर के जंगल में माओवादियों की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रवाना किया गया था। शुक्रवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की।

# मदरसा शिक्षा : हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

## लखनऊ पीठ ने मदरसा अधिनियम को संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 मार्च के मदरसा बोर्ड के संबंध में दिए गये फैसले पर रोक लगा दी। लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। इस फैसले पर रोक लगने से करीब 17 लाख मदरसा छात्रों को राहत मिलेगी।

तीन-सदस्यीय पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों को बारीकी से विचार करने योग्य पाया तथा केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करने में राज्यों के वाजिब हित हैं कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि 2004 का अधिनियम धर्मनिरपेक्षता और बुनियादी ढांचे और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। ये निष्कर्ष हालांकि मदरसा बोर्ड को सौंपी गई नियामक शक्ति से मेल खाते प्रतीत होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 28(1) में प्रावधान है कि सरकार द्वारा पूर्ण सहायता प्राप्त संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले का समर्थन करते हुए दलील दी कि लगभग 17 लाख छात्रों को नियमित संस्थानों में समायोजित किया जा सकता है और अगर फैसले पर रोक लगाई गई तो राज्य को 1096 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी आदि ने फैसले की वैधता पर सवाल उठाया।

उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने 'फरमान' पारित कर 1908 से नियामक व्यवस्था के तहत चलाए जा रहे मदरसों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से 17 लाख छात्रों के अलावा 10,000 शिक्षक भी प्रभावित हुए हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा, क्या राज्य सहायता देकर धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन कर रहा है? क्योंकि हम इस्लाम पढ़ाते हैं, इसलिए यह संस्था धार्मिक निर्देश देने वाली नहीं बन जाती।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों को रद्द करते हुए छात्रों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इससे 17 लाख छात्र प्रभावित होंगे...हमारा मानना है कि छात्रों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश उचित नहीं था। राज्य 30 जून, 2024 तक जवाब दायर करेगा। एसएलपी को जून 2024 के दूसरे सप्ताह में अंतिम निपटान के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। उच्च न्यायालय के 22 मार्च, 2024 के आक्षेपित आदेश और फैसले पर रोक रहेगी।

### 1,096 करोड़ खर्च करती है सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि प्रदेश सरकार मदरसों पर हर साल 1,096 करोड़ का वित्तीय बोझ उठाती है। अटॉर्नी जनरल के. वेंकटरमणी ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का मदरसों के पंगु होने पर प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका एकमात्र परिणाम यह होगा कि उन्हें कोई सरकारी सहायता नहीं मिलेगी।

### मदरसों की तरफ से क्या दी गई दलील

याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि मदरसों में गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और अन्य विषय पढ़ाए जाते हैं। यह मानना गलत है कि मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है। हरिद्वार और ऋषिकेश में भी बहुत प्रसिद्ध गुरुकुल हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। क्या आप उन्हें यह कहकर बंद कर देंगे कि वे धार्मिक शिक्षा के स्थान हैं?

### मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। प्रथम दृष्टया उच्च न्यायालय ने 2004 के अधिनियम के प्रावधानों के गलत अर्थ निकाले, जो (अधिनियम) किसी भी धार्मिक निर्देश का प्रावधान नहीं करता है। मदरसा अधिनियम रद करना समाधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निर्देश जारी करना होगा कि छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहें।

# कांग्रेस ने जनगणना समेत किए कई वादे

नई दिल्ली, एजेंसी

## घोषणापत्र जारी

- पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और नई शिक्षा नीति में संशोधन करने समेत कई वादे किए हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घोषणा पत्र में भविष्य के भारत की तस्वीर है। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी हुआ। संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम आदि भी मौजूद थे।

पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी वर्ग के गरीबों के लिए लागू करेगी। नई शिक्षा नीति पर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर संशोधन होगा।

### कांग्रेस का घोषणापत्र 'झूठ का पुलिंदा' : भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का घोषणापत्र लेकर आई है। कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है।

# रामनवमी पर 20 घंटे होंगे रामलला के दर्शन, प्रसार भारती करेगा प्रसारण

अयोध्या कार्यालय

- सात लाइन से पहुंचेंगे श्रद्धालु, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला के 20 घंटे दर्शन सात लाइन के जरिए होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव का प्रसारण प्रसार भारती करेगा। श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन अभी संभव नहीं है। उन्होंने अभी 20 घंटे दर्शन की तिथि और समय नहीं बताया है। उनका कहना है कि परिस्थितियों को देखकर निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर में बालकराम के श्रृंगार, भोग, आरती के लिए चार घंटा लग रहा है। किसी भी परिस्थिति में समय का परिवर्तन नहीं हो सकता है, लेकिन बाकी समय श्रद्धालु दर्शन से वंचित न रहे इसकी व्यवस्था होगी। वर्तमान में 14 घंटे दर्शन हो रहे हैं। सुबह साढ़े छह से रात साढ़े नौ बजे तक दर्शन होते हैं। बीच में दोपहर 12 से एक बजे तक दर्शन बंद रहता है।

### 15 से 18 तक पास निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि रामनवमी पर आने वाली भीड़ को देखते हुए 15 से 18 अप्रैल तक किसी भी प्रकार का विशेष पास जारी नहीं किया जाएगा। पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से जारी हुए पास भी निरस्त होंगे।

# एनसीईआरटी की किताबों में किया बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे के संदर्भ में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी बोले- बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा
- संशोधन 11 और 12 कक्षा तथा अन्य राजनीति विज्ञान में किया

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ में संशोधन किया है। एनसीईआरटी ने हालांकि संशोधित गए संदर्भों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि बदलाव नियमित अद्यतनीकरण का हिस्सा हैं और इसका संबंध नए पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार नयी पुस्तकों के विकास से नहीं है। यह बदलाव कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है।

एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज़ के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार बदल दिया गया है। कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। संशोधन के बाद इस वाक्य को अब 2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए कर दिया गया है। बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क है, किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों का नुकसान होता है। यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता।

# आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कराने वाले मास्टर माइंड की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले मुख्य आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को यह कामयाबी तब मिली जब सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ की गई। राजीव की निशानदेही पर आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराने वाले अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय बुलाया गया। इसी के बाद एसटीएफ ने ये मामला भी खोल दिया।

अमित वर्तमान में लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहता है। वह पूरे वैस पुरवा करनैलगंज, गोंडा का निवासी है। वह लखनऊ के गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। बलिया के दीपक दुबे के माध्यम से अमित राजीव से मिला। डील के बाद अमित ने राजीव को टीजीटी परीक्षा- 2020, 2021 का पेपर पढ़ाने को 20 लाख दिया था। उसने कई भर्ती परीक्षाओं में राजीव को अभ्यर्थी दिए। राजीव ने पुलिस व आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर आउट कराने को कहा था। राजीव ने बताया था कि अभ्यर्थियों को लखनऊ और प्रयागराज में पेपर का उत्तर पढ़ाया जाएगा। पेपर के बदले डॉ शरद सिंह से 15 लाख प्रति अभ्यर्थी देना तय था। प्रारंभिक परीक्षा के लिए प्रति अभ्यर्थी दो लाख देना तय हुआ था। शासन ने इसकी जांच एसटीएफ को दी थी। पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह के नेतृत्व में इसकी जांच की गई।

# निर्वाचन आयोग ने भाजपा संबंधी बयान पर आतिशी को नोटिस दिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतिशी के भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क के बयान पर आयोग सख्त

निर्वाचन आयोग ने आप नेता आतिशी को शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे इस बयान का तथ्यों के साथ समर्थन करने के लिए कहा कि भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। भाजपा ने आतिशी के झूठे बयान पर एक दिन पहले आयोग का रुख किया था, जिस पर आयोग सख्त है।

आयोग की नोटिस में कहा कि आतिशी दिल्ली सरकार में मंत्री हैं और एक राष्ट्रीय पार्टी की नेता हैं। सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा जो भी कहा जाता है उस पर मतदाता विश्वास करते हैं और इस तरह से उनके दिए बयान प्रचार विमर्श को प्रभावित करते हैं। वह अपेक्षा करते है कि आप नेता के दिए बयानों का तथ्यात्मक आधार होना चाहिए। आतिशी ने दो अप्रैल को दावा किया था कि भाजपा ने उनसे पार्टी में शामिल होने या एक महीने में गिरफ्तार होने के लिए तैयार रहने को संपर्क किया था। उन्होंने कहा था, भाजपा ने मेरे करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझसे संपर्क किया।

### आयोग क्या भाजपा का सहायक संगठन: आतिशी

आप नेता आतिशी ने कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि क्या यह भाजपा का सहायक संगठन है। आतिशी ने आरोप लगाया कि आयोग से उन्हें नोटिस का ईमेल भेजे जाने से एक घंटे पहले भाजपा ने इसे मीडिया में लीक कर दिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस के बैंक खाते को फ्रीज किए जाने के बाद आयोग ने केंद्रीय एजेंसियों को नोटिस क्यों नहीं जारी किया। भाजपा के आपत्तिजनक पोस्टर पर आयोग को पत्र लिखे, कार्रवाई नहीं हुई।

अनियमित जीवनशैली | विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मधुमेह का माता-पिता से सीधा कनेक्शन, 5 से 17 साल तक के बच्चे हो रहे शिकार

# ...अपनी ही ममता को बांटा जा रहा मिठास भरा दर्द

अंकित चौहान, बरेली



एक्सक्लूसिव

- जिला अस्पताल आने वालों बच्चों में दस फीसदी टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित
- परिजनों से 70% बच्चों को जन्मजात मधुमेह होने का होता है खतरा

**अमृत विचार:** माता पिता की खराब जीवन शैली और दिनचर्या के कारण व्यस्क तो डायबीटिज के शिकार तो हो ही रहे, इसके कारण अपनी संतान का भी जिंदगी भर का दर्द दे रहे हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बच्चों में डायबीटिज का माता पिता से सीधा कनेक्शन है। अकेले बरेली शहर में हर माह 5 से 10 बच्चे टाइप वन डायबीटिज पीड़ित मिल रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या ये है कि बच्चों की टाइप वन डायबीटिज के इलाज के नाम पर इंसुलिन लेना ही है।

हर मां-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे कभी बीमार न पड़े। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हर समय उनका ख्याल रखते हैं। उनको चौंकाने बात ये हो सकती है कि उनके खराब लाइफ स्टाइल का फर्क उनके साथ साथ उनके बच्चों का जीवन खराब कर सकता है। जिला अस्पताल स्थित एनसीडी यानि गैर संचारी रोग केंद्र पर 5 से 17 साल तक ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित हैं। टाइप 1 के सर्वाधिक मामलों में कारण अनुवांशिक होता है।

**शरीर में नहीं बनता इंसुलिन :** वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता दोनों मधुमेह से ग्रसित हैं तो उनके बच्चों को मधुमेह होने का खतरा 70 फीसदी तक होता है, वहीं अगर माता-पिता में अगर किसी एक को मधुमेह है तो बच्चों को इसका खतरा 30 फीसदी तक होता है। दरअसल, मधुमेह टाइप 1 अनुवांशिक होता है। इसका होने का मुख्य कारण यह है कि शरीर में इंसुलिन नहीं बनता है इसलिए बच्चे को जीवन भर इंसुलिन लगवाना पड़ता है।

### दस फीसदी तक बच्चों में हो रही मधुमेह टाइप 1 की पुष्टि

एनसीडी क्लीनिक प्रभारी डॉ. मयंक के अनुसार हर माह यहां आने वाले 100 मरीजों में 5 से 10 ऐसे बच्चें हैं जो कि मधुमेह टाइप 1 से ग्रसित मिल रहे हैं। इन मरीजों में 5 से 18 साल तक के मरीज शामिल हैं। हालांकि मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, इंसुलिन समेत अन्य संसाधन मौजूद हैं। हालांकि हर कुछ बच्चे जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है वह भी केंद्र पर आकर इंसुलिन लगवा रहे हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान, फौरन लें डॉक्टर की सलाह

बार बार पेशाब जाना कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को संकेत माना जाता है, पर अगर अत्यधिक प्यास के साथ बार-बार पेशाब आने की समस्या महसूस होती है तो ये मधुमेह का संकेत हो सकता है। बच्चे में इस तरह के लक्षणों पर जरूर ध्यान दें। कई बार टाइप-1 डायबिटीज के संकेत बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर ध्यान देकर आप गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम कर सकते हैं।



## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | −0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | −0.580 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | −1.423 |

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष बल्लेबाजों से प्रदर्शन की उम्मीद

जयपुर, एजेंसी

- दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं विराट कोहली

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी। गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं। अलजारी जोसेफ और रीसे टॉप्ले भी चल नहीं सके हैं।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।
**समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने हैदराबाद को दिया 166 रनों का लक्ष्य

## सीएसके के शिवम दुबे ने 45 और रविंद्र जडेजा ने ताबड़तोड़ 31 रन ठोंके





शिवम दुबे

हैदराबाद, एजेंसी

शिवम दुबे की 45 रनों और अजिंक्य रहाणे की 35 रनों की पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र 12 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाये। शिवम दुबे ने 24 गेदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन ठोक डाले। डैरिल मिचेल 13 रन बनाकर आउट हुये। रवींद्र जडेजा 31 रन और महेन्द्र सिंह धोनी एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

### चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:

| | |
|---|---|
| रचिन रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर | 12 |
| ऋतुराज गायकवाड़ का समद बो शाहबाज | 26 |
| अजिंक्य रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट | 35 |
| शिवम दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस | 45 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 31 |
| डेरिल मिचेल का समद बो नटराजन | 13 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 02, **कुल योग :** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 165 रन

**गेंदबाजी :** अभिषेक 1−0−7−0, भुवनेश्वर 4−0−28−1, नटराजन 4−0−39−1, कमिंस 4−0−29−1, मार्कंडेय 2−0−21−0, शाहबाज 1−0−11−1, उनादकट 4−0−29−1



सीएसके के अजिंक्य रहाणे का विकेट लेने के बाद खुशी जताते हैदराबाद के खिलाड़ी।

# मयंक यादव को टेस्ट में खिलाना जल्दबाजी होगी : शेन वाटसन

कोलकाता, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि भले ही मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सभी को आकर्षित किया है लेकिन उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खिलाने की जल्दबाजी करना समझदारी नहीं है।

पंजाब किंग्स के खिलाफ पदार्पण करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के 21 साल के तेज गेंदबाज ने लगातार मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के अभियान में मदद की है। वाटसन ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''निश्चित रूप से मयंक यादव के बारे में काफी चर्चा हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स भाग्यशाली है कि उनके पास ऐसा खिलाड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''बड़े मंच पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत विशेष है।'' तो क्या वह टेस्ट के लिए तैयार है।

## खेल डायरी

### सेंथिल जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11−5, 11−8, 9−11, 11−9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6−11 , 7−11, 11−6, 11−3, 11−9 से हराया था।

### बालाजी-बेजेमैन एटीपी ह्यूस्टन के सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6−0, 6−3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।

### युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में



**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7−6, 6−7, 10−7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा। विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं।

### कैंडिडेट्स शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रा पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रा पर रोका।

### नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस



**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, "ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे−कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।"

## बेंगलुरु में आईपीएल मैच एनजीटी की निगरानी में होगा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शहर में पानी के बढ़ते संकट के बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य संबंधित राज्य अधिकारियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले पानी की जानकारी का ब्यौरा देने को कहा है। एनजीटी ने राज्य क्रिकेट संघ के अलावा बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) और कर्नाटक राज्य नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) से भी पानी के स्रोत और इसकी मात्रा के बारे में दो मई तक जानकारी सौंपने को कहा है। केएससीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभेंदू घोष ने कहा, हमने नोटिस देख लिया है।

# सूर्यकुमार के फिट होने से मुंबई इंडियंस ने ली राहत की सांस



मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली। लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये। इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरुआत की है। यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा। वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी। सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे। उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास का अभ्यास किया। कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए। उन्होंने गेंद को बिल्कुल वैसे ही मारा जैसा वह चाहते थे।

# चोटिल कुलदीप यादव को दो मैचों में आराम की सलाह

मुम्बई, एजेंसी



कमर की चोट के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कुलदीप यादव को एहतियात के तौर पर आराम की सलाह दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह कब मैच खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। कुलदीप चोट के कारण आगामी दो मैचों में नहीं खेल पायेंगे। हालांकि उनकी चोट गंभीर नहीं है इसलिए वह टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और वर्तमान में मुंबई में हैं।

कुलदीप ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल के शुरुआती दो मैच खेले और पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैचों में तीन विकेट लिए हैं। हालांकि विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह अगले दो मैच नहीं खेल पाए। भारतीय चयनकर्ता की कुलदीप की चोट प्रगति पर बारीकी से नजर रहेगी। वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए भारत की टीम में स्पिन स्लॉट में से एक जगह लेने के लिए सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सफल टेस्ट सीरीज के बाद कुलदीप आईपीएल में खेल रहे।



## बॉलीवुड हलचल

# सोनाक्षी सिन्हा ने हीरामंडी के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग में पूरा किया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड−ब्रेकिंग 20 मिनट में पूरा कर दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड−ब्रेकिंग 20 मिनट में यानि पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ−साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल−पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।





# ईद के अवसर पर मास्क टीवी पर रिलीज होगी कोड ब्लू

**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर ईद के अवसर पर 10 अप्रैल को फिल्म कोड ब्लू रिलीज होगी। मास्क टीवी की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया, कोड ब्लू 10 अप्रैल को रिलीज हो जाएगी। कोड ब्लू एक समाजिक कुरीतियों पर आधारित तीन तलाक के ऊपर आधारित फिल्म है जिसमें समाज के अंदर मुस्लिम महिलाओं की एक अलग किस्म की पीड़ा की नई परिभाषा से दर्शक रूबरू होंगे। इस फ़िल्म के माध्यम से महिलाओं के उत्पीड़न और उनके मूलाधिकारों के बारे में जागरूक करने का काम किया गया है। मास्क टीवी ओरिजनल के तहत फ़िल्म कोड ब्लू का निर्माण टैग प्रोडक्शसन ने किया है जिसके निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट हैं। लेखक निर्देशक अलीना खान ने बताया कि फ़िल्म कोड ब्लू के जरिये दर्शकों को हम इस दुनिया में बसी एक अलग दुनिया से साक्षात्कार कराने जा रहे हैं। इसमें हमने ट्रिपल तलाक की विभीषिका को झेलने के बाद उसकी शिकार महिला की मानसिकता को दिखाया है। ट्रिपल तलाक एक जुर्म है, इससे एक झटके में किसी नवविवाहिता या फिर किसी बुजुर्ग महिला की जिंदगी तबाह हो जाती है।

# नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी गायिका नेहा कक्कड़ ने सोनी एंटरटेनमेंट पर प्रसारित हो रहे सिंगिग रियलिटी शो के प्रतियोगी निशांत गुप्ता और देवनश्रिया की तारीफ की है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के सिंगिंग रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर 3 के 'प्यारेलाल जी स्पेशल' में दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल रामप्रसाद शर्मा नजर आयेंगे। सभी प्रतियोगी और कैप्टन संगीत सम्राट प्यारेलाल जी और उनकी पत्नी सुनीला शर्मा की उपस्थिति में प्यारेलाल जी की कुछ कालजयी धुनों पर प्रदर्शन करते हुए अपनी सिंगिंग क्षमता दिखाएंगे, जिसमें क्लासिक फिल्मी गानों से लेकर कदम थिरकाने वाली धुनें शामिल हैं। कैप्टन मोहम्मद दानिश की टीम के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों – निशांत गुप्ता और देवनश्रिया के डुएट गाने 'वो हैं ज़रा खफा खफा' और 'हम तुम दोनों जब मिल जाएंगे' हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। प्यारेलाल शर्मा ने कहा, आप दोनों ने पूरे दिल से यह गाना गाया, इतनी सुंदरता और सटीकता से धुनों और हारमनी को बुना। यह वाकई उल्लेखनीय था और आप में से हर किसी ने सहजता से अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जब आपने गाना शुरू किया तो मैंने देखा कि आप मेरे अलावा हर जगह देख रहे थे। आप घबराहट महसूस कर रहे थे, इसलिए आपने मंच पर अपनी निगाहें टिकाए रखकर गाया। आपके परफॉर्मेंस ने मुझे गहराई से छू लिया और मैं अवाक हूं क्योंकि मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं है कि आप कितने बेहतरीन परफॉर्मर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope

क्लीनिक का पता एस-८०, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

# हाल-बेहाल: जीरा सा चना, काली सरसों देख किसान हैं सन्न

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)


- अब तो खाने के भी लाले पड़ रहे खेती-किसानी में
- अब घाटे का सौदा साबित होने लगी है खेती किसानी


खेत में खड़ी फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ साथ वैज्ञानिक परामर्श के आधार पर भले ही किसानों ने खेती की तकनीक में सुधार किया हो पर प्रकृति के साथ न देने से इसका कोई फायदा नजर नहीं आता। कभी ओलावृष्टि, अतिवृष्टि तो कभी सूखा से अब खेती घाटे का सौदा साबित होने लगी है। किसान सन्न हैं, सरसों काली है, चना सूख गया है और दाने छोटे हैं।

किसानों को आशंका है कि चना बेचने के दौरान छन्ना के नीचे रहेगा और इससे ठीक से दाम भी नहीं मिलेगा। इसी तरह गेहूं का हाल है। जब गेहूं को धूप की जरूरत थी तो नहीं दिखी और जब अंतिम पानी की आवश्यकता थी तो होली के दौरान अत्यधिक गर्मी पड़ने लगी जिससे फसल के गिरने की आशंका के कारण किसानों ने पानी नहीं दिया। अचानक तेज धूप की वजह से गेहूं की फसल सूखने की वजह से जीरा की तरह गेंहू तैयार हुआ है इससे किसान आहत हैं। रामनगर नगर पंचायत के छीबों, पियरिया माफी, रेरूवा, सिकरी, अमवा, सिरावल आदि गांव-मजरों में खेतों में उपज का हाल देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। पियरिया माफी के किसान जगनंदन ओझा ने बताया कि घर की पूरी जमा पूंजी खेतों में झोंक दी लेकिन ऐसा झटका लगा है कि फसलों की कटाई तक की मजदूरी नहीं निकल रही है। छीबों के किसान रामप्रकाश गौतम कहते हैं कि इस बार हालत यह है कि चिंता है कि घर से मजदूरी न देना पड़ जाए। खेत मजदूरों का पैसा बचे, इसलिए कुछ किसान तो घर की महिलाओं बच्चों सहित खुद ही तेज धूप में फसल की कटाई करने को विवश हैं। प्रकृति के प्रकोप और अन्ना मवेशियों के आतंक से किसान हर साल कर्ज के तले दबता जा रहा है और खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। अधिवक्ता आशुतोष शुक्ला का कहना है कि इस बार किसानों को खेती से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। मजदूरी निकालने में ही लाले पड़ गए हैं। सरकार को चाहिए कि किसानों की मदद करे।


जगनंदन ओझा।


नत्थूराम मिश्रा।


रामप्रकाश गौतम।


आशुतोष शुक्ला।

### फसल के दाने छोटे, लगा घाटा

गांवों में चना-गेहूं के दाने बहुत छोटे होने से किसान सन्न हैं। पियरिया माफी के किसान नत्थूराम मिश्रा ने बताया कि जिले में कुछ जगहों पर ओलावृष्टि, अतिवृष्टि से किसानों को नुकसान हुआ है लेकिन रामनगर क्षेत्र में ऐसा अधिक नहीं हुआ। वह कहते हैं कि इसके बाद भी इस बार इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। फसल की हालत और कम पैदावार से वे परेशान हैं। किसानों के अनुसार, इस दौरान लगभग एक माह तक धूप के दर्शन नहीं हो सके थे।

### फसल की पैदावार भी कम

जगनंदन बताते हैं कि इस बार सरसों की उपज एक बीघे में 15 पसेरी से एक क्विंटल तक है जबकि इसके पहले तीन क्विंटल प्रति बीघे से ज्यादा होती थी। चने ने तो सबसे ज्यादा निराश किया है, जो एक बीघे में औसतन 10 किलो भी नहीं पहुंच रहा है। गेहूं की फसल भी सूख गई। बताया कि जिन किसानों ने गेहूं की फसल की बुआई शुरुआत में की, उन्हें ज्यादा नुकसान पहुंचा है।

### हां, हुआ है नुकसान: कृषि अधिकारी

क्षेत्रीय कृषि अधिकारी जेके सिंह भी मानते हैं कि जरूर इस बार रामनगर क्षेत्र में किसानों को ज्यादा नुकसान हुआ है और इसकी वजह प्रकृति है। बताया कि खेती के लिए जितना पानी की आवश्यकता है, धूप भी उतनी ही आवश्यक है। पानी तो किसान अपने संसाधनों से उपलब्ध करा सकते हैं लेकिन अन्य आवश्यकता के लिए तो हमें प्रकृति पर निर्भर होना ही पड़ेगा।

# अपने ही घर में की थी चोरी, पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** अपने ही घर में चोरी का नाटक करने वाले युवक को पुलिस ने दबोच लिया। चौबीस घंटे में घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने इससे जेवरात भी बरामद कर लिए हैं।

चार अप्रैल को मंगल व रामसुहावन पुत्रगण रजपाल निवासी बरद्वारा ने सरधुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी ने दीवार फांदकर उनके घर से सोने और चांदी के जेवर पार कर दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने एसआई राजेश राय को घटना के खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी।

एसआई ने अगले ही दिन विवेचना से प्रकाश में आए कामता प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। कामता, जो रामसुहावन का पुत्र है, को बरद्वारा प्राइमरी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अनुसार, कामता ने स्वीकारा कि उसने ही गहने चोरी किए थे। इससे जेवरात भी बरामद किए गए। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी ललित सोनी शामिल रहे।

# तीसरे दिन भी परेशान रहे तीर्थयात्री व मरीज

## आलोचना का विषय बनती जा रही वाहनों की धरपकड़, सदर विधायक ने फिर लिखा डीएम और एसपी को पत्र

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


वाहन न मिलने से पैदल जाने को मजबूर यात्री। अमृत विचार


बस में चढ़ने की जद्दोजहद करते यात्री। अमृत विचार

- हादसे के बाद हो रही टेंपो-ऑटो की धरपकड़
- मंगलवार को हुए हादसे में हो गई थी सात लोगों की मौत

**अमृत विचार।** हादसे के बाद टेंपो-आटो और अन्य वाहनों की पुलिस द्वारा की जा रही धरपकड़ अब आलोचना का विषय और लोगों की दिक्कत का सबब बनता जा रहा है। लगातार तीसरे दिन भी यात्री परेशान रहे। एक बार फिर सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस पूरे मामले पर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

मंगलवार को हाईवे पर आटो और ट्रक की भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हुई थी। इसमें दो हमीरपुर, तीन कन्नौज और दो स्थानीय लोग थे। हादसे से बाद से पुलिस की कार्रवाई का डंडा टेंपो-टैक्सी, आटो, ई-रिक्शा और डग्गामार जीपों पर जमकर चला। बुधवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चला और कुल 239 वाहनों पर पांच लाख 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। 136 वाहनों को सीज किया गया। गुरुवार को भी लगभग 357 वाहनों का चालान किया गया। 8,50,600 रुपये का जुर्माना किया गया। यह अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। हालांकि इस पूरी कार्रवाई से खुद पुलिस ही सवालों के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि अगर इतनी बड़ी संख्या में वाहन नियमविरुद्ध चल रहे थे तो अब तक क्यों कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की कार्रवाई से सबसे ज्यादा दिक्कत बाहर से आने वाले तीर्थयात्रियों और जानकीकुंड अस्पताल जाने वाले मरीजों और तीमारदारों को हो रही है। सपा विधायक अनिल प्रधान ने डीएम और एसपी को लिखे पत्र में कहा है कि दुर्घटना के बाद से छोटे वाहनों को पुलिस द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि सैकड़ों छोटे वाहनों के सभी कागजात होने के बाद भी इनको लगातार सीज या चालान किया जा रहा है। ये गरीब लोग इन्हीं वाहनों से अपनी आजीविका चलाते हैं। सदर विधायक ने सलाह दी है कि इन छोटे वाहनों पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अर्थदंड लगाकर छोड़ दिया जाए।

**बड़े वाहनों पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई:** सिर्फ छोटे वाहनों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस और अन्य विभागों पर उंगलियां उठने लगीं हैं। लोगों का कहना है कि दुर्घटना में ट्रकचालक भी जिम्मेदार था और ऐसे में इन वाहनों की अधांधुंध आवाजाही पर भी रोक लगनी चाहिए। यहां यह बता देना समीचीन होगा कि रवन्ना को लेकर दुर्घटना में शामिल ट्रक भी सवालों के घेरे में है और इस मामले की भी जांच चल रही है। नो इंट्री खुलने के बाद शहर के अंदर ही इन वाहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश अब तक नहीं लगा है, जबकि कई हादसे हो चुके हैं।

### घटना की आड़ ले रही पुलिस: विधायक

सदर विधायक ने पुलिस की पूरी कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाया है। विधायक का कहना है कि घटना की आड़ में पुलिस इन आटो, टेंपो आदि छोटे वाहनों को निशाना बना रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### ट्रकों पर कार्रवाई क्यों नहीं: अजीत सिंह

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने तंज कसा, अपनों पे करम गैरों पे सितम ऐ जाने वफा ये जुल्म न कर...किसी फिल्म के गाने के यह बोल नगर की ट्रैफ़िक पुलिस पर सटीक बैठते हैं। पहले पुलिस की ही नाक के नीचे ओवरस्पीड, आवश्यकता से अधिक सवारी बैठाकर वाहन गुजरते हैं फिर घटना हो जाने पर चालान, लेकिन उसमें भी ट्रक आज भी ओवर स्पीड गुजर रहे हैं, जबकि नगर में उनकी गति सीमा निर्धारित होनी चाहिए।

### दो दिन बाद है सोमवती अमावस्या

भारी संख्या में आटो, टेंपो सीज किए जाने का असर दो दिन बाद नजर आने की आशंका है। इस बार सोमवती अमावस्या है, जिसमें भारी संख्या में तीर्थयात्री बाहर से आते हैं। सामान्य दिनों में ही इन तीर्थयात्रियों से आटो-टेंपो वाले किराये के नाम पर मनमानी उगाही करते हैं। अब जब बड़ी संख्या में वाहन सीज किए गए हैं तो इनकी दिक्कतें बढ़ सकती हैं।


सपा नेताओं से मिलने पहुंचे चालक।

### सपा नेताओं से लगाई गुहार

चित्रकूट। एक सड़क हादसे ने जहां कई जानें ले लीं वहीं जिले में आटो-टेंपो वालों की रोजीरोटी पर भी बन आई। शुक्रवार को दो दर्जन से अधिक चालक समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे और मदद की गुहार लगाई। इन चालकों ने बताया कि 200 से ज्यादा वाहन सीज कर दिए गए हैं। इनको छुड़ाने के लिए वे कोतवाली-थानों के चक्कर लगा रहे हैं। अभी तक चालान न्यायालय नहीं भेजे गए हैं, जिससे उनके सामने रोजी रोजगार की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने चित्रकूट पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का भी आरोप लगाया। बताया कि परमिट के हिसाब से गाड़ियां चल नहीं पाती हैं और अगर ओवरलोड सवारी भरते हैं तो पुलिस वाले पैसा लेते हैं।

# आग से गरीब महिला की गृहस्थी राख

लालापुर में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट


लालापुर में लगी आग का मंजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रैपुरा थानांतर्गत लालापुर गांव में शुक्रवार अपराह्न एक घर में अचानक आग लग गई। कच्चे घर में लगी आग ने बगल के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। आग ने एक विधवा महिला की गृहस्थी राख के ढेर में बदल दी।

जानकारी के मुताबिक, लालापुर में वाल्मीकि आश्रम के सामने एक घर में आग लग गई। गृहस्वामिनी सोनिया पत्नी स्व. दशरथ यहां अपने दो बच्चों के साथ रहती है। वह प्राइमरी स्कूल लालापुर में रसोइया है। लोगों ने बताया कि शुक्रवार अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे सोनिया के घर से आग की लपटें उठने लगीं। जब तक आग पर काबू पाया जाता, लपटों ने बगल के घर को भी अपनी आगोश में ले लिया। फायर ब्रिगेड और गांववालों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तबतक सोनिया की सारी गृहस्थी आग की भेंट चढ़ चुकी थी। आग से पड़ोसी अवनीश कुमार का भी काफी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका।


बड़ापुरवा में आग से राख हुई फसल। अमृत विचार

### आग से 10 बीघा गेहूं राख

मानिकपुर। ग्राम पंचायत बाराहमाफी बड़ा पुरवा में बंधा के नीचे आग लगने से 10 बीघे का गेहूं राख हो गया। आग से रामखेलावन पुत्र सीताराम आरख का तीन बीघा, सुंदर लाल पुत्र चुनबाद की तीन बीघा और बलराम पुत्र राजाबली कुशवाहा का दो बीघा, भैरव प्रसाद पुत्र रामभवन का एक बीघा और सहसराम पुत्र हीरालाल यादव के एक बीघा गेहूं का नुकसान हुआ। आग लगने की वजह नहीं पता चल सकी।

# 11 किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने गांजा रखने में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इससे 11 किलो 620 ग्राम बरामद किया गया है। शुक्रवार को एसआई राहुल पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली कि गांजा व्यक्ति गांजा लेकर मऊ की ओर जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने खोह रेलवे क्रासिंग के पास से आरोपी आशीष सिंह पुत्र गयाप्रसाद पटेल निवासी लवेद खंडेहा को गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। बरामद गांजे की कीमत लगभग एक लाख 40 हजार रुपये बताई गई है।

### फॉर्म-6 भराने को कहा

चित्रकूट। स्वीप के तहत शुक्रवार को विकास भवन सभागार में स्व वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता सीडीओ अमृत पाल कौर ने की। सीडीओ ने प्रधानाचार्यों से कहा कि जिन छात्र-छात्राओं की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो गई हो और वे मतदाता न बन पाए हों, उनका फॉर्म छह भराकर बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम पंजीकरण करवा दें।

कवायद — तहसील परिसर में सेल्फी प्वाइंट का हुआ उद्घाटन, मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील

# शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को करें मजबूत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



तहसील परिसर में सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन करते एसडीएम। अमृत विचार

- 20 मई को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की अपील

**अमृत विचार।** युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए शुक्रवार को तहसील परिसर में सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, उप जिलाधिकारी न्यायिक फूलचंद्र यादव ने लोगों से 20 मई को होने वाले चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। एसडीएम ने कहा, शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें।

एसडीएम ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया है। प्रथम बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों का उत्साहवर्धन करने के लिए हर मतदाता स्थल पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। कहा कि निर्वाचन आयोग का सेल्फी प्वाइंट बनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि मतदान में बढ़ोत्तरी हो, लोगों में जागरूकता आए। उन्होंने कहा कि चुनाव को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना है। उन्होंने युवाओं से 20 मई को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की अपील की। बताया कि तहसील क्षेत्र के 197 मतदाता केंद्रों में मतदान जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इनमें तहसीलदार रामसुधार राम, नायब तहसीलदार राजीव दुबे और राजस्व निरीक्षकों को लगाया गया है, जो मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इस मौके पर सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, सत्यप्रकाश पांडेय, शशांक मिश्रा, सुनील सिंह, आरके, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### जागरुकता कार्यक्रम

चित्रकूट। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। इसमें दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने संगीत प्रस्तुतियों से मतदान करने का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, कुलपति, कुलसचिव, उप जिलाधिकारी, शंकर लाल गुप्ता, मइयादीन पटेल आदि मौजूद रहे। सीडीओ ने जनपद के मतदाताओं से अपील की कि लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लें।

# 10 आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** पुलिस ने 10 आरोपियों पर गुंडा एक्ट और पांच आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने श्रवण कुमार निवासी पुरानी बाजार, रवि कुमार निवासी शत्रुघ्नपुरी, दिनेश कुशवाहा निवासी यादव का पुरवा सीतापुर, सोनू यादव निवासी छिछरिहा, अन्नू निवासी पुरानी बाजार के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने विनोद तिवारी निवासी गड़ौली, चंदा निवासी अतरौली माफी पर और प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय ने उपदेश, मयंक त्रिपाठी, करन निवासी मऊ पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने विनय, रामबाबू निवासीगण सिगवां मजरा कोटा कंदैला, बड्डू सोनकर निवासी इंद्रानगर, धनंजय निवासी चमरौंहा, बाराती कोल निवासी गोविंदनगर के विरुद्ध कार्रवाई की।

# रोजेदारों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


अलविदा जुमा की नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे की शाही मस्जिद में पवित्र रमजान माह के अलविदा जुमा की नमाज अता कर अमन-चैन की दुआएं मांगी गईं। कड़ी सुरक्षा के बीच पेश इमाम मो. मोईन ने नमाज अता कराई।

शुक्रवार को निर्धारित समयानुसार डेढ़ बजे पवित्र रमजान माह की अंतिम अलविदा जुमा की नमाज अता कराई गई। शाही मस्जिद में कस्बा सहित सोतीपुरवा, मलवारा, सरधुआ, बरुआ, छीबों, बन्ना गड़वारा, रायपुर, चांदी, सुरवल आदि गांवों के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा जुमा की नमाज परंपरागत ढंग से अता की। पवित्र माह रमजान के आखरी जुमे में तकरीर पढ़ी गई और रोजेदारों को बताया गया कि उनको तीन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह और उपनिरीक्षक इमरान ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के गले मिलकर मुबारकबाद दी। एसडीएम ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारा का संदेश देते हैं। इस मौके पर शाबिर अली, मेराजुल हक, मो. सफीक, मो. शमीम, रईस अहमद, अतहर नईम, मो. वसीम, मदार कुरैशी, मो. अली, मो. रफीक, मो. शकील, मो. हारुन, महबूब, आबिद अली, साबिद अली, लाली खां, इद्दू बख्श, मेराज अहमद, मुनव्वर अली, बाबूजी, इस्लाम नईम, जाहिद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# कड़ी सुरक्षा में हुई मस्जिदों में अलविदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, बांदा


जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अलविदा की नमाज के साथ ही रमजान माह अब रुखसत होने को है। इसकी आहट शुक्रवार को सुनाई दी। जुमा अलविदा पर शहर की सभी मस्जिदों में नमाज अता करने के लिए बड़ी संख्या में रोजेदार पहुंचे। अकीदतमंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। रोजदारों ने देश की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी।

माहे रमजान का पाक महीना अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। शुक्रवार को शहर की विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गई। इसके लिए सुबह से तैयारियां शुरू हो गईं थीं। मस्जिदों की विशेष साफ सफाई की गई। चूने आदि का छिड़काव किया गया। ऐसा माना जाता है कि रमजान के आखिरी जुमे की नमाज को अता करने से दुआएं कबूल होती है। खुदा रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है। इससे सभी में प्यार व भाईचारा बढ़ता है। इसीलिए जुमे की नमाज में हर कोई शामिल होना चाहता है। शहर की जामा मस्जिद, खुटला मस्जिद, सरवर साहब मस्जिद, बोड़े मस्जिद, नूरानी मस्जिद, ऊंट मोहाल मस्जिद, छावनी मस्जिद, मदीना मस्जिद, पीरे की मस्जिद समेत शहर की अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। जुमा अलविदा पर नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में रोजेदार पहुंचे। शासन के आदेश पर अकीदतमंदों ने सड़कों की बजाए मस्जिदों में नमाज अदा की। रोजदारों ने देश की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके साथ ही रमजान में जो भी मुस्लिमों से खता हुई है, उसकी माफी के लिए दुआ की गई है। अलविदा की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

अलविदा की नमाज व ईद की सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल जवान तैनात रहे। मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस व एलआईयू की टीमें मस्जिदों के बाहर निगरानी कर रही हैं। साथ ही बाजार व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई गई। शहर में पोस्टर पार्टी व चेकिंग टीम को सक्रिय रखा गया है। ताकि किसी तरह के भ्रामक पोस्टर चस्पा करके माहौल न बिगाड़ा जा सके।

**चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा भारी सुरक्षा बल:** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रही। जनपद की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम रहे। कोतवाली, थाना, चैकी पुलिस के अलावा एसएसबी जवानों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल को भी मस्जिदों के बाहर तैनात किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा जुमे की नमाज मस्जिदों में अदा की गई। इस दौरान एसएसबी जवानों के साथ पुलिस कर्मियों ने पैदल मार्च भी किया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न होने पर सांप्रदायिक सौहार्द की जमकर सराहना की। साथ ही ईद को शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना से मनाने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

- अकीदतमंदों ने मांगी देश की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ, पुलिस रही तैनात

# विधायक ने आधा दर्जन गांवों और मोहल्लों में जाकर सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा


शहर में लाभार्थियों से संपर्क करते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव सन्निकट देख सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर जिले में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत भाजपा के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता गांव-गांव, मोहल्लों-मोहल्लों जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों से संपर्क कर रहे हैं और उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं।

शुक्रवार को हमेशा जनसरोकार को सर्वोपरि रखते हुए अपने निजी आवास में नियमित जनता दरबार लगाने वाले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी लाभार्थी जनसंपर्क अभियान में निकले और ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही शहर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। सदर विधायक श्री द्विवेदी ने महुआ मंडल के शिवहद, डोंगरी, अर्जुनाह, सरस्वाह, गढ़ीचांदपुर आदि के मजरों-पुरवों समेत शहर के मढ़ियानाका का भ्रमण किया। विधायक ने लोगों के बीच मोदी-योगी सरकारों द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक ने लोगों के बीच अबकी बार 400 पार-फिर एक बार मोदी सरकार का नारा बुलंद किया। कहा कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनी तो भारत को विकास की नई ऊंचाईयां छूने से कोई भी ताकत रोक नहीं सकती है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह शैलू, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, भाजपा नेत्री जागृति वर्मा, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष बेटा लाल श्रीवास, अमरमणि तिवारी, मुन्नीलाल चौरसिया, सुधीर मिश्रा, ऋषि अवस्थी, संग्राम सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गर्मी से बढ़ने लगे डायरिया के मरीज

**बांदा।** गर्मी के बढ़ने से डायरिया और बुखार के मरीज बढने लगे हैं। शुक्रवार को डायरिया से पीड़ित 15 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मरीजो की संख्या बढ़ने से ट्रामा सेंटर में बेड फुल नजर आ रहे है। एक एक बेड के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। अप्रैल शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गर्मी से डायरिया-बुखार के मरीजों की संख्या बढने लगी है। डायरिया बुखार से पीड़ित शहर के दीप शिखा कालोनी निवासी नम्रता, नेवादा निवासी अरबिंद, बेलगांव निवासी उदयभान, करवला निवासी सानबी, छिरका निवासी कृष्णा, चमरौड़ी निवासी दरक्शा, गुरेह गांव निवासी सुनैना, तरहटी निवासी सुनिधी, बक्छा गांव निवासी सगुनिया, बंगालीपुरा निवासी प्रभा, शहर के परशुराम तालाब निवासी मिथुन, किलेदार पुरवा निवासी रश्मी, गोयरा मुगली निवासी माजदा, कटरा निवासी राधा, निम्नीपार निवासी पप्पू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीमारदारों का कहना है कि एक एक बेड के लिए कई कई घंटे इंतजार करना पड़ता है।

### आज और कल बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बांदा।** विद्युत विभाग के उप खंड अधिकारी ने बताया कि 6 व 7 अप्रैल को 33केवी मटौंध विद्युत उपकेंद्र में पुराने क्षतिग्रस्त ब्रेकर, 6 नग नए ब्रेकर बदले जाएंगे। इस वजह से 11 केवी मटौंध टाउन एरिया, खैराडा, 11 केवी बसहरी फीडर से संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति समय सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व ब्रिकी करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को थाना पैलानी द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अमलोर गांव निवासी केदार निषाद पुत्र राम सिंहको 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अर्पित पांडेय, कांस्टेबिल विजय सिंह व अंकित यादव शामिल रहे।

# यहां चिकित्सक नहीं वार्ड ब्वाय बांधता है प्लास्टर

## जिला अस्पताल में व्यवस्था हो रही बेपटरी, जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान

कार्यालय संवाददाता,बांदा


जिला अस्पताल में चिकित्सक कक्ष के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल की व्यवस्था दिन ब दिन बे पटरी होती जा रही है। डॉक्टर प्राइवेट युवको को अपने कक्ष मे बैठाकर बाहर की दवाएं लिखवाते है। इतना ही नही विना डॉक्टर की देखरेख में बार्ड व्याय ही मरीजो को प्लास्टर बांध कर चलता कर देता है। ऐसे मे मरीजों की जिदंगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सब कुछ देखने के बाद भी जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही देते है।

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। डॉक्टरों से लेकर कर्मचारी तक मनमानी कर रहे है। हर डॉक्टर के चेंबर में एक युवक पूरे समय बैठकर चिकित्सक को अपनी कंपनी की दवाएं लिखवाते हैं। हड्डी रोग विभाग में पांच डॉक्टरों की तैनाती है। तीन डॉक्टर तो ऐसे है जो सप्ताह में सिर्फ दो दिन ड्यूटी करते है। बाकी दिनों घर में बैठकर सराकी वेतन लेकर अपनी निजी क्लीनिक चलाते हैं।

हाथ पैर टूटे मरीजों को डॉक्टर देख कर एक्सरे तो बाहर से करवा लेते हैं, वे मरीजों के प्लास्टर बांधने भी नहीं पहुंचते। विभाग में तैनात वार्ड ब्वाय को प्लास्टर बांधने के लिए कह दिया जाता है। उल्टा सीधा प्लास्टर बांध कर मरीजो की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस सबंध में सीएमएस डा. आरके गुप्ता का कहना है कि डॉक्टर की निगरानी में मरीज का प्लास्टर बांधना चाहिए। वसूली के मामले मे किसी मरीज के तीमारदार ने शिकायत नहीं की है। फिर भी वह इसकी जांच करवाएगे।

- बाहरी युवक डॉक्टरों से अपनी कंपनी की लिखवाते हैं दवा

### प्लास्टर कक्ष में जमकर होती है वसूली

प्लास्टर बांधने के नाम पर जमकर वसूली की जाती है। प्लास्टर मे लगने वाले यूजर चार्जेज फिक्स नहीं हैं। किसी मरीज को 267 की रसीद कटवाने को लिखते है तो किसी से चार सौ की। सरकारी रसीद दो चार ही कटवाई जाती है। बाकी लोगों से रसीद कटवाने के नाम पर वसूली कर ली जाती है।

### कर्मियों की मनमानी से मरीज परेशान

जिला अस्पताल में पर्चा कर्मियों की मनमानी से मरीजों को इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। बताया जाता है कि कुछ डॉक्टर पर्चा कर्मियों से साठगांठ किए हैं। चाहे मरीज बुखार, खुजली, एलर्जी या अन्य किसी बीमारी से परेशान हो उस मरीज को पर्चा कर्मी विशेषज्ञ डॉक्टर के पास न भेज कर अपने चहेते डॉक्टर के पास भेजते है। कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं जो मरीजो के न भेजने पर पर्चा कर्मियों को नौकरी से निकलवाने की धमकी भी देते हैं।

### रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भी लापरवाही

पैथालॉजी विभाग के रजिस्ट्रेशन काउटंर में मनमानी तरीके से जांचों का रजिस्ट्रेशन किया जा है। डॉक्टर मरीज के पर्चे में पांच जांचें लिखते है। इनमें से चार जांचें होती है। मरीज पर्चा लेकर डॉक्टर के पास पहुंचता है, तो पता चलता है कि जिस जांच की जरूरत थी, वह हुई ही नहीं। तीमारदार जब दोबारा काउंटर पर जाता है तो उसे जवाब मिलता है कि दोबारा सैपल दे जाओ।

## सार-संक्षेप

### कार और ऑटो की भिड़ंत में दो की मौत , आठ घायल

**बांदा।** गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार और ऑटो में आमने सामने हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई तथा आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के नौगवां गांव निवासी राकेश (40), पत्नी ज्ञान देवी (35), पुत्र मानीव उर्फ नीशू (9), शुभि (6), पिता फदाली (58) के साथ प्रयागराज से अस्थियां विसर्जित कर कार से गुरुवार की देर रात घर लौट रहे थे। कार को छतरपुर के बिजौरी गांव का चालक अमित (25) चला रहा था। गिरवां थाना क्षेत्र के महुआ गांव के पास कार और ऑटो में आमने सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहन अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शहर से खुरहंड गांव सवारियों को लेकर जा रही ऑटो में चार लोग सवार थे। हादसे में ऑटो सवार जमरेही गांव निवासी नत्थू (60) व महिला केसरी (50) पत्नी रामलाल की मौत हो गई। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ अतर्रा गवेंद्र पाल गौतम ने बताया कि गिरवां थाना क्षेत्र में आमने सामने हुई भिड़ंत में दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसों में मजदूर समेत दो की मौत

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी अवधेश (25) पुत्र गनेशा गुरुवार की रात फसल काटने के बाद घर पहुंचा और सब्जी लेने दुकान जा रहा था। तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणो ने शव देखा तो घरवालों को जानकारी दी। मृतक के पिता ने बताया कि अवधेश मजदूरी करता था। उधर, चित्रकूट जिले के बगलई गांव निवासी शिवगोपाल (42) पुत्र शिवलाल गुरूवार की रात बदौसा से काम निपटाने के बाद पड़ोसी नत्थू (40) पुत्र रामप्रसाद के साथ बाइक मे बैठकर गांव जा रहे थे। तभी दतौरा मोड़ के पास सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार से पहले ही शिवगोपाल ने दम तोड़ दिया। मृतक के भतीजे छोटेलाल ने कि शिवगोपाल मजदूरी करता था।

### 14 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बांदा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग ने शराब का अवैध कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आबकारी विभाग ने चिल्ला कस्बे में छापामार कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार करते हुए 14 लीटर शराब बरामद की। साथ ही बरामद लहन को नष्ट कराया गया। चित्रकूटधाम आबकारी आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन-एक ने भारी बल के साथ चिल्ला कस्बे में दबिश देकर 14 लीटर अबैध कच्ची शराब के साथ 80 कुंतल लहन के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही क्षेत्र के देशी, विदेशी एवं वियर की दुकानों का निरीक्षण भी किया गया। दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे, तनुकरण एवं अप मिश्रण की भी जांच की गई।

### दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी 25 वर्षीय प्रदीप ने गुरुवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव निवासी 26 वर्षीय सकील ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### लक्ष्मीबाई विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर आज से

**बांदा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि तीन दिवसीय संस्कार प्रशिक्षण शनिवार से शुरू होगा। 9 अप्रैल को समापन होगा। बताया कि जमालपुर गांव स्थित महारानी लक्ष्मीबाई आवासीय विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को तीन बजे सभी प्रशिक्षणार्थी बच्चों का प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर के लिए पंजीयन होगा।

### होली मिलन समारोह कल

**बांदा।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जिलाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे कृष्णपाल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बाईपास के नजदीक स्थित उर्मिला वाटिका विश्वकर्मा भवन में होली मिलन समारोह आयोजित होगा। समारोह में समाजसेवी शिवलाल विश्वकर्मा व वृक्षराज शर्मा उपस्थित रहेंगे।

# अफसरों ने केन नदी की सफाई की

कार्यालय संवाददाता,बांदा


केन नदी की सफाई करते भूमि संरक्षण कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी।

**अमृत विचारः** ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी (लखनऊ) अध्यक्ष व प्रशासक डा.हीरालाल (आईएएस) द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक व पॉलीथिन मुक्त अभियान से प्रेरित होकर चित्रकूटधाम भूमि संरक्षण उप निदेशक कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर केन नदी की सफाई की। ग्रामीणों को नदियों का महत्व बताते हुए स्वच्छ पर जोर दिया।

चित्रकूटधाम भूमि संरक्षण उप निदेशक कार्यालय में तैनात भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार की अगुवाई में शुक्रवार को कर्मचारियों ने केन नदी पहुंचकर घाटों और नदी के जल की सफाई की। नदी के किनारे पड़ी प्लास्टिक की बोतलों और पालीथिन को बाहर निकाला। अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीणों को नदियों का महत्व बताते हुए स्वच्छ बनाए रखने पर जोर दिया। कहा कि प्लास्टिक मानव जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। लोगों को इसके इस्तेमाल से परहेज की सलाह दी गई। सफाई अभियान में अमर सिंह कुरील, संतोष कुमार, हरिकृष्ण सोनकर, अमित दीक्षित, दिनेश कुमार, कमलेश भारती, केदारनाथ पाठक, शिवलाल पाल, युगल किशोर रहे।

- ग्रामीणों को बताया नदियों का महत्व

# समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है निषाद राज का जीवन

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने महर्षि कश्यप व निषाद राज की जयंती धूमधाम से मनाते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी। गोष्ठी में महर्षि के साथ निषादराज के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

बिजलीखेड़ा स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को महर्षि कश्यप व निषाद राज की जयंती मनाई गई। सपाइयों ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि महराज गुहराज श्रीराम के प्रिय थे। वनवास काल के दौरान महाराज ने उनकी मदद की थी। कहा कि निषाद राज का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। सभी को उनके जीवन काल से प्रेरणा लेकर गरीब, कमजोर को आगे बढ़ाने काम करें। आरोप लगाया कि सरकारों की उपेक्षा से समाज के लोगों का तिरस्कार हो रहा है। महर्षि कश्यप व निषादराज की विचारधारा पर चलकर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पूरे जीवन काल में दलितों, पिछड़ों, शोषित, गरीबों के लिए संघर्ष किया। अब उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर सपा मुखिया अखिलेश यादव दलितों और पिछड़ों की लड़ाई को सदन से सड़क तक संघर्ष करने का काम कर रहे हैं। पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने भाजपा को दलित विरोधी करार दिया। लखन निषाद, प्रमोद निषाद, शिवक निषाद, इंद्रजीत यादव, लालमन रहे।

- गोष्ठी में महर्षि व निषादराज के जीवन चरित्र पर हुई चर्चा

## धर्म-अध्यात्म

**24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ से राष्ट्र जागरण की अलख जगाई, संस्कार महायज्ञ के साथ हुई पूर्णाहुति**

# आत्मा ही सत्य सनातन, देह है इसका दिव्य धाम

संवाददाता, तिंदवारी बांदा


गायत्री महायज्ञ में युग संगीत प्रस्तुत करते साधक। अमृत विचार


महायज्ञ में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गायत्री उपासना वर्ष के अंतर्गत राष्ट्र को समर्थ, सशक्त और समृद्धशाली बनाने के लिए महान आध्यात्मिक प्रयोग के तहत कस्बा के पपरेंदा रोड में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में राष्ट्र जागरण की अलख जगाई गई। कस्बे के लोगों में गायत्री महायज्ञ आकर्षण का केंद्र रहा।

भव्य कलश यात्रा से शुरू हुए 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत संगीतमय प्रवचन, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ कार्यकर्ता गोष्ठी, युग संगीत, संस्कार महायज्ञ तथा पूर्णाहुति आदि विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। बड़ी संख्या में साधकों एवं उपासकों ने भागीदारी करते हुए धर्म के प्रति लोगों को जागरूक किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज (हरिद्वार) के मार्गदर्शन में लोगों के पारिवारिक सुख समृद्धि अभिवर्धन एवं मानव के सभी दुखों के निवारण के लिए आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ से कस्बा गुंजायमान रहा। मुख्य वक्ता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि आत्मा ही सत्य सनातन है। देह इसका दिव्य धाम है। इस आत्मदेव के मंदिर को सदा स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना चाहिए। तभी इसमें चैतन्य की चेतना प्रकाशित एवं प्रतिष्ठित हो सकेगी। शरीर का यही वास्तविक श्रंगार एवं सौंदर्य है। जीवन का उद्देश्य भी यही है कि शरीर भगवान का एक दिव्य यंत्र बने। इस मौके पर लाल सिंह, आरएसएस जिला प्रचारक अनुराग, जगन्नाथ पाठक, गया प्रसाद सिंह, ओमप्रकाश मिश्रा, नगर पंचायत चेयरमैन सुधा साहू व प्रतिनिधि रमेश चंद्र साहू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, किसान मोर्चा जिला मंत्री सत्येंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, सहकारी समिति अध्यक्ष धनराज सिंह पटेल, अमन गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश सिंह, विजयपाल सिंह, राममूर्ति सिंह, कौशल किशोर, रामआसरे रहे।

- भव्य कलश यात्रा के साथ पपरेंदा में हुई थी यज्ञ की शुरुआत

# भाकियू जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता,बांदा


जिलाध्यक्ष अवधेश पटेल का स्वागत करते किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन की बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ किसानों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने किसान हित में ईमानदारी से काम करने व किसानों के सम्मान व स्वाभिमान के लिए हर स्तर पर संघर्ष का वचन दिया। बैठक के दौरान मंडी सचिव पर किसानों को लूटने का आरोप लगाया।

भारतीय किसान यूनियन की शुक्रवार को हुई बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति तिंदवारी रोड में किसानों के साथ हो रही लूट व मंडी सचिव के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का विरोध किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अवधेश पटेल का संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और किसानों ने स्वागत किया। भाकियू (भानु) गुट छोड़कर आए मनरूप सिंह परिहार व दिनेश सिंह का भी स्वागत किया गया। मनरूप सिंह परिहार को प्रदेश सचिव बनाने की संस्तुति दी गई। विष्णु द्विवेदी को बुंदेलखंड कानपुर जोन का सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने किसान हित में ईमानदारी से काम करने व किसानों के सम्मान व स्वाभिमान के लिए हर स्तर पर संघर्ष का भरोसा दिलाया। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों से सहयोग मांगा। बैठक में बैजनाथ अवस्थी, कमलनयन सिंह पटेल, रोहिणी गुप्ता, दिलीप कुमार द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह पटेल, शिवमूरत यादव, सत्यनारायण, जयराम तिवारी, मनोज कुमार यादव, ज्ञानी प्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




सुन्नी

इफ्तार (शनिवार) 06:36 बजे | सहरी (रविवार) 04:28 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### जामा मस्जिद में नमाज के बाद मांगी दुआ

**कुलपहाड़।** नगर की जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। इस दौरान जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज हसन साहब ने नमाज अदा कराई और सैकड़ों नमाजियों ने हाथ उठाकर देश में अमन चैन और भाईचारा की सलामती की दुआ मांगी। रमजान के आखिरी शुक्रवार (जुमा) को अलविदा जुमा कहा जाता है। सैकड़ों नमाजियों ने नगर की जामा मस्जिद में नमाज पढ़ी। नमाज ज़ामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज हसन साहब ने दोपहर डेढ़ बजे अता कराई। एक साथ मुसलमानों ने हाथ उठाकर देश की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। इसी तरह तरह नजर बाग की मस्जिद में हाफिज हमीद साहब ने एक बजे बजे नमाज अता कराई। इस नमाज दौरान कोतवाली प्रभारी भास्कर मिश्रा द्वारा गठित टीम के एस आई एमपी सिंह सहित पुलिस सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली और अलविदा जुमा की नमाज सकुशल सम्पन्न कराई गई।





नमाज पढ़ते नमाजी व मस्जिद से बाहर निकलते लोग। अमृत विचार

# माह- ए- रमजान के अलविदा जुमा की नमाज पाकीजगी के साथ हुई

## सुबह से चहल-पहल, नमाजियों ने मुल्क की तरक्की और अमन-चैन की मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान के आखिरी जुमा में नमाजियों की मस्जिदों में भारी भीड़ जुटी। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए लोग सुबह से ही पाकीजगी के साथ मस्जिदों में दाखिल हुए और मुकर्रर वक्त पर अलविदा जुमा की नमाज अदा की। जुमे की नमाज को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह से ही खासी चहल-पहल दिखाई दी। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के बाद सभी नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारा की दुआएं मांगी।

अलविदा जुमा की नमाज शहर की करीब दो दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में अदा की गई। अलविदा जुमे को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ जुटने के कारण मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने मस्जिदों की छतों पर टेंट लगाकर नमाज पढ़ने का इंतजाम किया। अलविदा जुमे के चलते शहर की बड़ी से बड़ी मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी रही। मस्जिद के अंदर, छतों पर नमाजियों ने नमाज पढ़ी और इसके बाद खुदवा और फिर दुआ का सिलसिला शुरु हुआ और दुआ में आमीन-आमीन की सदाएं गूंजती रहीं।

अलविदा जुमे पर मौलाना हसन साहब ने खिताब करते हुए कहा कि यह जुमा अब मुबारक माह रमजान का आखरी जुमा है। वह लोग खुशनसीब हैं, जिन्हें अलविदा जुमा की नमाज पढ़ने का मौका मिला और आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि इंसान को ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने कामकाज के साथ इबादत और तिलावत में गुजारना चाहिए। इस माह में गीबत करने पर सख्त मनाही है। उन्होंने कहा कि मुबारक माह में अल्लाह ताला बेशुमार नेमतें देता है और बरकतों से घरों को भर देता है, यही वजह है कि रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा खर्च होने के बाद भी उसे कोई कमी का एहसास नहीं होता है। यह महीना बरकत और रहमत वाला महीना है इसी माह में आखिरी सप्ताह में गिड़गिड़ा कर अल्लाह ताला से दुआ मांगने वाले बंदों के गुनाहों को माफ कर मगफिरत फरमाता है।

# मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम, रूट मार्च भी किया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने माह-ए-रमजान में जमात-उल-विदा की नमाज के दृष्टिगत पुलिस फोर्स की व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अलविदा की नमाज के दौरान शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत मस्जिदों के आसपास भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही क्विक रिस्पांस टीम क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहीं। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण स्थानों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात करते हुये व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया। जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी के परिणाम स्वरुप जनपद में अमन चैन के साथ अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुए पर्व मनाये जाने की अपील की गयी। साथ ही जनपद में अमन चैन बना रहे, इसके लिये किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधि होने पर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दिये जाने की भी अपील की गयी। जिससे जनपद का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जा सके।



मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करतीं एसपी अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

- एसपी ने लिया जायजा धर्मगुरुओं से त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने की अपील

इसी तरह जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। जिससे नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस फोर्स के साथ मस्जिदों के आसपास भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# अब जिला अस्पताल में होंगे आंखों के ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अब जनपद वासियों को आंख का ऑपरेशन कराने के लिए झांसी, चित्रकूट, छतरपुर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही ऑपरेशन में खर्च होने वाला पैसा भी बचेगा। कारण, जिला अस्पताल महोबा में नेत्र सर्जन डॉ. डीके राय की नियुक्ति कर दी गई है, जिसके चलते अब अन्य जिलों की तरह जिला अस्पताल महोबा में भी मरीजों को आंख के ऑपरेशन की सुविधाएं मिल सकेगी। मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों को अब दूसरे जिलों में लगने वाले नेत्र कैंपों में भी जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल महोबा में नेत्र विशेषज्ञ तैनात थे,

- नेत्र सर्जन की नियुक्ति हुई अब दूसरे जिलों में जाकर नहीं कराना होगा ऑपरेशन

लेकिन सर्जन न होने से ऑपरेशन के मरीज ही बाहर जाते थे। अब नेत्र सर्जन की नियुक्ति हो जाने के बाद ऑपरेशन कराने के लिए भी अब मरीजों को दूसरे जिलों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, बल्कि जिला अस्पताल में ही नेत्र सर्जन द्वारा ऑपरेशन किए जाएंगे। जिला अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की भी सुविधा पहले से बनी हुई है। नेत्र सर्जन डॉ. राय ने बताया कि वह झांसी जिले में भी नेत्र सर्जन पद पर रह चुके हैं। इसके अलावा कई जिलों रहकर सैकड़ों मरीजों के ऑपरेशन किए हैं।

## मजदूर का पैर मशीन में फंसा, जख्मी

**महोबा।** क्रशर प्लांट में काम करते समय एक मजदूर का पैर मशीन में फंस गया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। प्लांट पर काम रहे मजदूरों द्वारा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

ग्राम महेवा निवासी जसवंत सिंह (40) पत्थर मंडी कबरई के क्षेत्र नई मंडी में स्थित एक क्रशर पर कार्य कर रहा था, तभी अचानक मशीन में उसका पैर आ गया, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। मशीन में मजदूर को फंसा देख अन्य मजदूरों ने मशीन को बंद कर उसे बाहर निकाला और वाहन की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन ज्यादा खून बह जाने से उसकी हालत गंभीर हो गई।

# सरकारी केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद अब प्रारम्भ हो गई है। शुक्रवार को किसान ट्रैक्टर और बैलगाड़ियों से गेहूं लेकर क्रय केंद्र पर पहुंचे, जहां पर किसानों का गेहूं खरीदा गया। कुछ क्रय केंद्रों पर दो दिन पूर्व ही खरीददारी की गई। क्रय केंद्रों पर पानी, छाया की व्यवस्था देखकर किसान भी खुश नजर आए। एक माह पहले खोले गए क्रय केंद्रों में अब खरीद शुरू हुई, जिससे क्रय केंद्रों पर खासी चहल पहल दिखाई देने लगी है।

कस्बा जैतपुर में तीन क्रय केंद्र पीसीएफ, सहकारी संघ और सहकारी समिति का बनाया गया है। पीसीएफ क्रय केंद्र पर 3 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गई, जहां पर 189 क्विटल गेहूं की खरीद की गई। केंद्र प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया



क्रय केंद्र पर रखा गेहूं। अमृत विचार

- किसानों के लिए छाया-पानी की बेहतर व्यवस्था की गई

कि एक माह गुजरन जाने के बाद अब खरीददारी शुरू हुई है, लेकिन अभी भी खरीददारी तेज गति से नहीं हो रही है। इसी तरह सहकारी समिति में खरीददारी शुरू हो गई है, जिससे अभी तक इस क्रय पर 60 क्विटल गेहूं की खरीद हुई है। केंद्र प्रभारी मथुरा प्रसाद का कहना है कि मामूली किसानों ने ही समय पर खेतों पर बुवाई की थी, अधिकांश किसानों ने विलंब से बुवाई की, जिससे कम संख्या में किसान माल लेकर गेहूं क्रय केंद्रों पर आ रहे है। अभी भी कुछ खेतों पर फसल की कटाई चल रही है।सहकारी संघ क्रय केंद्र में तीन अप्रैल से खरीदारी प्रारम्भ हुई।

# फांसी पर लटका हुआ मिला मजदूर का शव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर दिल्ली से आए एक मजदूर का शव पेड़ पर लटका मिला। जीआरपी की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद तलाशी ली। आधारकार्ड व अन्य कागजातों में घर का पता होने पर परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव को फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए जांच पड़ताल किए जाने की मांग की है।

जिले की सरहद से सटे मध्यप्रदेश के जनपद छतपुर के कस्बा लवकुश निवासी पप्पू अहिरवार (47) पुत्र राजू अहिरवार दिल्ली में मजदूरी

- हत्या का आरोप, पुलिस जांच करने में जुटी

करता था। शुक्रवार की तड़के वह दिल्ली से महोबा आया। रेलवे स्टेशन के बाहर एक पेड़ पर उसका शव लटका देखकर आसपास के लोगों ने जीआरपी महोबा को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने कोतवाली महोबा पुलिस को सूचना कर घटना के बावत अवगत कराया। कोतवाली पुलिस न मौके पर पहुंचकर शव का नीचे उतारने के बाद तलाशी ली। तलाशी दौरान उसके पास से मिले आधारकार्ड में नाम पता पाया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मृतक के परिजनों ने अधेड़ की हत्या का शव लटकाए जाने का आरोप लगाया।

# एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर नगर में चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान शुरू है। संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर नियंत्रण पाने के लिए प्रतिदिन शहर के वार्डों में साफ सफाई कराकर एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। इसके लिए सफाई कर्मचारियों की कई टीमों को लगाया गया है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर में एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरूआत की



वार्ड में की जा रही फॉगिंग। अमृत विचार

गई थी, जो नियमित अभी चल रहा है। इस अभियान के तहत दिमागी बुखार पर नियंत्रण पाने के लिए नाले नालियों और गंदगी वाले स्थानों पर एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है, जिससे लोगों को मच्छरों के प्रकोप और गंदगी के चलते होने वाली बीमारियों से निजात मिल सके। अभियान शुरू होने से पूर्व स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों, अधिशासी अधिकारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक और सफाई नायको की बैठक आहुत कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए थे।

# खतौनी न निकलने से क्रय केंद्र पर नहीं भेज पा रहे गेहूं

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा

**अमृत विचार।** किसानों का गेहूं खरीद केंद्र पर खरीदने के लिए व्यवस्थाएं की गई है। ताकि उचित रेट मिल सके, लेकिन कुलपहाड़ के किसान अपना गेहूं सरकारी खरीद केंद्र पर नहीं बेच पा रहे हैं। कारण, कुलपहाड़ मौजे की चकबंदी के बाद धारा 52 का प्रकाशन नहीं हो सका है किसान परेशान है और प्रशासन तवज्जो नहीं दे रहा है जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। बुंदेलखंड किसान यूनियन ने इस मामले पर सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है

किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में कुलपहाड़ के किसान परेशान हैं और अपना गेहूं कम दामों में खुली मंडी में बेचने को मजबूर है जहां पर कम दाम पर किसानों का गेहूं खरीदा जा रहा है। वैसे तो कुलपहाड़ में तीन गेहूं खरीद केंद्र है लेकिन किसी में भी कुलपहाड़ के किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है क्योंकि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नही हो पा रहा है। कुलपहाड़ के किसानों को पिछले 6 माह से खतौनी फीड और धारा 52 के प्रकाशन का लॉलीपॉप दिया जा रहा है।

# भक्तों के काम नहीं आ रहा टीनशेड

संवाददाता खन्ना महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा खन्ना के रामजानकी मंदिर के पास जिला पंचायत द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बड़े भूभाग में एंगिल लगाकर टीनशेड तो दो साल पहले डलवा दिया गया, लेकिन आज तक टीनशेड के नीचे पक्का फर्श तैयार नहीं कराया गया। टीनशेड के नीचे सफाई और फर्श न होने से आज तक कोई भी धार्मिक कार्यक्रम नहीं हो पा रहे है। गंदगी होने से भक्तों में गुस्सा भी है।

गौरतलब है कि दो साल पहले जिला पंचायत ने रामजानकी मंदिर के समीप भजन कीर्तन, भंडारा व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन



टीनशेड के नीचे फैली गंदगी। अमृत विचार

के लिए टीनशेड डलवाकर छाया की व्यवस्था तो करा दी, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी आज तक टीनशेड के नीचे न तो जिला पंचायत ने पक्का चबूतरा बनवाया और न ही फर्श को तैयार कराया गया। जिससे बारिश में पानी भर जाने से टीनशेड का कस्बावासियों को कोई लाभ नही मिल पा रहा है, इससे लोगों में असंतोष व्याप्त है।

प्राचीन रामजानकी मंदिर के पास ग्रामीणों द्वारा कूड़ा करकट डाले जाने के कारण भक्तों में मंदिर आने जाने में असुविधा होती थी।

कोशिश रंग लाई | पांच सदस्यीय टीम गठित कर नदी-नालों का किया जाएगा निरीक्षण, सिल्ट सफाई होगी

# अब बारिश में भरेगा ऐतिहासिक बेला सागर

संवाददाता, बेलाताल- महोबा

**अमृत विचार।** जनपद के ऐतिहासिक बेला सागर को बारिश के मौसम में पूरी तरह भंडारण क्षमता के अनुरूप भरे जाने का प्रयास तेज हो गए हैं। कस्बा के सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रपाल रिछारिया की मेहनत उनका प्रयास अब रंग ला रहा है। उनके सुझाव पर पांच सदस्यीय टीम का गठन कर बेलासागर तालाब के भरने में सहायक सभी नदी नालों का निरीक्षण कर उनकी सिल्ट सफाई का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा, जिससे तेज गति से बेला सागर में पानी आ सके।

एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद ने बताया की बेलाताल के ऐतिहासिक बेला सागर तालाब से दर्जन भर से अधिक गांव के लिए किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है साथ ही कस्बा बेलाताल



ऐतिहासिक बेला सागर। अमृत विचार

सहित दर्जनों गांव के लिए पेयजल आपूर्ति भी इसी बेला सागर तालाब पर निर्भर है। 745 पर हेक्टेयर में फैले विशाल बेलासागर तालाब का अधिकांश भूभाग पर लोगों ने कब्जा कर रखा है तथा उसमें खेती कर रहे हैं। बेला सागर तालाब लंबे अरसे से पूरी तरह बरसात के पानी से भर नहीं पा रहा है, जिसको लेकर के प्रशासन चिंतत है। तालाब में कब्जा कर रहे लोगों को विभाग द्वारा नोटिस भी भेजे जाएंगे सामाजिक कार्यकर्ता की पहल पर जिलाधिकारी के निर्देश पर बेला सागर तालाब को भरने के लिए सहायक नदी नालों की सफाई कराई जाएगी।

डीएम के आदेश पर राजस्व की एक टीम गठित कर मौके पर जाकर के जो भी नदी नालों का पानी आता है, उनका निरीक्षण कर आख्या शासन को देंगे जिस पर मनरेगा के तहत सिल्ट सफाई कराकर बेला सागर तालाब को पूरी क्षमता के साथ बरसात के मौसम में भरा जा सके। बारिश के पानी से लबालब ऐतिहासिक तालाब भर सके, इसके प्रयास किए जाएंगे। महोबा जनपद का जल संरक्षण के मामले में बेला सागर तालाब सबसे बड़ा तालाब है। इस पर ही किसानों एवं आम जनमानस के लिए पानी उपलब्ध रहता है जो सिर्फ भगवान के भरोसे है बरसात के पानी पर निर्भर है समाजसेवी द्वारा भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को दिए गए ज्ञापन में बेला सागर तालाब को बड़ी नदी नाले से परियोजना से जोड़े जाने की मांग की थी उनका प्रयास धीमे-धीमे रंग ला रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर बेला सागर तालाब को आने वाले समय में किसी बड़ी नहर परियोजना से जोड़े जाने की भी चर्चा है।

# मतदेय स्थलों की व्यवस्था करें दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने शुक्रवार जिले के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने पेयजल, सफाई, फर्नीचर सहित तमाम व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मतदान से पूर्व सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान इंग्लिश मीडियम गर्ल्स प्राइमरी स्कूल गुढ़ा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूपा, राजकीय इंटर कॉलेज चरखारी, प्राथमिक विद्यालय इमिलिया डांग में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं की जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने में किसी भी तरह की हीला



मतदेय स्थल का निरीक्षण करते डीएम मृदुल चौधरी। अमृत विचार

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों की व्यवस्था का जायजा लिया

हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी अधिकारी शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में कोई कसर न छोड़े। कहा कि सभी केंद्रों पर संपूर्ण व्यवस्थाएं चुनाव पूर्व ही सुनिश्चित करा ली जाए।

उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर प्रकाश बनो रखने के लिए जनरेटरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, शौचालय, कुर्सियां, पंखा, पीने का शुद्ध पानी एवं मेजों की व्यवस्था, रैंप की मरम्मत आदि की व्यवस्था मतदान के पूर्व दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने मतदेय स्थलों में छोटी-छोटी कमियां मिलीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कमियां दूर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव के लिए टीनशेड की व्यवस्था कराए जाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम चरखारी प्रदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर सविता राजपूत मौजूद रहे।

## जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी आंबेडकर की शोभायात्रा

**महोबा।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाए जाने आयोजन समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष आशाराम त्यागी ने बताया कि सुबह सात बजे से आठ बजे तक रामनगर चरखारी के अम्बेडकर पार्क की स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। दोपहर दो बजे से नगर के मोहल्ला चिंतेपुरा स्थित अम्बेडकर पार्क से एक शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए रामनगर पार्क में शाम पांच बजे समाप्त होगी। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप कुमार मौर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभा यात्रा समाप्त होने के बाद शाम छह बजे से पार्क में ही अम्बेडकर जी के जीवन पर आधारित बौद्धिक गोष्ठी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# अलविदा की नमाज में शांति और अमन की दुआ

## जिले भर की मस्जिदों में हुई अलविदा की नमाज, सुरक्षा के लिए पुलिस हर जगह रही मुस्तैद, ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


मुख्यालय की एक मस्जिद में अलविदा की नमाज पढ़ते लोग।


मौदहा कस्बे में रूट मार्च करते अर्द्धसैनिक बलों के साथ सीओ व एसडीएम।

**अमृत विचार।** माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार को जिले भर के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की। जिले की मस्जिदों में अल्लाह की इबादत के लिए रोजेदारों ने सिर झुकाया। रोजेदारों ने मुल्क की बेहतरी और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। साथ ही ईदगाह में होने वाली नमाज का ऐलान किया गया। इस बार भी ईद की नमाज ईदगाह के अलावा जामा मस्जिदों में भी होगी। इस दौरान प्रशासन भी अलर्ट रहा।

मुस्लिम धर्मावलंबियों की सबसे पवित्र माह रमजान उल मुबारक का आखिरी जुम्मा यानी अलविदा जुम्मा की नमाज अकीदतमंदों ने बड़ी अदब ओ एहतराम के साथ शुक्रवार को अदा की। मुख्यालय की करीब एक दर्जन के आसपास मस्जिदों में दिन के एक बजे से लेकर दो बजे के बीच अलविदा जुमे की नमाज संपन्न हो गई। तहसील की मस्जिद, अमन शहीद, खालेपुरा, बगिया, कालपी चौराहा, बदनपुर, कजियाना आदि मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा जुमे की नमाज हुई। मस्जिदों में रोजेदारों की तादाद के सामने जगह छोटी पड़ गईं। हर एक रोजेदार की आंखें रमजान की विदाई पर नम नजर आ रही थी। हजारों की तादाद में रोजेदारों ने सजदे में सिर झुकाया। खुदा की इबादत के जज्बे से लबरेज रोजेदारों ने मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं की। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहाकि रमजान में आप सभी लोग अल्लाह की बारगाह में जितनी भी इबादत कर लें, कम है। रोजा रखने के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज पढ़ें।कुरान-ए-पाक की तिलावत करते रहे। जामा मस्जिद के मौलाना बरकत मिस्बाही ने कहा कि रमजान में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों की बारिश करता है। इस दौरान सभी मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक बंदोबस्त के साथ ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

**मौदहा संवाददाता** के अनुसार मुस्लिम समुदाय का सबसे पवित्र महीना रमजान अपने अंतिम दौर में है। रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज़ कस्बे की लगभग दो दर्जन मस्जिदों में अदा की गई। जिसमें मुल्क के अमन चैन और शांति उन्नति की दुआएं मांगी गई। अलविदा की नमाज़ को लेकर पूरे कस्बे में पुलिस अलर्ट मोड पर रही। कस्बे की मुख्य मस्जिदों के बाहर पुलिस बल लगाया गया था। जबकि नमाज़ शुरू होने के पहले अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम और उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र तथा क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी ने अर्धसैनिक बलों के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जबकि पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने नगर में भ्रमण कर लोगों को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कोतवाली में बैठकर शांति व्यवस्था की समीक्षा की।

### पेश इमामों ने की मतदान की अपील

मुबारक रमजान माह के अन्तिम जुमा जुमातुल विदा के अवसर पर जनपद की सभी जामा मस्जिदों में रोजदार मुस्लिम समुदाय के बच्चों युवाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ नमाज अदा करने के लिए जमा हुई। जिसमें मस्जिदों में पेश इमाम और हाफिजों ने जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा धर्मगुरुओं की बैठक में की गई अपील मतदान का पर्व देश का गर्व के बारे में चर्चा कर सभी लोगों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अपील की। इस अवसर पर सैयद वाड़ा मस्जिद में हाफिज इसरार अली, कजियाना मस्जिद में कारी हाफिज यासीन, बदनपुर, अमन शहीद, खालेपुरा, बगिया वाली मस्जिद व तहसील परिसर मस्जिद के साथ ही मौदहा राठ सरीला कुरारा सुमेरपुर सहित सभी मस्जिदों में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई।

# मानसिक तनाव में युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


रवि साहू।

**अमृत विचार।** शुक्रवार की सुबह कस्बे के एक व्यापारी के पुत्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस में मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जबकि मृतक की पत्नी के साथ न रहने के चलते तनाव में रहने की बात सामने आ रही है।

कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा निवासी रवि साहू (25) पुत्र रामफल साहू ने शुक्रवार सुबह अपने घर के ऊपर वाले कमरे में अपने अंगोछे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली,उस समय उसकी भाभी घर के कामों में व्यस्त थी और मां दुकान पर बैठी हुई थी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतार आनन -फानन सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने रवि को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने सरकारी अस्पताल पहुंच मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दो वर्ष पूर्व रवि की शादी मोहल्ले में ही हुई थी लेकिन पत्नी एक महीने साथ रहने के बाद दोबारा पति के पास नहीं आई जिससे वह तनाव में रहता था। मृतक का पिता एलआईसी में काम करने के अलावा केसर गुटका समेत अन्य उत्पादों की एजेंसी लिए है जिसमें रवि अपनी दुकान में बैठने के अलावा पिता के व्यापार में भी सहयोग करता था। तीन वर्ष पूर्व रवि के बड़े भाई सुरेंद्र कुमार की एक बाईक दुर्घटना में मौत हो गई थी। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या प्रतीत हो रही है।

# जो बांटे नोट, उसको कभी न देंगे वोट

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- दरियापुर व चन्दौखी में निकली जागरुकता रैली
- 80 प्लस उम्र के मतदाताओं को पहनाई माला

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम दरियापुर व चन्दौखी में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई।



मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम दरियापुर व चन्दौखी में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई।



रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर दरियापुर में अस्सी से अधिक उम्र के मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें जो बांटे दारू और नोट, उसको कभी न देंगे वोट। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे।आओं मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद, चन्दौखी सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, दरियापुर सचिव सोनाली सचान सहित ग्रामीण, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।

### पहले मतदान बाद में जलपान का नारा

कुरारा (हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र के शिवनी और टोडरपुर गांव में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया। क्षेत्र के शिवनी और टोडरपुर गांव में खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में पहले मतदान बाद में जलपान का नारा लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से अपने मतों का प्रयोग कर मतदान करें। कार्यक्रम में ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

# वित्त समिति के सदस्य बने अकबर अली

**हमीरपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत ने जनपद के जिला स्काउट मास्टर अकबर अली लीडर ट्रेनर स्काउट का प्रादेशिक मुख्य आयुक्त पूर्व आईएएस एवं अध्यक्ष लोक सेवा आयोग प्रभात कुमार के निर्देश पर प्रदेश स्काउट गाइड संस्था की वित्त समिति का सदस्य बनाया है। अकबर अली के स्काउट में योगदान एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए प्रदेश समिति में स्थान मिलने पर जनपद में स्काउट और गाइड में खुशी की लहर है। बताते चलें कि आगामी 5 वर्षों हेतु प्रदेश में कराये जा रहे कार्य की योजना, लेखा जोखा एवं शुल्क की समीक्षा प्रादेशिक मुख्य आयुक्त एवं कोषाध्यक्ष के साथ जनपद के लीडर ट्रेनर अकबर अली भी करेंगे तथा स्काउटिंग के विकास प्रशिक्षण शुल्क अनुदान एवं अन्य व्यय में अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इनके चयन से जिला संस्था एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

# बिजली की चिंगारी से 26 बीघा गेहूं राख


आरा मशीन में लगी आग से जली लकड़ी व अन्य सामान। अमृत विचार


खेत में लगी आग को बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- 15 किसानों की फसल जली लाखों का नुकसान

**अमृत विचार।** बिरखेरा व पारा रैपुरा मौजे में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से खेतों में आग लग गई।जिससे 15 किसानों की 26 बीघे गेहूं की फसल जलकर खराब हो गई। फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं दोपहर में उद्योग नगरी में संचालित आरा मशीन में आग लगने से एक लाख से अधिक कीमत की इमारती लकड़ी जलकर खाक हो गई।

शुक्रवार को सुबह बिरखेरा व पारा रैपुरा के मध्य नलकूपों को गई हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस घटना में बिरखेरा निवासी गिरजेश शर्मा, जागेश्वर, जयराम, हरीराम, श्रीराम, बाबूराम, गयाप्रसाद, शेषकली, आशाराम, लाला, दशाराम तथा पारा रैपुरा निवासी श्रीकांत, कल्लू, राम प्रकाश, जागेश्वर की 26 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना में करीब 6 लाख की फसल जल जाने का अनुमान है। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिरखेरा प्रधान अशोक यादव ने घटना से लेखपाल को अवगत कराया है। लेखपाल शालिनी शुक्ला ने बताया कि ओलावृष्टि में बिरखेरा व पारा मौजे में शतप्रतिशत नुकसान हुआ था। उसका मुआवजा किसानों को दिया जा चुका है। घटना बिजली विभाग की हाइटेंशन लाइन से बताई जा रही है। उसकी जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

दूसरी घटना दोपहर करीब 1:00 बजे उद्योग नगरी में पुलिस चौकी के पीछे संचालित गुप्ता आरा मशीन में हुई। अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से एक लाख से अधिक कीमत की इमारती लकड़ी जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# बोरे में बंद मिले शव की हुई शिनाख्त

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- टूंका गांव की पत्थर खदान में मिला था अज्ञात युवक का शव

**अमृत विचार।** कोतवाली के टूंका गांव स्थित पहाड़ की खदान में चार दिन पहले एक बोरे में बंद युवक का सड़ा गला शव पुलिस को मिला था। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए सीएचसी में रखवा दिया था। शुक्रवार को शव की पहचान महोबा जनपद के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी राघवेंद्र राजपूत के रूप में हुई।


राघवेंद्र।

तुर्रा गांव निवासी राघवेंद्र राजपूत (20) दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता था। बीते माह होली के समय वह दिल्ली से अपने गांव आया था। राघवेंद्र के परिजनों के अनुसार 15 मार्च की शाम राघवेंद्र ने खाना खाया और फिर घर से निकल गया। बताया कि तभी से उसका कोई अता पता नहीं चला। परिजनों ने काफी तलाशा लेकिन कोई जानकारी नहीं लगी। राघवेंद्र की जानकारी न लगने पर परिजनों ने पनवाड़ी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 30 मार्च को कोतवाली के टूंका गांव स्थित पहाड़ की खदान में कोतवाली पुलिस को बोरे में बंद एक युवक का सड़ा गला शव बरामद हुआ था।

चर्चा थी कि किसी ने युवक की हत्या कर शव को बोरे में बंद कर फेंक दिया। परिजनों का कहना था कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। कोतवाल उमेश कुमार का कहना था कि घटना की गहराई से जांच की जा रही है।

# गाड़ी नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज

**कुरारा।** मुख्यालय सदर के रमेड़ी तरौस निवासी निशेन्द्र सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते चार मार्च को दोपहर 2:30 बजे भतीजा हर्ष सिंह चौहान अपने मित्र कार्तिकेय दीक्षित निवासी उजनेड़ी, आमिल निवासी पौथिया, रचित पालीवाल निवासी रमेड़ी हमीरपुर अपने मित्र के यहां से आकर मुख्यालय जाने के लिए पतारा श्रमदान में सड़क के किनारे खड़े होकर साधन का इंतजार कर रहे थे। तभी कुरारा की ओर से आने वाली कार के चालक द्वारा लापरवाही व तेजी से चलाते हुए गलत साइड में आकर कच्ची पटरी में सड़क किनारे खड़े छात्रों को टक्कर मार दी। जिससे सभी को चोटें आई थीं। उपचार के दौरान कार्तिकेय दीक्षित की मौत हो गई और बाकी छात्रों का कानपुर में उपचार हुआ। चाचा की तहरीर पर गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# असलहा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देतीं पुलिस अधीक्षक डॉ .दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

- सिसोलर पुलिस व एसओजी टीम ने 34 बने व अधबने असलहे बरामद किए

**अमृत विचार।** थाना सिसोलर पुलिस व एसओजी टीम के संयुक्त प्रयास से भुलसी गांव के पास हार में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई है। मौके से एक युवक को गिरफ्तार करने के साथ कुल 34 बने अधबने अवैध शस्त्र व अवैध शस्त्र निर्माण करने वाले उपकरण बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं अवैध असलहों के निर्माण, बिक्री व संचालन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में अवैध शस्त्र बनाने की पकड़ी गई फैक्ट्री की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात सिसोलर थानाध्यक्ष मयंक चंदेल एवं एसओजी प्रभारी सचिन वर्मा की संयुक्त टीम ने दबिश देकर ग्राम भुलसी हार में खेत में पेड़ के नीचे अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे नंदराम निवासी ग्राम बिलवई थाना कोतवाली नगर महोबा को गिरफ्तार किया। मौके से कुल 34 अवैध निर्मित व अर्द्धनिर्मित शस्त्र तथा शस्त्र बनाने वाले उपकरणों को बरामद किया। पूछताछ के दौरान नंदराम ने बताया कि ग्राम भुलसी हार के खेत में पेड़ के नीचे एकांत होने के कारण तमंचा बनाने की फैक्ट्री चलाता है। इन तमंचों को मध्य प्रदेश व आसपास के जिलों में अच्छे दाम पर बेच देता है।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग को ले जाने के मामले में तीन नामजद

**मौदहा( हमीरपुर )।** कस्बे से गायब नाबालिग के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों पर नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला कांशीराम कालोनी छिमौली रोड निवासी सम्पत पत्नी जयराम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी नाबालिग लड़की का कस्बे के फत्तूबाबा निवासी फरीद, गुददा पुत्र अज्ञात और बांदा निवासी सिद्धू अपहरण कर ले गए हैं। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक किशोरी का कुछ पता नहीं चला है।

### एक सैकड़ा से अधिक खराब पड़े हैंडपंप बने शोपीस


कल्लू गुप्ता के दरवाजे का बंद पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कस्बा में लगे इंडिया मार्क के हैंडपंप एक सैकड़ा से अधिक शोपीस बनकर रह गए हैं। जिससे वार्ड वासियों को पानी दूसरे मोहल्ले से लाने को मजबूर होना पड़ता है। कस्बे में जल निगम द्वारा 376 हैंडपंप लगाए गए थे। जिनमें 100 से अधिक शो पीस बनकर रह गए हैं। कस्बे के वार्ड नंबर 3 में कुरारा बेरी मार्ग कल्लू गुप्ता के दरवाजे 7 वर्ष पूर्व से बंद पड़ा हुआ है। मोहल्ले के राकेश कुमार, अरुण कुमार ने बताया कि जल संस्थान की पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर दूसरे वार्ड से पानी भरने के लिए जाना पड़ता है। कई बार जल संस्थान में हैंडपंप ठीक करने के लिए कहा गया तो बताया गया की रिबोर होगा। इसी प्रकार वार्ड नंबर 9 के हंस वाहिनी ज्ञान मंदिर के सामने लगा हैंडपंप दो बाल्टी पानी देकर पानी छोड़ देता है। मंडी समिति में लगे दो हैंडपंपों में काफी बरसों से एक बंद पड़ा हुआ है। जब इस बाबत में नगर पंचायत की वरिष्ठ लिपिक नरेंद्र सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नगर में लगे सभी हैंडपंप का सर्वे कराया जा रहा है। खराब पड़े हैंडपंप की सूची जल संस्थान को देखकर सही कराए जाएंगे। वहीं रिबोर की सूची जल निगम को देखकर दूसरी जगह हैंडपंप लगाए जाएंगे।


परिजनों को ढांढस बंधाते सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल। अमृत विचार

### परिजनों को सांसद ने बंधाया ढांढस, दिया मदद का भरोसा

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** विगत दिवस चित्रकूट में हुए हादसे में जान गंवाने वाले भाई बहन के परिजनों को सांसद ने पहुंचकर ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। गुरुवार को देर शाम सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने चित्रकूट हादसे में जान गंवाने वाले भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र उर्फ तनिष्क सोनी एवं बहन निधि सोनी के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाठक, पुष्पराज सोनी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी एम खान, सदर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, आदित्य अवस्थी, गीता ओमर, रवि गुप्ता, संजय त्रिपाठी, रोहित शिवहरे, संतराम गुप्ता, दृगपाल सिंह चंदेल, सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

समारोह | समाजवादी पार्टी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया उत्सव का आयोजन

# फूल चढ़ा कर धूमधाम से मनाई निषाद राज की जयंती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


निषाद राज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार



हमीरपुर में निषाद राज की जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी कार्यालय में सपा कार्यकर्ताओं ने निषाद गुहा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने निषाद राज गुहा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें भगवान श्रीराम का अनन्य भक्त बताया। इस दौरान सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र राजपूत कछवा ने कहा कि जब भगवान श्री राम वनवास के समय गंगा के किनारे पहुंचे तब निषादराज गुहा का भगवान राम के साथ साथ में काफी वैचारिक संवाद हुआ था। निषाद राज गुहा भगवान राम के अनन्य भक्त थे। कहा कि राम मंदिर के समय निषादों की उपेक्षा करना ठीक नहीं था। डा. कमलेश राजपूत ने कहा कि निषादराज गुहा श्रृंगवेरपुर के राजा था। जयंती के दौरान राजपूत चंद्रवती वर्मा, राजेश कुमार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, विधान सभा अध्यक्ष गोकुल प्रसाद राजपूत ने विचार रखे। इस अवसर पर लाखन यादव प्रधान मंगरौल, रिंकू वर्मा महिला सभा, जगदीश पेंटर जराखर, अमर सिंह मामा धमना, कार्यालय प्रभारी शिवराज सिंह उर्फ गंगा समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

उधर, **हमीपुर** में भी समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में निषाद राज गुह की जयंती धूमधाम के साथ मना कर उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास काल में मित्रता की जो मिशाल पेश की वह दूसरी नहीं मिलती है। प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद ने कहा कि निषाद राज गुह समाज के लिए आदर्श हैं। हमें उनके बताये मार्गों पर चलने की जरूरत है।

समारोह को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव आदि ने भी संबोधित करके विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ओम प्रकाश सोनकर वारसी, जगमोहन यादव, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सकीय लूट का अड्डा बन गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाएं, मरीजों की सुनने वाला कोई नहीं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकीय लूट का खुला अड्डा बन गया है। सीएचसी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को मुर्गा समझ कर हलाल किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर के संचालकों और दलालों के माध्यम से दवाओं में जमकर लूट खसोट की जा रही है। बताया जाता है कि इस लूट खसोट में सीएचसी के कुछ चिकित्सक और स्टाफ कर्मियों के द्वारा द्वारा मेडिकल स्टोरों के संचालकों और दलालों से गठजोड़ करके ओपीडी एवं इमरजेंसी में आने वाले मरीजों तथा उनके तीमारदारों को कमीशन वाली महंगी दवाएं थमाकर उन्हें लूटा जा रहा है। वैसे तो यहां पर आए दिन ही बाहर मेडिकल की दवाइयों को लेकर होने वाले हंगामों के मामले आते रहते हैं। कस्बे की सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड का फिर एक ऐसा ही मामला आया सामने आया है।

- मेडिकल स्टोर के दलाल ने छीना पर्चा, नाराज लोगों ने किया हंगामा

शुक्रवार को सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीज को ड्यूटी पर तैनात एक चिकित्सक ने बाहर की दवाएं लिख दी। जिसके बाद वहीं पर मौजूद मेडिकल स्टोर के एक दलाल ने डॉक्टर के द्वारा लिखी गई पर्ची को मरीज के तीमारदार से छीनकर उसे अपने मेडिकल स्टोर में ले गया। दलालों ने कमीशन की महंगी वाली दवाएं मरीज के साथ वाले व्यक्ति को थमा दीं। दवाओं का भारी भरकम बिल देखकर मरीज के साथ मौजूद लोगों के पसीने छूट गए। जिसको लेकर मरीज के परिजनों ने बाहर की दवाएं लिखने व मेडिकल स्टोर के दलाल के द्वारा पर्चा छीनने के विरोध में हंगामा काटना शुरु कर दिया। कोतवाली के कस्बा खेड़ा गांव निवासी चंद्रप्रकाश ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक को सीएचसी में तैनात चिकित्सक ने बाहर की दवाएं पर्ची में लिख दी। अब वहां पर मौजूद मेडिकल स्टोर का एक दलाल पर्ची को छीनकर मरीज के साथ मौजूद एक व्यक्ति को अपने मेडिकल स्टोर में लेकर गया तथा उसे कमीशन वाली 1600 रूपये की महंगी दवाएं थमा दी। चंद्र प्रकाश ने बाहर की दवाएं लिखने और दलालों के प्रवेश पर अंकुश लगाए जाने की गुहार लगाई है। वहीं चिकित्सक का कहना है कि मरीज गंभीर रूप से घायल था। उसे आवश्यकता के अनुसार ही दवाएं लिखी गई थी। मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाहर की दवाओं को लिखने व मेडिकल स्टोरों के दलालों के प्रवेश पर अंकुश लगाया जाएगा।

## सब्जी ठीक न बनने से गुस्साए पति और ससुर ने महिला को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के खड़ाकर गांव में सब्जी ठीक से न बनाने से आक्रोशित युवक ने पिता के साथ मिलकर पत्नी को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। महिला की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

खड़ाखर गांव निवासी अनुसुइया पत्नी ईश्वर दयाल ने बताया कि उसका पति शराब का लती है। आये दिन उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता रहता है। उसके पति ईश्वर दयाल के साथ उसका ससुर दशरथ भी पति के साथ मिलकर उसकी पिटाई करता है। घायल अनुसुइया ने बताया कि उसके पति ईश्वरदयाल ने सब्जी को ठीक से न बनाने का आरोप लगाते हुए अपने पिता दशरथ के साथ मिलकर लाठी डंडों से उसे पीटा। जिससे महिला को गंभीर चोटें आईं। पति और ससुर के द्वारा की गई मारपीट से घायल होकर जब वह लोगों से मदद मांगने और पुलिस को बुलाने के लिए घर से निकली तो उसके पति और ससुर ने बीच सड़क पर ही लाठियों से पीट कर उसे अधमरा कर दिया।

# स्ट्रेचर पर कोर्ट लाया गया दुष्कर्म का आरोपी सिपाही

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



- वर्ष 2013 में पति से मिलाई करने आई महिला के साथ किया था सामूहिक दुष्कर्म

**अमृत विचार।** दस साल पूर्व अपने पति से जेल में मिलाई को आई महिला को गुमराह कर अपने साथी के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोपी सिपाही स्ट्रेचर में कोर्ट पहुंचा। जिसे कोर्ट के बाहर फर्श पर लेटा दिया गया। जबकि दूसरे आरोपी की मुकदमा दौरान मौत हो गई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि राठ थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला का पति जिला कारागार में बंद था। जिसने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि पुलिस लाइन में तैनात आरोपी सिपाही बृजेंद्र सिंह ने उसे फोन कर सूचना दी कि उसके पति की तबीयत खराब है। आरोपी सिपाही बातों में आकर 21 मार्च 2013 को मुख्यालय आई थी। तभी आरोपी मिल गया और उससे कहा कि चलो तुम्हारी मिलाई करा देता हूं। उसे जेल गेट के पास ले जाकर कहा कि अब मिलाई नहीं हो पाएगी। कहा कि घर चलो वहां उसके बच्चे व पत्नी है। बताया कि शाम करीब साढ़े छह बजे वह उसके घर पहुंची तो वहां कोई नहीं था। तभी आरोपी सिपाही ने घर का दरवाजा बंद कर लिया। उसे जानमाल की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। तभी आरोपी का साथी जहान सिंह निवासी जौहरपुर, तिंदवारी बांदा ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जून 2013 में दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि दूसरे आरोपी जहान सिंह की मुकदमा दौरान मौत हो गई है। वहीं जनपद जालौन के चुर्खी थानाक्षेत्र के नादई गांव निवासी आरोपी सिपाही बृजेंद्र सिंह ने बताया कि उसे पैरालाइज हो गया है। जिसके चलते इलाज चल रहा है।

## सार-संक्षेप



कुरारा मंडी में व्यापारियों से मिलते सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल। अमृत विचार

### सांसद ने व्यापारियों से मिलकर की मतदान की अपील

**कुरारा (हमीरपुर)।** हमीरपुर महोबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने मंडी समिति में व्यापारियों से मुलाकात कर आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कस्बा के मंडी समिति में हमीरपुर महोबा लोकसभा प्रत्याशी व सांसद पुष्पेंद्र चंदेल ने दलबल के साथ पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर मतदान करने के लिए कहा। इसके बाद वह रिठारी गांव में दलबल के साथ पहुंचकर गांव के ग्रामीणों से जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में आने वाले लोकसभा के चुनाव में मतदान करने की अपील की। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर, नगर पालिका अध्यक्ष हमीरपुर कुलदीप निषाद, देवेंद्र सिंह उर्फ टप्पू, रामविलास श्रीवास, हर नारायण सिंह सहित दो दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**मऊ (चित्रकूट)।** कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को कथावाचक आचार्य तरंग ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर भाव विभोर कर दिया। उन्हें बताया कि भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण ब्रह्म हैंष जिनके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। भागवत कथा सुनने मात्र से ही मानव का जीवन धन्य हो जाता है। सुदामा के चावल के टुकड़ों को भगवान ने खाया ओर तीनों लोकों का राज्य प्रदान कर दिया। इस दौरान मुख्य यजमान जय नारायण अग्रहरि, कुसुम देवी, आचार्य देवेंद्र तिवारी, सत्यम शुक्ला, किशन तिवारी आदि मौजूद रहे। बैंजो में किशन, तबला में रामराज एवम् पैड में प्रदीप सोनी ने संगत की। व्यवस्था में संतोष कुमार, मनोज कुमार, रमाशंकर त्रिपाठी, रंजय द्विवेदी शारदा अग्रहरि, दयाशंकर त्रिपाठी आदि ने सहयोग किया।



कथावाचक आचार्य तरंग।

### मां की डांट से नाराज पुत्री फांसी पर लटकी

**नरैनी :** कालिंजर थाना क्षेत्र के रक्सी में मां की डांट से क्षुब्ध होकर सविता (20) पुत्री राम भरोसी ने फांसी लगाकर जान दे दी। पिता ने बताया कि सुबह वह पत्नी के साथ खेत काटने गए थे। मां ने पुत्री को डांट कर कहा था कि घर का काम कर लेना। दोपहर को खेत काटकर वापस आए तो घर में बेटी का शव फांसी पर लटका मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई ।कालिंजर थाना प्रभारी जयचंद सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### मुनीम ने महिला को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के गल्ला मंडी के पास स्थित मिल में मजदूरी करने के लिए गए एक मजदूर को मुनीम ने मारपीट कर उसे भगा दिया। आरोप है कि उसकी दिहाड़ी मजदूरी भी उसे नहीं दी। घटना के बाद पीड़ित मजदूर कोतवाली में शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के पथनौडी गांव निवासी नरेंद्र कुमार ने तहरीर देकर बताया कि कस्बे के गल्ला मंडी के पास स्थित एक मिल का मुनीम मजदूरी कराने के लिए लेबर चैक पड़ाव से लिवाकर ले गया था। बताया कि मुनीम ने उससे मजदूरी का काम भी कराया तथा इसके बाद बेवजह उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि बिना उसकी मजदूरी दिए उसे भगा दिया।

### छत से गिरकर युवक घायल

**महोबा।** कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला कटवरिया निवासी पहाड़ सिंह (35) पुत्र शिनंदन अपने घर की छत पर किसी काम से गया, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों द्वारा सीएचसी कुलपहाड़ लाया गया, जहां पर हालत मेंसुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन घायल का परीक्षण करने के बाद उसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के कुपरा गांव में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतका के पुत्र ने जलालपुर थाने में टक्कर मारने वाले बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कुपरा गांव निवासी नाहर सिंह पुत्र दाऊदयाल ने बताया कि उसकी मां ललिता दो दिन पहले शौच क्रिया करने के लिए जा रही थी। उसी दौरान गांव के अवधेश पुत्र भूरा ने तेज गति से एवं लापरवाही से बाइक को चलाते हुए उसकी मां ललिता को जोरदार टक्कर मार दी थी।



जाम में फंस कर रह गईं एंबुलेंस। अमृत विचार

# जाम में फंसी पांच एंबुलेंस एक में शिशु की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हमीरपुर हाईवे पर सुबह से भीषण जाम लगा रहा

**अमृत विचार।** नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से भीषण जाम लग गया और वाहनों की कतार करीब 15 किलोमीटर तक पहुंच गई। जाम में दो प्रसूताओं को लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस गईं। एक प्रसूता के गर्भस्थ शिशु की एंबुलेंस में ही मौत हो गई, वहीं दूसरी प्रसूता का एंबुलेंस में प्रसव कराना पड़ा। करीब नौ घंटे तक हाईवे पर लगे जाम के बाद घाटमपुर व रमईपुर की ओर वाहनों का डायवर्जन किया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

घाटमपुर से नौबस्ता की ओर मेट्रो के कार्य के चलते भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध होने के बावजूद रात होते ही भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। गल्लामंडी तक हो रहे मेट्रो निर्माण के चलते हाईवे संकरा हो गया है। शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे से नौबस्ता के धोबिन पुलिया के पास से शुरू हुआ जाम धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते वाहनों की कतार शंभुआ पुल तक पहुंच गई। बिधनू हाईवे से आकर मिलने वाली किसान नगर रोड भी ब्लॉक हो गई। जिसमें पांच एंबुलेंस घंटों तक फंसी रहीं। सचेंडी के पलरा गांव निवासी कमलेश ने बताया कि पत्नी सोनी को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर करीब पांच बजे एंबुलेंस से बिधनू सीएचसी के लिए निकले। किसान नगर रोड पर जाम लगा होने से एंबुलेंस रेंगते हुए किसी तरह से बिधनू हाईवे तक पहुंची। एंबुलेंस करीब तीन घंटे बिधनू हाईवे में जाम में फंसी रही।

सुबह आठ बजे वह बिधनू सीएचसी पहुंचे पर तब तक गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी थी। वहीं बिधनू ब्लॉक के छौकी गांव निवासी गर्भवती किरन भी घंटों जाम में फंसी रही, इस दौरान वह एंबुलेंस में दर्द से तड़पती रही। जैसे-तैसे एंबुलेंस सीएचसी गेट पर पहुंची, तब तक आशा बहू को एंबुलेंस में ही प्रसव कराना पड़ा। हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस व ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह नाकाम रहीं। हर तरफ के रास्ते बंद होने के कारण जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के भी पसीने छूट गए। इसके बाद पुलिस ने रमईपुर व घाटमपुर रोड पर वाहनों का डायवर्जन किया, जिसके बाद जाम से राहत मिल सकी।

# शिक्षक संघ ने बैठक कर ऑनलाइन हाजिरी का किया जमकर विरोध

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उ.प्र.प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई।

कस्बे के तपोभूमि प्रांगण में ब्लाक अध्यक्ष राजीव कुमार निगम की अध्यक्षता में संघ की बैठक संपन्न हुई।जिसमें ऑनलाइन हाजिरी के लिए बार-बार आदेश किए जाने पर सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित कर विरोध जताया गया। संघ का कहना है कि जब तक प्रशिक्षण के साथ सिम आदि की व्यवस्था विभाग नहीं करेगा तब तक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया जाएगा। स्कूल में पांच से दस मिनट की देरी से पहुंचने पर पूरे दिन का वेतन काटने पर विरोध जताया गया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाल करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की। इसके बाद कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बंडा के शिक्षक शिवशंकर के सेवानिवृत होने पर उन्हें अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष में सत्येंद्र कुमार साहू,सुनील श्रीवास्तव, कपिल कुमार, इब्राहिम अहमद खान, कमलेश कुमार, संतोष सोनकर, नंदलाल, सुरेंद्र सिंह,रामप्रकाश निषाद, राजेंद्र कुमार वर्मा, अशोक कुशवाहा, बृजकिशोर साहू, कमलेश कुशवाहा, राम प्रकाश साहू आदि शिक्षक मौजूद रहे।



ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक।

## गैंगस्टर के दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया

**सरीला(हमीरपुर)।** चिकासी थाना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के दो वांछित अपराधियों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने बताया कि कस्बा राठ व बरौली खरका गांव के पास से गुटकवारा गांव निवासी दिनेश कुमार व अनिल को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा है। दोनों अपराधियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया है। दिनेश कुमार व अनिल के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट सहित तीन-तीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार, उपनिरीक्षक आदित्य कुमार सिंह रहे।



लोधीपुरा गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते। अमृत विचार

## रैली निकाल कर मतदान के लिए प्रेरित किया

**सरीला (हमीरपुर)।** लोधीपुरा गांव में सहायक विकास अधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) राम मनोहर सोनी ने कहा कि मतदान महादान है। इसमें हर मतदाता को वढ़ चढ़ कर भागीदारी निभानी चाहिये। रैली में मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे आंगनबाड़ी कार्यकत्री व ग्रामीणों ने गांव की गली और सड़कों से रैली निकाली तथा लोगों को अधिक से अधिक मतदान के करने के लिये जागरूक किया। सचिव राधेश्याम ने बताया कि मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया है। इस मौके पर स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग सहित ग्राम प्रधान व ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

UNISED
Innovation in Education
UNISED
(Unit of Science & Educational Development)
Rashtriya Aavishkar Lab UNISED, BSA Office,
Govind Nagar, Kanpur Nagar-208006
आर ई सी
REC
निविदा आमंत्रण सूचना
सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश) में 100 सूर्य ऊर्जा संचालित स्मार्ट क्लासेज के सन्दर्भ में इच्छुक एजेंसीज को आमंत्रण। विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर लॉगिन करें www.unised.in आवेदन की अंतिम तिथि 25th अप्रैल 2024 है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## आयोजन

साहू समाज ने किया मां कर्माबाई के चित्र पर माल्यार्पण, लगाया खिचड़ी का भोग

# साहू समाज ने मनाई मां कर्माबाई की जयंती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** साहू समाज की आराध्य मां कर्माबाई की जयंती साहू समाज के लोगों ने धर्मशाला में धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान समाज के लोगों ने कर्माबाई के पद चिन्हों पर चलते हुए समाज के लोगों को संगठित रहने की बात कही।

शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्माबाई की जयंती में साहू समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। चैपरा रोड़ स्थित साहू समाज धर्मशाला में आयोजित जयंती में समाज के लोगों ने मां कर्माबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके पहले मां कर्माबाई के चित्र पर खिचड़ी का भोग लगाया गया।

इस मौके पर साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष मैयादीन साहू एमडी ने कहा कि मां कर्माबाई भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी। मां कर्माबाई की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान स्वयं उनकी झोपड़ी में पहुंचकर मां कर्माबाई के हाथों खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया था। तब से जगन्नाथपुरी स्थित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में खिचड़ी का भोज लगाया जाता है। एमडी साहू ने समाज के लोगों से अपील की जयंती पर अधिक से अधिक संख्या में होना चाहिए था। इस दौरान समाज के सभी लोगों को खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर साहू समाज के संरक्षक घनश्याम साहू, अध्यक्ष बल्लू साहू, कमलाकांत साहू, लखन किशोर साहू, गोविंददास साहू, खुल्ले साहू, रामशरण साहू, रामऔतार साहू, अजय साहू, चंद्रशेखर साहू, मुन्ना साहू, रामबाबू साहू, रिंकू साहू, सोहन लाल साहू, रामकुमार साहू, जयपाल साहू, प्रकाश साहू, रामसनेही साहू समेत अनेक लोग रहे।



मां कर्माबाई की जयंती के दौरान बैठक को संबोधित करते मैयादीन साहू। अमृत विचार

### एमडी साहू बने को-कोर्डिनेटर

**राठ (हमीरपुर)।** साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष मैयादीन साहू एमडी को उप्र कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव को लेकर झांसी में को-कोर्डिनेटर बनाया है। मैयादीन साहू के को-कोर्डिनेटर बनाने पर समाज के लोगों ने हर्ष जताया।

## चालक ने व्यवस्थापक पर लगाया संविदा खत्म करवाने के आरोप

**हमीरपुर।** रोडवेज चालक ने रोडवेज परिसर के समय व्यवस्थापक पर मारपीट की घटना दर्ज मुकदमा वापस ना लेने पर झूठे मुकदमे में फसाने सहित चालक की संविदा समाप्त करवाने की धमकी देने का आरोप लगा शुक्रवार को एसपी को पत्र सौंपा।

मुख्यालय स्थित रोडवेज के संविदा चालक मंयक ने पत्र में बताया कि उसके ही स्टाफ के समय व्यवस्थापक अब्दुल कादिर ने बीते 14 मार्च को उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था, जिसकी उसने सदर कोतवाली पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद समय व्यवस्थापक द्वारा लगातार समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित चालक ने आरोप लगाते हुए कहा कि समय व्यवस्थापक द्वारा फर्जी मुकदमे में फ़साने व उसकी संविदा समाप्त करवाने की धमकी दी जा रही है।

## मां कर्माबाई की जयंती मनाई

**चित्रकूट।** साहू समाज धर्मशाला शंकर बाजार में शुक्रवार को मां कर्माबाई जयंती मनाई गई। साहू समाज के जिलाध्यक्ष सुभाष साहू ने बताया कि मां कर्माबाई का जन्म 273 विक्रम संवत में हुआ था। ग्रह नक्षत्र का शोधन करने पर इनका नाम कर्मा देवी रखा गया था। मां कर्मा देवी भगवान कृष्ण की अन्य भक्त थीं। उन्होंने समाज की कुरीतियों को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक किया था। साथ ही समाज सेवा क्षेत्र में भी इनका अभिनव स्थान था।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# अवैध रूप से पेट्रोल बेच रहे पांच लोग गिरफ्तार

## चौरासी गुंबद के समीप दुकान पर हुई कार्रवाई, 2800 लीटर डीजल, 440 लीटर पेट्रोल, एक टैंकर कब्जे में लिया

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन


पुलिस गिरफ्त में अवैध तरह से डीजल-पेट्रोल बेचने के आरोपी। अमृत विचार


आरोपियों के पास से जब्त किए गए ड्रम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस ने अवैध तरह से डीजल-पेट्रोल बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने पांच जनों को गिरफ्तार कर 2800 लीटर डीजल, 440 लीटर पेट्रोल व एक टैंकर को कब्जे में लिया है। अवैध पेट्रोल-डीजल बिक्री का यह व्यवसाय कालपी हाईवे के किनारे कबाड़ की दुकान में वर्षों से चल रहा था। यह लोग डीजल पेट्रोल टैंकरों से कम दामों में खरीदकर बेचते थे।

जानकारी के अनुसार कालपी कोतवाली क्षेत्र में झांसी कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चौरासी गुंबद के समीप एक चर्चित कबाड़ की दुकान में बरसों से डीजल-पेट्रोल बेचे जाने की चर्चाएं थीं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ईराज रजा एवं अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पचौरी एवं शहर कोतवाल कामता प्रसाद ने एसटीएफ के साथ छापेमारी की। छापेमारी में भारी तादाद में अवैध डीजल पेट्रोल व अन्य सामान के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शहर स्थित कोतवाली में क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पचौरी एवं शहर कोतवाल कामता प्रसाद ने खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर झांसी हाईवे के किनारे चौरासी गुम्मद के नजदीक एक कबाड़ की दुकान में अवैध डीजल पेट्रोल की बिक्री की सूचना को लेकर छापामारी की गई, जिसमें वन विभाग के जंगल की झाड़ियों में सैफ अली पुत्र रिफाकत अली, भूरा पुत्र गफ्फार, बरकत अली पुत्र शोहरत अली, मुस्ताक पुत्र कल्लू एवं इरफान खान पुत्र इकराम खान को पकड़ा गया।

इनके पास से 14 ड्रम डीजल जिसमें लगभग 2800 लीटर डीजल, दो ड्रम पेट्रोल, एक जरी केन पेट्रोल, एक टैंकर, तीन पाइप 1 इंची, दो बड़ी कीप, एक छोटी कीप, एक नपता पांच लीटर, एक नपता 1 लीटर, एक छोटा हाथी, चार मोबाइल फोन व 8070 रुपये नगद बरामद किए। उक्त मामले को दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पचौरी ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती अपराध अपराध होता है इसलिए अपराधी को जेल में ही होना चाहिए। शहर कोतवाल कामता प्रसाद ने कहा कि मेरे क्षेत्र में कोई भी गैर कानूनी कार्य हो यह में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छापामार अभियान में पुलिस को मिली भारी सफलता में शहर कोतवाल कामता प्रसाद, उप निरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक राहुल परमार, सर्वेश,पुष्पेंद्र, मोहर सिंह, धीरेंद्र सिंह, देवेश, अशोक राजपूत, चंद्र प्रकाश, अब्दुल कलाम की शिवेंद्र एवं दीपेंद्र मिश्रा आदि टीम की पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की है।

# निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)


बंदियों को जानकारी देते प्राधिकरण सचिव महेंद्र कुमार रावत, आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज महेन्द्र कुमार रावत द्वारा जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कराया एवं सभी बैरिकों का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित सिद्धदोष, विचाराधीन बन्दियों को उनके अधिकार से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सचिव महेन्द्र कुमार रावत ने प्ली-वार्गेनिंग स्कीम, समयपूर्व रिहाई, विधि के समक्ष समानता, निःशुल्क विधिक सहायता और बन्दियों के अधिकारों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई विचाराधीन बन्दी अधिकतम 07 वर्ष तक की सजा के मामलों में विचाराधीन है, तो जिन्होंने सजा के तौर पर कुछ अवधि जेल में बिता ली हो, वह पीड़ित पक्ष से समझौता कर उसे उचित मुवायजा देकर अपनी सजा न्यायालय से कम करा सकते है, लेकिन इस योजना का लाभ उनको नहीं मिलेगा जिन्होंने देश के विरूद्ध, महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अथवा आर्थिक अपराध किया हो।

कार्यक्रम के उपरान्त विचाराधीन बन्दियों की समस्याओं के निराकरण हेतु और उनको विधिक सहायता पहुँचाने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव महेन्द्र कुमार रावत ने जिला कारागार उरई की सभी बैरिकों का निरीक्षण किया। वहां निरूद्ध विचाराधीन बन्दियों से वार्ता की और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु एवं पर्याप्त साफ-सफाई हेतु जिला कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस कार्यक्रम में असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अभिषेक पाठक ने लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल से सम्बन्धित समस्त योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर कारागार अधीक्षक नीरज देव, जेल चिकित्सक डॉ. राहुल वर्मन, कारापाल प्रदीप, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कनिष्ठ लिपिक शुभम् शुक्ला समेत सिद्धदोष, विचाराधीन बन्दी उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी जाम रहा बसों का चक्का

संवाददाता जालौन


चक्का जाम के दौरान खड़ी प्राइवेट बसें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राइवेट बस चालकों ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बसों का दूसरे दिन शुक्रवार को भी चक्का जाम रखा और देवनगर चौराहे पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्राइवेट बस चालक जग्गा, सुरेंद्र, भूरे सिंह ,विनय ,राम प्रकाश, प्रदीप, सज्जन सिंह आदि दो दर्जन से अधिक चालक क्लीनर कंडक्टर तथा बस संचालकों ने देव नगर चौराहे पर अवैध रूप से चल रहे टेंपो चालकों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी प्राइवेट बसों का संचालन बंद किया । प्राइवेट बस संचालकों का आरोप है कि टेंपो चालक अपने मानक के अनुसार संचालन नहीं कर रहे हैं टेंपो में तीन सवारी बैठाने का नियम है

- डग्गामार वाहनों के खिलाफ निजी बस चालकों ने कर रखी है हड़ताल

लेकिन वह 10-10 सवारी बैठाते हैं तथा अपने निर्धारित एरिया से अधिक दूरी तय कर टेंपो ले जाते हैं। जिनके चलते उनकी बसों में सवारी नहीं बैठती है तथा उनका डीजल आदि के खर्च भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इसके बाद प्राइवेट चालकों व कर्मियों ने एआरटीओ विनय कुमार पांडे को एक ज्ञापन सौंपते हुए अवैध रूप से मानक विहीन यातायात नियमों से चल रहे टेंपो बंद कराए जाने की मांग की।

# आग से हजारों का भूसा जला

**जालौन।** अज्ञात कारणों से भूसाघर में आग लग गई। तहसील के सीकरी राजा गांव निवासी सुनील पांचाल के भूसा से भरे घर में आग लग गई। देखते-देखते भूसा घर धू-धू कर जल उठा। आग की लपटें देख ग्राम में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान ने मोबाइल से पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझती तब तक हजारों रुपये की कीमत का भूसा और खपरेल घर जलाकर राख हो गया।

ग्रामीण रामशंकर ने बताया कि अगर समय से पुलिस और अग्निशमन के जवान नहीं पहुंचते तो आग और भयानक हो जाती।

# खनन के कारण घाटों से दूर हुई यमुना

संवाददाता कालपी जालौन


घाट से दूर यमुना नदी का जल।

**अमृत विचार।** नदियों से लगातार हो रहे मनमाने तथा नियम विरुद्ध मौरंग खनन की वजह से कालपी क्षेत्र में यमुना नदी की हालत खराब हो गई है। प्राचीन घाटों से नदी का पानी बहुत दूर चला गया है। नदी की जलधारा को प्राचीन घाटों तक लाने के लिए तमाम बार मांग उठाई जाती रही है। लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी।

विदित हो कि यमुना कालपी से होते हुए प्रयागराज में संगम में मिली हुई है। यमुना नदी के किनारे सुंदर एवं प्राचीन घाट पूर्वजों के द्वारा निर्मित कराए गए थे । इसमें किला घाट, बिहारी घाट, पीला घाट, बाई घाट, ढोशेश्वर मंदिर घाट बने हुए हैं। इन घाटों में सुबह से लोग पहुंचकर यमुना में श्रद्धा की डुबकी लगाते थे। यमुना नदी को एक श्रद्धा का केंद्र भी माना जाता है। डुबकी लगाकर तमाम श्रद्धालु यमुना माता के जयकारे लगाकर पूजा अर्चना भी करते रहे हैं। लेकिन अब यमुना नदी में सुंदरता नहीं दिखाई देती है। यमुना नदी कालपी में दो जनपदों के बीच से होकर बहती है। इसमें एक ओर जनपद जालौन की कालपी तहसील है तो दूसरी ओर कानपुर देहात जनपद की भोगनीपुर के ग्रामों से होकर यमुना नदी निकलती है। शासन की नीतियों के तहत यमुना में मौरंग खनन के पट्टे आवंटित कर दिए गए। दोनों जनपदों में धुआंधार तरीके से यमुना नदी में बालू का खनन का कार्य चल रहा है। नियम विरुद्ध खनन का कार्य होने की वजह से यमुना नदी की जलधारा प्राचीन घाटों से बहुत दूर पहुंच गई है।

गंदगी का आलम पैदा हो गया है। यमुना नदी को घाटों तक लाने के लिए कालपी के जागरूक नागरिकों के द्वारा तमाम बार मामला उठाया गया। लेकिन कई सरकारें बदल गईं। और कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो सका है। बिहारी घाट के सुंदर स्वरूप बनाए रखने के लिए दो सामाजिक संस्थाओं रामू क्लब तथा घुमंतू हसंतू क्लब के कार्यकर्ताओं के द्वारा रोजाना सुबह से टहलने के साथ ही श्रमदान कराया जाता है। होली, दीपावली, मकर संक्रांति आदि पर्वों पर नगर पालिका परिषद के द्वारा सफाई की जाती है। बार-बार मामला उठाने के बावजूद भी यमुना नदी को घाटों तक लाने के लिए शासन प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

समाजसेवी अशोक बाजपेई ने कालपी विकास समिति का गठन करके जब मुद्दा उठाया तब कालपी साइड में रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। यमुना नदी को धर्म नगरी कालपी के क्षेत्र में सुन्दर स्वरूप दिलाने के लिये आगामी दिनों लोकसभा चुनाव में चुनें जाने वाले भावी माननीयों के समक्ष मुद्दा नगर के वाशिंदे उठा सकते हैं, यह मुद्दा बना तो यमुना का जल घाटों तक आ सकेगा।

# चैत्र नवरात्र पर मंदिरों के आसपास सफाई की मांग

संवाददाता जालौन

- विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** अगले सप्ताह से शुरू हो रही चैत्र नवरात्र पर नगर में मंदिरों के आसपास सफाई व अन्य मुद्दों को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार ,सह संयोजक अंशु गौतम, गौरव सिंघानिया ,शिवम गौतम, अभिषेक कुशवाहा आदि में उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देते हुए बताया की चैत्र नवरात्रि अगले सप्ताह से प्रारंभ होने वाली हैं, जिसके दृष्टिगत नगर पालिका जालौन को निर्देशित किया जाए की नगर के मुख्यमंदिरों की व मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो। सब्जी मंडी चौराहा के पास सुबह-शाम अन्ना पशु इकट्ठा होकर अव्यवस्था कर देते हैं, अतः जालौन नगर पालिका को आदेशित कर अन्ना मवेशियों पकड़कर गौशाला व अन्य जगहों पर भेजा जाए। ताकि किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# रामनवमी, ईद पर्व को शांति से मनाएं

**कालपी (जालौन)।** आगामी त्योहारों को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता और पुलिस क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में बैठक हुई। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि आगामी नवरात्र ईद और रामनवमी के त्योहारों को सभी नगरवासी आपसी भाईचारे के साथ मनाएं, त्योहारों में जो पहले से कार्यक्रम होते आ रहे हैं वही होंगे किसी भी प्रकार का कोई नया कार्य न करें। चुनाव को लेकर जिले में धारा 144 लागू है उस कानून का भी पालन करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा नवरात्रि में सभी प्रमुख मन्दिरों मे पुलिस तैनात रहेगी जिसमें महिला पुलिस भी होगी।

# एक दर्जन लोगों ने थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवाददाता उरई


असूपुरा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा की मौजूदगी में कई दलों के लोग हुए भाजपा में शामिल हुए। कोंच विकास खंड के ग्राम असूपुरा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की एमएलसी रमा आरपी निरंजन, भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित समेत कई अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा ने की। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। अन्य भाजपा नेताओं ने आज भाजपा में शामिल हुए दूसरे दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की भगवा पट्टीका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रेमवती वर्मा प्रधान, प्रतिनिधि कन्हैयालाल वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके भाजपा नेता अनिल अग्रवाल दतिया वाले, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह डिंपल, अनूप पटेल, कुलदीप पटेल, कमलेश कुमार, अनूप कुमार सामी प्रधान, आनंद पचौरी प्रधान, पप्पू सिंह प्रधान, हनुमान सिंह प्रधान, रविंद्र प्रताप सिंह प्रधान, दिगपाल सिंह, अयोध्या प्रजापति प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आंबेडकर जयंती की तैयारी बैठक आज

**उरई (जालौन)।** 14 अप्रैल को भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। तैयारियों को लेकर 6 अप्रैल को 12 बजे भीम आर्मी मंडल कार्यालय मुस्कान हॉस्पिटल के सामने जालौन रोड उरई में आयोजित की जाएगी। जानकारी झांसी मंडल संयोजक भीम आर्मी एकता मिशन कमलेश सागर ने दी।

### अब 13 जुलाई को लगेगी लोक अदालत

**उरई (जालौन)।** सचिव न्यायाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि जनपद अध्यक्ष लल्लू सिंह के निर्देशानुसार जनपद जालौन में 11 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोकअदालत अब आगामी 13 जुलाई 2024 को होगी। बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते लोक अदालत का समय बदला गया है।

### यात्री वाहन के परमिट पर बसें ढो रहीं माल

**उरई।** यात्री वाहन का परमिट लेकर लग्जरी बसों का माल वाहन के रूप में उपयोग कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। साथ ही लग्जरी बसों पर आने वाले सामान पर कभी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां से रोजाना सैकड़ों लग्जरी बसें गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत कई प्रांतों में जाती और आती हैं।

### खेत पर लगे एंगल व तार चोरी

**जालौन।** जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए किसान द्वारा अपने खेत के चारों लगाए गए लोहे के एंगल व तार अज्ञात चोर अंधेरे का फायदा उठाकर चुरा ले गए। ग्राम से सिहारी पड़ैया निवासी किसान राम सुमरन द्विवेदी पुत्र जगदीश ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी है।

**अलविदा जुमा** | जिले भर की मस्जिदों में हुई नमाज, कड़ी सुरक्षा का किया गया था प्रबंध

# आखिरी जुमा पर प्रशासन सतर्क, मस्जिदों में उमड़े नमाजी

संवाददाता जालौन


मस्जिद में नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार


नमाज के दौरान गली में लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अलविदा जुमा पर नमाजियों ने मस्जिद में जाकर नमाज अता कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस ने भी पैदल गश्त किया। जिसके चलते शांति व्यवस्था बनी रही। नगर पालिका द्वारा भी नगर की मस्जिदों के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था की गई, रमजान के पवित्र महीने की आखिरी शुक्रवार को पढ़ने वाला अलविदा जुमा को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की जिसमें उन्होंने देश के अमन चैन कायम रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी, नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। नगर में स्थिति लगभग 23 मस्जिदों के आसपास तथा जिन रास्तों में मस्जिद है उन सभी रास्तों की साफ-सफाई नगर पालिका द्वारा की गई । स्थानीय प्रशासन के उप जिलाधिकारी अतुल कुमार, कोतवाल विमलेश कुमार, और जवानों ने नगर के रास्तों में फ्लैग मार्च किया।

### पैदल गश्त कर आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा


पैदल गश्त करते पुलिस के अधिकारी।

**कालपी जालौन।** शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी संजय कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक चौधरी के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों तथा पुलिस के जवानो के द्वारा धर्म स्थलों के आसपास तथा सार्वजनिक स्थानों में पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया गया। नगर के भीड़-भाड़ वाले फुल पावर चौराहे में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह,उप निरीक्षक राजेश कुमार, टरननंगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के द्वारा फुट मार्च चलाया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख मार्गों तथा सार्वजनिक स्थानों में संवाद स्थापित कर जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। अलविदा जुमा, ईद मुबारक तथा चैत्र मास की नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस प्रशासन के द्वारा गस्त में गतिशीलता लाई जा रही है।

### नमाज के बाद मांगी अमन-चैन की दुआ

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई जुमे की अलविदा नमाज। नमाज के दौरान सुरक्षा के पूरे इंतजार किये गये थे। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पैदल गश्त भी करते रहे। जिला मुख्यालय उरई अलविदा की नमाज प्रमुख रूप से अम्बेडकर चौराहा स्थित मस्जिदों क्लब वाली मस्जिद, शहर के गणेशगंज बजरिया उरई जामा मस्जिद, स्टेशन वाली मस्जिद, कब्रिस्तान वाली मस्जिद, बघौरा स्थित मस्जिद के अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में जुमे की अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इसके अलावा कस्बा रेढ़र, अजीतापुर, कालपी की बड़ी मस्जिद जुल्हटी, कालपी खानका शरीफ में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। आज शुक्रवार को अलविदा की नमाज को देखते हुए हर मस्जिद के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पुलिस व प्रशासन के द्वारा किये थे तथा पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी नमाज के दौरान पैदल गश्त करते हुए दिखाई दिये।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रेवती देवी (Rewati Devi) अपने पुत्र पूरन सिंह गैड़ा के आर्मी नं.– 4205814L, निवासिनी– मानू ध्याड़ी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेवती देवी (Ravti Devi) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेवती देवी (Rewati Devi) दर्ज किया जाये।

**NOTICE**

I, No JC-502300H NB SUB Nishan Singh, R/o Village-Warring, Post-Moharipur, Teh. & Distt.-Taran Taran, Punjab have changed my name from Harwinder Kaur to Harvinder Kaur vide Affidavit dated 04 Apr 2024. In future I must be known as Harwinder Kaur to Harvinder Kaur.

**सूचना**

सूचित करता हूँ कि मैं **बबलू पुत्र स्व बदलू निवासी–सब्जी, बबुरा पोस्ट–बीजेमऊ, परगना–सरेनी, तहसील–लालगंज जिला रायबरेली** मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बदलू के स्थान पर बाबू अंकित हो गया है। अतः मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में बाबू के स्थान पर बदलू अंकित किया जाये। मेरे सभी दस्तावेजों पर बदलू ही अंकित है। जो कि सही और सत्य हैं।

**सूचना**

**आवश्यकता**

अनुभवी मैनेजर/ कुक/स्वीपर की अयोध्या में 'द रामालया' निकट देवकाली, 'होम स्टे' के लिए चाहिये।

संपर्क करें– 9129959499

साल में लाखों कमाएं

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रूपरानी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निवासी– ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0 की मूल निवाासिनी हूँ। पहले मेरा नाम रूपरानी था। लेकिन अब मेरा नाम **राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निकट –ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0** के समस्त सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता हो गया है।

# भाजपा के गढ़ में बसपा के बागी पर कांग्रेस का दांव

अनंत कृष्णन, मऊ


पूर्वांचल के वीआईपी जिलों की श्रेणी में आने वाले गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित लोकसभा सीट पर चाय-पान की दुकानों में इस बार भी मुकाबला कांटे का ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। यहां भाजपा ने तीन बार से लगातार जीत रहे कमलेश पासवान पर जहां पुनः भरोसा जताया है तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने बसपा के बागी सदल प्रसाद पर दांव लगाया है। सदल प्रसाद 2004, 2014 और 2019 के चुनाव इस सीट पर हार चुके हैं। लेकिन 2014 व 19 में उनकी हार का अंतर कम रहा था। बसपा ने अभी इसी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

**बांसगांव संसदीय सीट**


बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान को अपने विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के साथ राम मंदिर से बने माहौल में आश्वस्त हैं कि वह जीत का चौका लगाने में कामयाब होंगे। कमलेश पासवान भाजपा के उन सांसदों में हैं, जिनकी संसद में उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में संसद में लिखित व मौखिक रूप से 150 से अधिक सवाल पूछे थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं। सदल प्रसाद को उम्मीद है कि इस बार उन्हें संसद में पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। हालांकि हर किसी की निगाह बसपा के हाथी की चाल पर लगी हुई है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से वह किस करवट बैठेगा।

- जीत का चौका लगाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सांसद कमलेश पासवान कर रहे जी तोड़ मेहनत
- लगातार दो बार से बसपा के टिकट पर लड़ रहे सदल प्रसाद इस बार कांग्रेस-सपा गठबंधन से दे रहे चुनौती

**75%** रही है संसद में कमलेश पासवान की उपस्थिति



### प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर (प्रतिशत)




कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद यहां से चार बार चुने जा चुके सांसद, 1980, 84 और 89 के बाद 2004 में जीते

### किस विस में कितने मतदाता

- बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,55,437 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,91,459 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,63,938 है। बांसगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,79,709 है। इनमें पुरुष 2,07,012 और महिला 1,72,680 हैं। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,36,617 हैं। इनमें पुरुष 2,34,961 और महिला मतदाता 2,01,650 हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,16,397 हैं। इनमें पुरुष 1,63,109 और महिलाएं 1,53,274 हैं। बरहज में कुल मतदाता 3,18,481 हैं। इनमें पुरुष मतदाता 1,64,338 और महिला मतदाता 1,54,132 हैं।



### सदल प्रसाद का अपना आधार

- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद का क्षेत्र में अपना मजबूत आधार है। उनकी बसपा के काडर वोट पर मजबूत पकड़ है। वे बसपा के परंपरागत मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। सदल प्रसाद 2004 में महावीर प्रसाद से 16 हजार से अधिक वोटों से हारे थे। 2009 में प्रदेश सरकार में मंत्री होने के कारण सदल प्रसाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे। हालांकि उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बसपा यहां दूसरे और कांग्रेस के महावीर प्रसाद चौथे नंबर पर चले गए थे।



### बसपा का नहीं खुला खाता

- इस सीट पर बसपा का अभी तक खाता नहीं खुला है। पार्टी सदल प्रसाद के दम पर ही इस सीट को जीतने की लगातार कोशिश करती रही पर उसे सफलता नहीं मिली। अब देखना यह है कि पार्टी यहां किस चेहरे पर दांव लगाती है।



### पांचों विधानसभा में भाजपा के विधायक

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में गोरखपुर की चौरीचौरा, बांसगांव, चिल्लूपार और देवरिया जिले की रुद्रपुर और बरहज विधानसभा सीटें आती हैं। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जबरदस्त प्रभाव है। उनकी कड़ी मेहनत और क्षेत्र के विकास की वजह से ही पार्टी के पास यहां पांचों विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं।

### मोलहू प्रसाद का अनोखा प्रचार

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 के लोकसभा चुनाव में मोलहू प्रसाद ने दिखाया था। वह साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, लोक गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे। मोलहू प्रसाद सांसद चुन लिए गए थे।

## बांसगांव सीट : जीत-हार का इतिहास

- बांसगांव सीट पर 1952 और 1962 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। इसके बाद यहां से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने जीत दर्ज की। 1971 में यह सीट पुन: कांग्रेस के खाते में आई लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस को यह सीट गंवानी पड़ी थी।
- 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के महावीर प्रसाद ने यहां जीत दर्ज की और वे लगातार तीन चुनाव जीतने में कामयाब हुए। इस सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाने लगा था। लेकिन 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में कांग्रेस को यहां करारी हार झेलनी पड़ी।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में शाइनिंग इंडिया का नारा फेल होने के बाद कांग्रेस के महावीर प्रसाद पुन: जीते। पर 2009 में यह सीट भाजपा के पास चली गई। कमलेश पासवान यहां से सांसद बने और लगातार जीत रहे हैं।



**13495** वोट पड़े थे नोटा में वर्ष 2014 के चुनाव में

**14093** नोटा को वोट 2019 के लोकसभा चुनाव में

**03** नंबर पर थे 2019 चुनाव में नोटा के मिले वोट

**17** प्रदेश की आरक्षित सीटों में यहीं भाजपा प्रत्याशी चौथी बार

### राम लहर में खुला भाजपा का खाता

- 1991 की राम लहर में यह सीट भाजपा के खाते में आई। 1996 में जब चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान को यहां से मैदान में उतारा और वह जीत गईं। तब सुभावती को सहानुभूति का लाभ मिला था क्योंकि उनके पति पूर्व विधायक ओमप्रकाश की हत्या हो गई थी। हालांकि 1998 और 1999 में यह सीट पुन: भाजपा के कब्जे में आई। सुभावती पासवान यहां से लगातार हारीं तो उन्होंने राजनीतिक विरासत पुत्र कमलेश पासवान को सौंप दी। 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले कमलेश ने गोरक्षपीठ का रुख किया और भाजपा में शामिल होकर चुनाव लड़ा और ऐसा जीते कि तीन बार से जीत रहे हैं।

## राष्ट्रीय दलों का पंजाब के साथ हमेशा उपेक्षा भरा बर्ताव

**लुधियाना।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने राष्ट्रीय दलों पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत जैसा मानते हैं और इसे 'हड़पना' चाहते हैं। उन्होंने राज्य में फ्लाईओवर, पुल, सीवरेज सिस्टम और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों पर बात करते हुए दावा किया कि ऐसे सभी काम शिअद कार्यकाल के दौरान हुए थे। बादल पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश सिंह गरचा के स्वागत समारोह में बोल रहे थे, जो चार साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में लौट आए। बादल ने कहा कि राष्ट्रीय दल पंजाब को ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रांत के रूप में मानते हैं और राज्य के लोगों का दिल जीतने की कोशिश करने के बजाय इसे अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा का शिअद के लिए पंजाब और पंजाबियों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। हम राष्ट्रीय पार्टियों की तरह पंजाब के मूल मुद्दों पर कभी समझौता नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर आप सरकार पर निशाना साधते हुए बादल ने कहा, एक बार शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में लौटने पर कोई भी गैंगस्टर या उनके संरक्षक राज्य में नहीं रहेंगे। मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के सात वर्षों के शासन के दौरान, विकास कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ा, नागरिक बुनियादी ढांचा तक बदहाल है। बादल ने यह भी कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब में 'छद्म युद्ध' में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां केंद्र में गठबंधन में हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ मंच भी साझा किया था। लेकिन दोनों पार्टियां पंजाब में लोगों को गुमराह कर रही हैं।


सुखबीर सिंह बादल




**सबका ख्याल** नागपुर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए एक दुकान पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित प्रचार सामग्री को तैयार करने में जुटा कारोबारी।

## संजय निरुपम नवरात्र में करेंगे खुलासा

**मुंबई।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता संजय निरुपम को अनुशासनहीनता में निष्कासित कर दिया है, हालांकि निरुपम का दावा है कि वह पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। अब संजय निरुपम ने साफ कर दिया है कि वह इस बार भी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से ही लड़ेंगे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के लिए रूप में नहीं, बल्कि किसी पार्टी के टिकट पर उतरेंगे। इसके लिए सभी को नवरात्र तक इंतजार करना चाहिए। अभी तक के संकेतों में वह भाजपा या उसके किसी सहयोगी दल में जा सकते हैं। संजय निरुपम ने गुरुवार को कहा था कि महाराष्ट्र में मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट से खिचड़ी चोर अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया है। महा विकास अघाड़ी के इस प्रत्याशी को वह कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस!

महेश शर्मा

**गाजियाबाद।** दिल्ली की करवट में बसे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ना शुरू दिया है। यहां से वर्तमान सांसद जनरल (रि) वीके सिंह की जगह भाजपा ने हापुड़ के अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है। उनके प्रचार अभियान को धार देने के लिए गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कानपुर के एमएलसी मानवेंद्र सिंह प्रवास कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को रोड शो करके यहां मतदाताओं को रिझाएंगे। दूसरी तरफ सपा समर्थित कांग्रेस की डॉली शर्मा मैदान में हैं। हालांकि यहां बसपा का भी प्रत्याशी है, लेकिन शुरुआती तस्वीर में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

परिसीमन के बाद बनी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 2009 में हुआ था। भाजपा अध्यक्ष रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह यहां से विजयी हुए थे। हालांकि वह 2014 में लखनऊ से लड़ने चले गए थे। इस पर पार्टी ने यहां से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (रि) को उतारा। वह चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। गाजियाबाद 23 लाख मतदाताओं के कारण देश के बड़े लोकसभा क्षेत्रों में शामिल है। इसमें लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यह क्षेत्र अब भाजपा की परंपरागत सीट बन चुका है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 9,44,503 वोट पाकर करीब पांच लाख मतों से सीट जीती थी। सपा-बसपा के प्रत्याशी सुरेश बंसल को 4.43 लाख मत ही मिले थे। 2014 में भी जनरल वीके सिंह जीते थे, तब कांग्रेस के राज बब्बर को 1.91 लाख ही वोट मिले थे। इस बार भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग हापुड़ के हैं। हरियाणा के भिवानी के रहने वाले जनरल वीके सिंह (रि) दो बार तो परिसीमन से पहले आगरा निवासी डा.रमेश चंद्र तोमर चार बार सांसद चुने गए। गाजियाबाद को पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने नेहरू जयंती पर 14 नवंबर 1976 को जिला घोषित किया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा इसे उपलब्धि बताती हैं। 2019 के चुनाव में वह 1.12 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रही थीं।

इस लोकसभा क्षेत्र में सात बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। 1952 में यह हापुड़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा था। कृष्णचंद शर्मा, प्रकाशवीर शास्त्री, बीपी मौर्य, कुंअर महसूद अली, केसी त्यागी जैसे दिग्गजों ने यहां से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 72 फीसदी हिंदू आबादी के कारण यहां हिंदुत्व की लहर का खासा असर रहता है। गाजियाबाद मे छह लाख ब्राह्मण, तीन-तीन लाख वैश्य और जाटव हैं। ढाई लाख राजपूत व ठाकुर और दो लाख जाट मतदाता हैं। बसपा जाटव व मुसलमान वोटरों पर असर डालती है तो यह लड़ाई त्रिकोणात्मक भी हो सकती है।

### गाजियाबाद में मोदी के रोड शो के लिए उत्साह

गाजियाबाद। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने इस वीआईपी सीट पर विजय का समीकरण बनाने को डेरा डाले हैं। संगठन ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। शुक्रवार को उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी पर चर्चा की और रोड शो की सफलता के लिए दायित्व सौंपें। मानवेंद्र का कहना है कि मोदी के रोड शो के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह है। पार्टी पिछली बार से बड़ी जीत हासिल करेगी।

- **मतदाताओं को रिझाने के लिए पीएम मोदी आज करेंगे रोड शो**
- **पिछले चुनाव में भाजपा यहां करीब पांच लाख वोटों से जीती थी**

**वोट की पहचान** कर्नाटक सरकार का उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड ही यह स्याही बनाता, कंपनी ने उत्तर प्रदेश को मांग के मुताबिक अमिट स्याही की कर दी आपूर्ति

## प्रदेश में मतदान के लिए लगेंगी अमिट स्याही की 3 .58 लाख शीशियां

मनोज त्रिपाठी

**कानपुर।** देश में किसी मतदाता ने चुनाव में वोट दिया है, इसकी एक ही निशानी होती है, अंगुली पर लगी नीली-बैंगनी रंग की अमिट स्याही। लोग स्याही लगी अपनी अंगुली की तस्वीर व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को अमिट स्याही की सबसे बड़ी खेप की आपूर्ति की गयी है। कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) के पास सबसे बड़ा ऑर्डर उत्तर प्रदेश से ही था। उसने राज्य को स्याही की 3.58 लाख शीशियां भेजी हैं, जबकि सबसे कम लक्षद्वीप को अमिट स्याही की 110 शीशियों की आपूर्ति की गई है।

चुनाव में अमिट स्याही के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी मतदाता दो बार वोट न करने पाए। धोखाधड़ी और कई बार की वोटिंग से बचने में इस स्याही की महत्वपूर्ण भूमिका है।

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता और प्रचार अभियान में अमिट स्याही लगी अंगुली को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने अमिट स्याही की 26 लाख शीशियां खरीदी थीं, जिस पर 33 करोड़ रुपये खर्च आया था।

इस बार आयोग ने करीब 55 करोड़ रुपये से 26.55 लाख स्याही की शीशियां खरीदी हैं। यह स्याही देश में सिर्फ एक ही कंपनी कर्नाटक सरकार के उपक्रम मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड (एमपीवीएल) द्वारा बनाई जाती है। कंपनी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अमिट स्याही की शीशियों की आपूर्ति कर दी है। कंपनी वर्ष 1962 से केवल निर्वाचन आयोग के लिए अमिट स्याही का निर्माण कर रहा है। मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड की वर्ष 1937 में स्थापना हुई थी। मैसूर के महाराजा कृष्णराजा वडयार ने इसकी शुरुआत की थी। लेकिन कंपनी तरक्की की राह पर तब आगे बढ़ी जब चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के सहयोग से चुनावों के लिए इस स्याही की आपूर्ति पर कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1962 के चुनाव में इस स्याही को चुनाव में शामिल कराने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। तब से लगातार इस स्याही का प्रयोग हो रहा है, और चुनाव आयोग इसके दूसरे विकल्प को नहीं तलाश पाया है।



**1962** से किया जा रहा इस्तेमाल चुनाव आयोग दूसरा विकल्प नहीं तलाश पाया

**26.55** लाख स्याही की शीशियां आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए खरीदी हैं

- 26 लाख अमिट स्याही की शीशियां 2019 के लोकसभा चुनाव में आयोग ने खरीदी थीं
- 33 करोड़ रुपये अमिट स्याही पर 2019 में खर्च आया था
- 55 करोड़ रुपये 2024 के चुनाव में अमिट स्याही पर आया खर्च

### सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का होता इस्तेमाल

- अमिट स्याही को बनाने में सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण एक बार त्वचा के किसी भी हिस्से पर स्याही लगने के बाद उसे कम से कम 72 घंटे तक त्वचा से हटाया नहीं जा सकता। सिल्वर नाइट्रेट पानी के संपर्क में आने पर काला हो जाता है। सिल्वर नाइट्रेट हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड पानी में नहीं घुलता और त्वचा से जुड़ा रहता है। इसे साबुन से नहीं धोया जा सकता। एक बार लगाने के बाद यह तब खत्म होता है जब त्वचा की कोशिकाएं पुरानी हो जाती हैं और निकलने लगती हैं।

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ।।

पशुओं के रक्षक बादल होते है , राजा के रक्षक उसके मंत्री , पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं ।

## संपादकीय

# मदरसा शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले को मदरसा बोर्ड के लिए एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा सकता है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद काफी विवाद हुआ था और इस मामले में उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। यूपी मदरसा बोर्ड की तरफ से अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज कई गुरुकुल भी प्रसिद्ध हैं, वे अच्छा काम कर रहे हैं तो क्या हमें उन्हें बंद कर देना चाहिए। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्देश प्रथम दृष्टया उचित नहीं था। उच्च न्यायालय ने 2004 अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है और कानून का उद्देश्य और चरित्र नियामक प्रकृति का है। हाईकोर्ट के फैसले के चलते मदरसों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मदरसों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि शिक्षा की पश्चिमी शैली के वैकल्पिक मार्ग के रूप में धार्मिक मदरसों ने इस्लामी समाज की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस्लाम के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बचाव पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि मदरसे की यह व्यवस्था 120 साल से चली आ रही है, ऐसे में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यह निर्णय छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि धर्म का उलझाव अपने आप में संदिग्ध मुद्दा है, जिस पर विचार-विमर्श की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही कहा कि यदि इस निर्णय का उद्देश्य मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाना था तो कानून को असंवैधानिक न घोषित करके कुछ दिशानिर्देश भी जारी किए जा सकते थे। कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उत्तर प्रदेश के 25 हजार मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत मिली है।

# कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी हैं एक साथ चुनाव कराने में



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

**भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा, इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है।**

आम चुनाव-2024 की अधिसूचना जारी होने से ठीक दो दिन पहले 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। समिति की अनुशंसाओं में देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनाव (संभवतः 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव) के साथ ही कराने की बात सर्वोपरि है। स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव पहली बार इस साझा चुनाव के 100 दिन के अंदर करा लेने और बाद में तीनों स्तरों के चुनाव एक साथ ही कराते रहने की अनुशंसा भी इसमें की गई है।

जाहिर है इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटाना होगा और कुछ का बढ़ाना होगा जिसके लिए बड़े पापड़ बेलने होंगे। उच्च स्तरीय समिति ने इसके लिए संविधान बदलने का सुझाव दिया है। उसकी सभी अनुशंसाओं को अमल में उतारने के लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन करने होंगे और इतने बड़े पैमाने की चुनावी कसरत से जुड़ी तकनीकी जरूरतें पूरी करने के लिए आठ हजार करोड़ रुपये भी खर्च करने होंगे, लेकिन समिति का कहना है कि देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए सरकारों में दूरदृष्टि पैदा करने के लिए और लगातार कहीं न कहीं होते रहने वाले चुनावों के भारी खर्चे से देश को बचाने के लिए यह सब जरूरी है।

भविष्य में अगर कोई केंद्रीय या राज्य सरकार गिर गई और लोकसभा या संबंधित विधानसभा भंग करनी पड़ गई तब सारे चुनाव एक साथ ही कराने के इस प्रावधान का क्या होगा, इस बारे में उच्च स्तरीय समिति की राय स्पष्ट है। उसका कहना है कि अगले चुनाव में जाना पड़ ही गया तो जाएंगे, लेकिन वह सदन अपने पूरे कार्यकाल के लिए नहीं, बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुना जाएगा। यानी चौथे साल में लोकसभा भंग हो गई तो चुनाव की कसरत सिर्फ लोकसभा के लिए ही संपन्न की जाएगी, लेकिन नए सिरे से चुनी गई लोकसभा एक साल ही काम करके भंग हो जाएगी और उसे 'एक देश, एक चुनाव' के तहत जल्द ही दोबारा चुनकर आना होगा। सरकार की कोशिश इस उच्च स्तरीय समिति को पार्टी एजेंडा से ऊपर उठाकर प्रस्तुत करने की रही है। इसीलिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में कुल आठ सदस्यों की समिति गठित की गई तो लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन चौधरी ने कुछ ही समय बाद यह कहते हुए इससे अपना नाम वापस ले लिया था कि समिति के लिए जो कार्यभार निर्धारित किया गया है, उसके सारे निष्कर्ष पहले से ही तय हैं, विचार-विमर्श की उसमें कोई गुंजाइश ही नहीं है। नतीजा यह रहा कि व्यवहार में उच्च स्तरीय समिति का स्वरूप पूरी तरह सरकारी हो गया और इसे बीजेपी की ही एक और पहल की तरह देखा जा रहा है।



अध्यक्ष रामनाथ कोविंद के अलावा समिति में शामिल बाकी नाम थे-गृहमंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, हाल तक वित्त आयोग के प्रमुख रहे एन. के. सिंह, फिलहाल अलग पार्टी चला रहे बीजेपी के करीबी और लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पूर्व सूचना आयुक्त संजय कोठारी, पूर्व संसदीय सचिव सुभाष सी. कश्यप और सत्तापक्ष से जुड़े हाई प्रोफाइल मुकदमे लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे। थोड़ा पहले जाकर देखें तो 'एक देश एक चुनाव' का मुद्दा बीजेपी की जन्मकुंडली में पड़े तीनों मुद्दों- संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह पर ही राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण के ठीक बाद आता रहा है। इसकी गिनती एक देश, एक निशान, एक विधान, एक प्रधान, एक इम्तहान, एक संस्कृति, एक बाजार, एक टैक्स, एक वगैरह की श्रेणी में होती रही है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की बात कही थी और 2016 में इस पर गठित विधि आयोग ने 2018 में अपनी अनुशंसाएं भी जमा कर दी थीं, लेकिन व्यापकता के ख्याल से इसे यहां तक लाया गया।

व्यापकता का हाल अभी कुल मिलाकर यह है कि उच्च स्तरीय समिति ने 47 पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है जिसमें 32 ने 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में और 15 ने इसके विरोध में अपनी राय दी है, लेकिन पार्टियों के नाम पर गौर करें तो ऐसा एक भी दल नहीं दिखता, जो राजनीतिक रूप से बीजेपी का विरोधी हो मगर उसकी राय इस मुद्दे पर सरकारी प्रस्ताव के साथ हो, जो पार्टियां अपनी किसी न किसी मजबूरी में बीजेपी के साथ हैं, वे इस मुद्दे पर भी उसके साथ हैं। बाकी का मानना है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय चुनाव पूरे देश में एक साथ कराना न सिर्फ क्षेत्रीय दलों और आकांक्षाओं के लिए हानिकर होगा, उन्हें अप्रासंगिक बना देगा, बल्कि भारत के विराट सांस्कृतिक वैविध्य पर भी यह एक दिन पाटा फेर देगा। इसके जवाब में सरकारी पक्ष का कहना है कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर बेकार का वितंडा खड़ा कर रहे हैं, क्योंकि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था तो 1967 तक भारत में चल ही रही थी। सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव उस समय तक लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे और पंचायती राज वाली मौजूदा व्यवस्था तब तक बनी ही नहीं थी। वह तो 1967 में कई राज्यों में मिली-जुली कांग्रेस विरोधी सरकारें बनीं, जो जल्द ही कांग्रेस की कोशिशों के चलते ही गिर गईं और हर राज्य में अलग-अलग समयों पर विधानसभा चुनाव कराए जाने की परंपरा चल पड़ी।

जो भी हो, हकीकत फिलहाल यही है कि बीजेपी के अलावा देश में कोई भी पार्टी ऐसी नहीं है जिसके पास एक साथ होने वाला देशव्यापी त्रि-स्तरीय चुनाव लड़ने लायक संसाधन और कार्यकर्ता मौजूद हों और बीजेपी ने भी यह ढांचा अपने दम पर नहीं खड़ा किया है। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने सौ साल की लगातार कोशिशों से गांव-गांव, गली-गली में कार्यकर्ताओं का ढांचा तैयार किया है। बाकी पार्टियों का जमीनी ढांचा चुनाव के समय ही नजर आता है, वह भी तब जब वे सरकार में हों या सरकार बनाने की नजदीकी होड़ में शामिल हों। इस व्यावहारिक समस्या को और इससे जुड़े एकदलीय-एक सांस्कृतिक शिकंजे के खतरे को एक तरफ रख दें तो सारे चुनाव एक साथ कराने की बात में कुछ सैद्धांतिक समस्याएं भी जुड़ी हैं। आकार के मामले में दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की कुछ बराबरी अमेरिका के साथ ही खोजी जा सकती है, जहां हर दो साल पर बड़ी चुनावी हलचलें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रपति चुनाव चार साल पर होते हैं, लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यकाल आधे पर पहुंचता है, बहुत बड़े पैमाने पर गवर्नरों और सीनेटरों के चुनाव होते हैं। इन चुनावों में ऐसा अक्सर होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी संसद के दो में से एक सदन में या कभी-कभी दोनों में ही अल्पमत में आ जाती है। चलताऊ जुबान में लोग इसे राष्ट्रपति का कुड़क मुर्गी वाली स्थिति में पहुंच जाना कहते हैं, लेकिन इसे अपने सिस्टम की शक्ति मानते हैं।

अमेरिका से तुलना करके देखें तो भारत में राजनीतिक व्यवस्था की समस्या कुछ और है, जिस पर हमारे यहां कोई बात ही नहीं होती। यह समस्या है पार्टियों में स्थानीय जनतंत्र की संपूर्ण अनुपस्थिति। अमेरिका में दोनों प्रमुख पार्टियों की टोला-मोहल्ला स्तर की समितियां हैं और पूरे धूमधाम से उनके चुनाव होते हैं। जितनी चर्चा वहां राष्ट्रपति चुनाव की होती है, उतनी ही दोनों पार्टियों की, खासकर चुनौती देने वाली पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव की भी होती है।

कैसी विडंबना है कि दुनिया की और ब्रह्मांड की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाले भारतीय दलों में ऐसे भीतरी चुनावों की कोई परंपरा ही नहीं है। पार्टी का पूरा ढांचा ऊपर से या कहीं बाहर से मनोनीत किया गया होता है। ऐसे में लोकतंत्र के सारे हल्ले के बावजूद भारत की राजनीतिक व्यवस्था किसी न किसी की मनमानी पर ही टिकी है। जड़ में घुन जैसी इस बीमारी का इलाज क्या 'एक देश, एक चुनाव' जैसे किसी ऊपरी नुस्खे से हो जाएगा?

## प्रसंगवश

# फुरसत एक हसरतें अनेक

**इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद, जिस सकारात्मकता का समावेश करता है, उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं।**

बड़े फुरसत से आए हो, फुरसत मिली तो सोचा मिलता चलूं, फुरसत ही कहां मिली, मरने की भी फुरसत नहीं, फुरसत ही नहीं मिलती, बड़े दिनों के बाद फुरसत के ये पल नसीब हुए हैं, कितनी मुश्किल से आज फुरसत का यह पल निकाला है। जैसे जुमलों के बीच फुरसत शब्द अपने आप में बड़ा ही सुकूनदायक है, रोमांचकारी है। भागती- दौड़ती जिंदगी की पटकथा में लगने वाला अल्पविराम है यह। एक फुरसत है और इसको खर्च करने के अनेक विकल्प। फुरसत की जल्द ढल जाने वाली शाम कई रास्तों की ओर फिसल, फिसल जाना चाहती है।

फुरसत मिली तो यह कर डाला, फुरसत मिली तो आज लॉन्ग ड्राइव पर निकल गए, फुरसत मिली तो आज यह चित्र पूर्ण उकेरन को पा गया, फुरसत मिली तो आज यह सिनेमा देख ली, फुरसत मिली तो आज इस पुस्तक को पढ़ डाला, फुरसत निकाल कर हम उनसे मिलने गए। मतलब एक फुरसत और अनेक हसरतें। यह फुरसत आपको जाड़े की गुनगुनी धूप में बैठने का आनंद देता है तो मदमाती चांदनी में नहाने का भी। उत्तम स्वास्थ्य हेतु श्रम और विश्राम का सधा हुआ संतुलन फुरसत लेकर आता है। आप इन पलों में वे करते हैं, जो आप सच में करना चाहते हैं, जिसे कर आपको जीवन जीने का सबसे सुखद अनुभव होता है।



रीता रानी
जमशेदपुर, झारखंड

इन क्षणों का आनंद आपके अंदर जिस आनंद, जिस सकारात्मकता का समावेश करता है, उसका भौतिक मूल्यांकन संभव नहीं। एक फुरसत आपको संगीत, कैनवास, बागवानी, सैर-सपाटा, चलचित्र की ओर खींचे लिए बढ़ जाता है। एक फुरसत और अनेक रचनात्मकता के द्वार। लगातार काम के बाद ये केवल आराम के पल नहीं होते, बल्कि वे पल होते हैं जिनमें आप अपने सपनों के साथ जीते हैं। क्षमता फिर से उर्जान्वित होती है और जिंदगी उदास, नीरस व बोझिल होने से बच जाती है।

# ताकि लोकतंत्र रहे बेदाग



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

**राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है–देश की जनता।**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है-जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से पांच प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। नौ सांसद ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं। जबकि 28 ऐसे हैं जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, वहीं तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं, जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है, किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है।

यहां पर विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि अपराध में संलिप्त लोगों को लोकतंत्र की कमान कैसे मिल जाती है? कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एजेंडे के पहले बिंदु के रूप में इस संकल्प को क्यों नहीं शामिल करती कि वह जुर्म की दुनिया से जुड़े किसी भी शख्स को पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं प्रदान करेगी। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है? जनप्रतिनिधि के चयन की कसौटियां शायद आज बदल चुकी हैं। यही वजह है कि आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हुए व्यक्ति भी लोकतंत्र के मसीहा बनने का सौभाग्य बड़ी आसानी से प्राप्त कर ले रहे हैं।

जनता जनार्दन भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय उन लक्ष्यों एवं एजेंडों को ध्यान में नहीं रखती जोकि समग्र विकास एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं, लिहाजा जुर्म से जुड़े हुए लोग बड़ी आसानी से लोकतंत्र के महल की राह खोज लेते हैं। जहां लोकसभा एवं विधानसभा में एक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा क्रमशः 95 लाख एवं 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है, वहीं दूसरी तरफ वास्तविकता तो कुछ और ही रहती है। प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा पैसा खर्च किया जाता है। जनता का कुछ प्रतिशत ऐसा भी है जिसको धन के माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जाता है और यह वर्ग भी लालच अथवा अपनी मजबूरी के वशीभूत होकर अपना मत बेचने पर सहमत हो जाता है।

राजनीति में अपराध का समावेश लोकतंत्र पर एक धब्बा है और यह धब्बा सबसे ज्यादा अगर किसी को नुकसान पहुंचता है तो वह है-देश की जनता। जब तक अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इन चुनौतियों से निपटने का उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा रोड़ा

दुआ और प्रार्थना में भले ही आपसी झगड़े हों, लेकिन गति दोनों की एक सी ही है। लाखों फलस्तीनियों का जो हाल है वो बद से बदतरीन होता जा रहा है। किस इस्लामिक मुल्क के मुस्लिम इनके लिए दुआ नहीं मांगते होंगे। इस ईद पर सारे इस्लामी मुल्क उनके लिए फिर एक बार दुआ करेंगे, लेकिन कोई दुआ असर करती नजर नहीं आती। अब या तो दुआ मांगने वालों में ही कोई खोट है या ये एक गलतफहमी है कि दुआ से कुछ होता है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यही हाल प्रार्थनाओं का हैं। करोड़ों लोग रोज प्रार्थना करते हैं। खैर किसी की प्रार्थना/दुआ के बारे में बहुत दावा नहीं कर सकता, लेकिन मेरी एक प्रार्थना आज तक पूरी नहीं हुई और अगर कहीं ये पूरी हो जाए तो देश की आधी समस्याएं छू मंतर हो जाएंगी। अपनी इस प्रार्थना के पीछे की कहानी कहना भी थोड़ा जरूरी है। वरना आप समझ नहीं पाएंगे। हुआ यूं कि एक नए शहर में मेरी बदली हुई। शहर में मुझे कुछ पाइप खरीदने थे तो दुकानदार ने कहा कि चलिए अपने गोदाम से दे देता हूं। उसका गोदाम भी सरकारी जगह घेर कर बनाए धर्म स्थल के अंदर ही था। धार्मिक स्थलों के नाम पर जगह घेर उनका व्यवसायिक उपयोग बहुत सामान्य बात है। किसी भक्त को इससे कोई कष्ट नहीं होता। हमारे शहर में टाटा कंपनी ने लोगों के सार्वजनिक उपयोग के लिए बहुत सी खाली जगह छोड़ रखी थी, लेकिन धंधेबाजों ने हर जगह धर्म स्थल खड़े कर दिए। एक ही लाइन से पास-पास तीन चार धर्म स्थल देख अफसोस होता है।

कायदे से हम उतने धार्मिक नहीं जितना होने का दिखावा करते हैं और जितने धर्म स्थल बना डालते हैं। इस सार्वजनिक पैसे से इन खुली जगहों पर जनता के हित में अनेक काम किए जा सकते हैं, लेकिन धंधेबाजों को इससे क्या मतलब और शायद भक्तों को भी इससे कोई तकलीफ नहीं। चलते रास्तों को अवरुद्ध कर जिस तरह धर्म स्थल इस देश में बनाए गए हैं। ऐसे धर्म स्थलों के सामने से मैं जब भी गुजरता हूं तो एक बार वहां के ऊपर वाले से अपने भक्तों को ज्ञान देने की प्रार्थना/दुआ जरूर करता हूं। अब ब्राह्मण तो मैं हूं नहीं वरना श्राप (बदुआ) जरूर दे देता। वैसे इस कलियुग में दुआ, प्रार्थना और श्राप की एक ही गति है। ये सब मानसिक स्खलन से ज्यादा कुछ भी नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

# लोकप्रिय संस्कृति और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया है।**

लोक साहित्य अथवा लोक संस्कृति सामान्यजन की रचना होती है, समष्टिजन की रचना होती है, उसकी एक निरंतर परंपरा होती है तथा उसकी चेतना सर्वमंगल से परिपूर्ण होती है, सब के भले में भला। लोक गीत, लोक कहानी, गाथा और पुराण पूरे समाज की थाती होती है तथा समाज उनके द्वारा मनुष्य के प्रति तथा मनुष्य की प्रकृति के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार को नियमित निर्धारित करता है।

लोक कथा प्रक्रिया या समष्टि प्रक्रिया में संपूर्ण समाज या संपूर्ण लोक जीवन की भागीदारी होती है। लोक साहित्य की चेतना सर्वजन चेतना है। इसके विपरीत लोकप्रिय संस्कृति की रचना व्यावसायिक कलाकारों द्वारा होती है। हालांकि वे अपनी वस्तु, विचार और अभिव्यक्ति शिल्प लोक संस्कृति से ही प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा लोगों को आकर्षित भी करते हैं। अधिक श्रोता और दर्शकों को पाने की होड़ में वे सेक्स, अपराध और दुस्साहसिक प्रवृत्तियों और प्रकृत जीवन को भी लोकप्रिय संस्कृति में समाविष्ट कर लेते हैं। अभिजात वर्ग विकसित देशों के जीवन की होड़ करता है तथा लोकप्रिय संस्कृति इस वर्ग की नकल करती है। लोक संस्कृति की प्राचीन परंपरा का विवेक, दर्शन और सहज ज्ञान तो लोकप्रिय संस्कृति में नहीं होता है, क्योंकि लोकप्रिय संस्कृति भोगवादी है। वह आध्यात्मिक प्रेरणा देने में असमर्थ है, उसमें आंतरिक प्रेरणा का स्रोत नहीं है। वह व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित है। आह और कराह के भी पैसे लिए जाते हैं। लोक संस्कृति में सभी दर्शक सभी पात्र स्वतः प्रेरित हैं। जबकि लोकप्रिय संस्कृति में कुछ किराए पर लाए गए पात्र स्टेज पर हैं, बाकी उस दृश्य के उपभोक्ता हैं।

लोकप्रिय साहित्य के अंग-उपांग लोकजीवन की नकल से बनते हैं, लोकजीवन से राग या लय ले ली, शैली ग्रहण कर ली, कहानी ले ली, लेकिन उसकी चेतना लोक चेतना नहीं होती, वह वर्ग या व्यक्तिचेतना होती है, उसमें लोकहित के आवरण में व्यक्ति या वर्ग स्वार्थ की चेतना होती है। उससे कमाई करना, दोहन और शोषण करना। उदाहरण के लिए लोकनृत्य गरबा को देखें, गरबा मूलतः एक आनुष्ठानिक लोकनृत्य है। गो ब्रजरमण लालजी की ब्रजयात्रा का अवसर था। गुजराती महिलाएं यात्रा कर रही थीं, मधुवन का पड़ाव था, यात्रा लौट करके जल्दी आ गई। संध्या के समय महिलाओं ने गरबा का आयोजन किया, कितना भक्तिभाव-विभोर नृत्य था, जैसे जसोदा का लाला उनके साथ मौजूद है। वे बार-बार भावों में उसकी बलैया लेती नाच रही थीं।

आज की व्यावसायिकता ने इस लोकनृत्य की पवित्रता को खत्म कर इसे एक 'डिस्को कल्चर' में बदल दिया। श्रद्धा का स्थान अब एक भोंडी लोकप्रियता ने ले लिया और अब वह एक युगल 'क्लब डांस' बन चुका है। लोकप्रिय गरबा ने मध्यम वर्ग व महिलाओं को इससे दूर कर दिया, इनकी जगह किशोर या युवा वर्ग आ गया है। डांडिया खेलने वालों में अधिकतर 18-25 वर्ष के लोग नजर आते हैं। सुना है कि अब उसमें शामिल होने की टिकट भी बेची जाती है। यही बात हम फिल्म के क्षेत्र में देख रहे हैं। लोक साहित्य और लोकप्रिय साहित्य में वही अंतर है, जो एक जमाने के राष्ट्रीय नेताओं की स्वतः स्फूर्त जनसभा और आज की रैली (जिसमें किराए की भीड़ जुटाई जाती है) में है।

# कौन संभालेगा बिजनेस

करोल बाग के अजमल खान पार्क में सुबह तीन दोस्त घूमने के बाद एक बैंच पर बैठे हैं। कायदे से लंबी सैर के बाद इन सबको खुश होना चाहिए, पर सबके चेहरे पर तनाव की लकीरों को पढ़ा जा सकता है। इन सबकी चिंता एक जैसी है। इनके बच्चे अपने फैमिली बिजनेस का हिस्सा नहीं बनना चाहते। वे कुछ हटकर करना चाहते हैं या करने ही लगे हैं। इस कारण से जमे-जमाए हुए बिजनेस पर संकट आ गया है। कुछ के बच्चे भारत से बाहर कनाडा, अमेरिका, दुबई या आस्ट्रेलिया में सेटेल हो गए हैं, जो बाहर चले गए हैं, वे वापस आने को तैयार नहीं हैं।

ये स्थिति सिर्फ करोल बाग में ही नहीं है। ये सारी दिल्ली में हो रहा है। दर्जनों बिजनेस करने वाले परिवारों के बच्चे अपने तरीके से जिंदगी जीना चाहते हैं। वे उसी लाइन पर चलने को राजी नहीं हैं, जो उनके बड़े-बुजुर्गों ने खींची है। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट और विकास मार्ग में अपने स्थापित कपड़ों और ज्यूलरी के शो-रूम चला रहे कई परिवार अब अन्य विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। एक विकल्प यह है कि वे अपने स्पेस को रेंट पर दे दें। कुछ समय पहले करोल बाग में एक पुराने स्थापित साउथ इंडियन रेस्तरां और ड्राई फ्रूट की दुकान को रेंट पर दे दिया गया है। इसकी वजह वही है। नई पीढ़ी अपने परिवार के बिजनेस को करने में दिलचस्पी नहीं ले रही।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल जिन्हें अपने परिवार के बिजनेस को संभालना चाहिए था, वे सुबह 10 बजे से रात के 9-10 बजे तक शो-रूम में बैठने को तैयार नहीं हैं। कनॉट प्लेस के एक प्रसिद्ध शूज शोरूम के मालिक जॉर्ज च्यू भी अपने शोरूम पर ताला लगाने के बारे में सोचने लगे थे जब उनका बड़ा बेटा कुछ साल पहले कनाडा सेटेल हो गया था। छोटे बेटे के पास आईआईटी, दिल्ली से बी.टेक की डिग्री लेने के बाद देश-दुनिया से नौकरियों के बहुत सारे शानदार प्रस्ताव थे। वह टॉपर टाइप था आईआईटी में। उसने पिता की चिंता को समझा और वह अपने शोरूम को देखने लगा जिसे उसके दादा ने 1937 में शुरू किया था। बिजनेसमैन नरेन भीखूराम जैन का परिवार दिल्ली में एक सदी से भी अधिक समय से बिजनेस कर रहा है। उन्हें हर दूसरे-तीसरे दिन उनका कोई जान-पहचान का व्यक्ति वही बात बताता है जिसकी वजह से न जाने कितने व्यापारियों की पेशानी से पसीना निकल रहा है। नरेन के पिता भीखूराम जैन दिल्ली से सांसद भी रहे थे। स्थिति यह हो चुकी है कि दशकों से जमा हुआ बिजनेस करने वाले कई परिवार भी अपने कारोबार के भविष्य को लेकर परेशान हैं। उनके कामकाज को आगे लेकर जाना वाला कोई नहीं है। हालांकि काम सही चल रहा है और मुनाफा कमाकर दे रहा है।

आज से करीब बीसेक साल पहले कनॉट प्लेस का मशहूर नरूलाज रेस्तरां बंद हो गया था। वह तब अपनी लोकप्रियता के पीक पर था। नरूलाज के पिज्जा, आइसक्रीम, चाइनीज फूड, पेस्ट्रीज, केक वगैरह के जायके लाजवाब होते थे। कनॉट प्लेस का 1933 में श्रीगणेश हुआ और उसके अगले ही साल 1934 में एल ब्लाक में लक्ष्मी चंद नरूला तथा मदन नरूला ने नरूलाज होटल शुरू कर दिया। नरूलाज में 1950 में 'चाइनीज रूम' नाम से चाइनीज रेस्तरां शुरू हुआ। इसे राजधानी का पहला चाइनीज रेस्तरां माना जाता है। इसके बंद होने की वजह थी कि नरूलाज के मालिकों के बच्चे भारत से बाहर सेटेल हो गए थे वे उम्र दराज होने लगे थे। आखिर में उन्होंने अपना सारा बिजनेस समेट लिया, पर अब तो नरूलाज जैसे हालात बहुत व्यापक स्तर पर पैदा हो रहे हैं। इसका क्या हल है, यह चिंता न जाने कितने कारोबारी परिवारों को खाए जा रही है।

# अमेठी-रायबरेली सीट पर अपनों में फंसी कांग्रेस

## नेतृत्व की चुप्पी से कार्यकर्ताओं में बेचैनी, राहुल-प्रियंका और राबर्ट वाड्रा में आखिर कौन

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमेठी-रायबरेली के राजनीतिक हलके में रोज नित नए खुलासे किए जा रहे हैं। दोनों जिले के लोकसभा प्रत्याशी को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं के होठों पर मुस्कान है तो वहीं शब्दों में तलवारें। उनको मालूम है कि अगर जुबान फिसल गई तो विरोधियों की तलवारें चलने लगेगी, जो वोट बैंक की फसल काट देगी। दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे हैं, वो बस मांग रहे हैं जनता से अपने हिस्से के वोट गांधी परिवार के समर्थन में।

राबर्ट वाड्रा के बयान के बाद अमेठी में उनके नाम की भी चर्चा होने लगी कि दामादजी ही कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे। वहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद से रायबरेली में चुप्पी छाई थी। ऐसी चुप्पी जैसे मन करता हो किसी ने कांग्रेसियों पर पत्थर गिरा दिया हो। पर राबर्ट के एक चैनल को दिए इंटरव्यू के बाद हर कोई बोलने लगा है दामाद अगर अमेठी और रायबरेली से प्रियंका या राहुल गांधी में से एक कोई चुनाव मैदान में आए तो दोनों जगह गांव-गांव बाहें फैलाकर कांग्रेसी उनको जिताएंगे।

रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी को लेकर एक इंटरव्यू में कहा है कि मेरे लिए यह मांग आ रही है कि मैं अमेठी को या देश के किसी भी कोने को प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा बोले अगर मैं सांसद बनने का फैसला करता हूं तो अमेठी के लोग मुझसे अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करते हैं।

वर्षों तक गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर में कड़ी मेहनत की है। प्रियंका गांधी का भी अमेठी-रायबरेली की जनता से खासा लगाव है।




### अजब रणक्षेत्र

**दोनों जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता खामोश बैठे- बस मांग रहे जनता से कांग्रेस और गांधी परिवार के समर्थन में वोट**

### हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा

कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि रायबरेली-अमेठी दोनों सीट पार्टी जीतेगी। इसके लिए 2019 में स्मृति ईरानी से मिली हार के बाद से ही हर बूथ पर वोट बढ़ाने की रणनीति पर काम चल रहा है, जो 2024 के चुनाव में दिखेगा। प्रदेश में हमारा वोट शेयर यहां सबसे ज्यादा होगा।



### 1967 में इंदिरा गांधी तो 2004 में आईं सोनिया गांधी

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था। वहीं 2004 में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आईं। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

### स्मृति ईरानी से अमेठी के लोग परेशान : वाड्रा

अमेठी के लोग वास्तव में वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी से परेशान हैं। लोगों को लगता है कि उन्होंने उन्हें चुनकर गलती की है। अमेठी के लोग चाहते हैं कि अब यहां से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़े। वे मेरी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। प्रियंका की क्या सोच है या बाकी लोगों की क्या सोच है उस बारे में अमेठी के लोग इंतजार करें।

### रायबरेली सीट

| वर्ष | पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | वोट दर | जीता कौन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 534918 | 56% | 167178 वोटों से सोनिया गांधी |
| | भाजपा | दिनेश प्रताप सिंह | 367740 | 38% | |
| 2014 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 526434 | 64% | 352713 वोटों से सोनिया गांधी |
| | भाजपा | अजय अग्रवाल | 173721 | 21% | |
| 2009 | कांग्रेस | सोनिया गांधी | 481490 | 72% | 372165 वोटों से सोनिया गांधी |
| | बसपा | आरएस कुशवाहा | 109325 | 16% | |

### अमेठी सीट

| वर्ष | पार्टी | प्रत्याशी | कुल वोट | वोट दर | जीता कौन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | भाजपा | स्मृति ईरानी | 468514 | 50% | 55120 वोटों से स्मृति ईरानी |
| | कांग्रेस | राहुल गांधी | 413394 | 44% | |
| 2014 | कांग्रेस | राहुल गांधी | 408651 | 47% | 107903 वोटों से राहुल गांधी |
| | भाजपा | स्मृति ईरानी | 300748 | 34% | |
| 2009 | कांग्रेस | राहुल गांधी | 464195 | 72% | 370198 वोटों से राहुल गांधी |
| | बसपा | आशीष शुक्ला | 93997 | 15% | |

### मतदाता जागरुकता अभियान में जुटे विद्यार्थी





बाराबंकी में मतदाताओं को जागरुक करती शिक्षिका। अमृत विचार

**लखनऊ अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है। इसके लिए छात्र- छात्राएं न केवल निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बल्कि रंगोली, स्लोगन व दीवार लेखन के जरिए लोगों को प्रेरित करने केलिए जुट गए हैं। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया है। शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील करते हुए कहा गया है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें।

## मतदाताओं को लुभा रहा रामनगरी का विकास

# चुनाव की अंतर्धारा में गूंज रही अयोध्या



### अयोध्या पहुंच रहे प्रदेश के हजारों मतदाता

पड़ोस के गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर से बाराबंकी तक के हजारों श्रद्धालु मतदाता दर्शन-पूजन के लिए रोज अयोध्या पहुंच रहे हैं। साफ कहते हैं कि अयोध्या का विकास अदभुत है। इसका प्रभाव पड़ोस के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर पड़ रहा है। बस्ती के परशुरामपुर के दिलीप कुमार पांडेय कहते हैं कि अयोध्या के साथ राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ स्थल से चलने वाली परिक्रमा से क्षेत्रका विकास होगा। यह चुनाव में प्रभाव डाल रहा है। गोंडा के परसपुर से आए रज्जन तिवारी कहते हैं अयोध्या का प्रभाव बाबा तुलसी की जन्म स्थली पसका और राजा पुरवा तक दिख रहा है। अयोध्या से विकास का मुद्दा यहां भी है।




राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले के साथ प्रदेश के अन्य जिलों के चुनाव की अंर्तधारा में अयोध्या गूंज रही है। इन जिलों के मतदाताओं को रामनगरी का विकास लुभा रहा है। कई हजार करोड़ की परियोजनाएं, लाखों श्रद्धालुओं की आमद से बदली तस्वीर उन्हें रास आ रही है। अयोध्या से उनको बड़ी उम्मीद है। ऐसे विकास की अपेक्षा करते हैं। अयोध्या का विजन पड़ोस में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है।

अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गई तो कुछ पूरी होने वाली है। एयरपोर्ट से आधुनिक रेलवे स्टेशन, चौड़ी सड़कें, हाईवे से जुड़ाव ऐसे काम है साफ दिखते हैं। पड़ोसी जिले के लोगों को लुभाते हैं। चुनाव का दौर है। तुलना स्वाभाविक है। गोंडा तरबगंज के शेष नरायन पांडेय दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए। कहते हैं अयोध्या बहुत बदल गई। इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी थी। हमारे जिले में भी ऐसा होता तो कितना अच्छा रहता। बात छेड़ते हैं 84 कोसी परिक्रमा की।

अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 232 किमी. लंबा यह मार्ग अयोध्या सहित पड़ोस के पांच जिलों बस्ती, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा से होकर निकलता है। फोरलेन पथ बनेगा, श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी। गोंडा में लगभग 60 से 70 किमी. की दूरी है। बस्ती में 30 से 40 किमी.। बाराबंकी और अंबेडकरनगर में भी कुछ दूरी है। पथ और पथ के इर्द-गिर्द बड़े धर्मस्थल, ऋषियों की तपस्थलियां है। 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण से विकास की उम्मीद है। इसके बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेगे। उनके क्षेत्र का भी विकास होगा। अयोध्या का यह विजन चुनाव में मुद्दों का वजन बढ़ा रहा है। इन जिलों के प्रत्याशी भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष अयोध्या से होने वाले विकास को भुना रहे हैं।



### विकास का नया द्वार खोलेगा एडीए का विस्तार

चुनाव की अंतरधारा में अयोध्या विकास प्राधिकरण का विस्तार भी है। गोंडा और बस्ती के लिए अयोध्या वरदान बन रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण का क्षेत्र बढ़ा। अयोध्या जिले के 154 गांवों के साथ गोंडा के 63 और बस्ती के 126 गांव शामिल कर दिए गए। यह विस्तार गोंडा के नवाबगंज तक पहुंच गया। यह सरयू पार के गांव है। ज्यादातर कछारी थे। जमीनों के दाम बढ़े। बड़े होटल और धर्मशालाओं के साथ दुकान और प्रतिष्ठान बन रहे हैं। रिवर फ्रंट जैसी स्थिति बन रही है। नई अयोध्या उधर बढ़ रही है। रौनक बढ़ गई। गोंडा, बस्ती में यह विकास का द्वार खोल रहा है।

# योजनाओं के आगे फीकी वादों की गठरी

## मोदी की मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं बन रहीं गेमचेंजर

## बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थ के दाम और महंगाई के मुद्दे क्यों हैं बेअसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सखी सईंया तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाये जात है.. जब 13 अगस्त 2010 को रिलीज़ हुई पीपली लाइव फिल्म तो इस गीत ने कमाल का असर दिखाया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर इस कदर हमले किए कि देखते ही देखते चार साल के भीतर कांग्रेस सरकार और महंगाई एक-दूसरे के पूरक बन गए। नतीजा रहा कि भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता ही नहीं छीनी, कांग्रेस मुक्त अभियान को भी असरदार बनाया। लेकिन अब पेट्रोलियम पदार्थों से लेकर आम जरूरत के हर सामान का दाम दिन दूना रात चौगुना रफ्तार से बढ़ने के बावजूद महंगाई का मुद्दा असरदार नहीं दिख रहा है।

महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता में लामबंदी बहुत कम देखी जाती है, लोग सड़कों पर नहीं उतरते तो मान लीजिए कि यह सरकारों का सौभाग्य है। लेकिन असल में यही देश का दुर्भाग्य भी है। नेता एक-दूसरे को कोसते रह जाते हैं। कोई कहता है पुराने दिन ही भले थे, कोई अच्छे दिन की ढांढस बंधाता रह जाता है। लेकिन समस्या जस की तस मुंह बाये खड़ी है। ऐसे में मोदी सरकार की गांव से लेकर शहर तक मुफ्त अनाज समेत 10 सरकारी योजनाएं वोट की गांरटी बन गई हैं।



### इंडिया गठबंधन का महंगाई घटाने व रोजगार पर फोकस

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के जारी हुए 48 पेज के न्याय घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गांरटी के जरिए महंगाई पर करारा हमला करते हुए रोजगार पर फोकस ज्यादा है। रसोई गैस समेत कई प्रमुख जरुरतों के दाम अपनी पिछली सरकार के स्तर पर लाने का वादा भी है। युवा, महिला, मजदूर और किसान के लिए खास वादे हैं। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की योजनाओं का वादा किया गया है। लेकिन मोदी की गारंटी के आगे घोषणा पत्र कितना असर दिखाएगा, यह परिणाम तय करेंगे।

### मतदाताओं को लुभाती मोदी की यह 10 योजनाएं

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में इसका खूब असर दिखा था, इस चुनाव में भी बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है। योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।
- **महिला सम्मान बचत पत्र :** पिछले साल आम बजट 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7 .5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है, कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक खाता खुलवा सकती है।
- **पीएम विश्वकर्मा योजना :** इस योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले लागू किया, बाद में केंद्र सरकार ने अपनाया। हाल यह है कि चुनाव में खासा असर दिखा रही है। नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर।
- **पीएम स्वनिधि योजना :** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 1 जून 2020 को हुई थी। इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है।
- **पीएम किसान सम्मान निधि :** पीएम किसान सम्मान निधि का एलान प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है।
- **आयुष्मान भारत योजना :** आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है।
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को दो लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपए सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्यत से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है।
- **अटल पेंशन योजना :** यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है।
- **उज्ज्वला योजना :** मोदी ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

# कहीं नहीं दिख रहा चुनाव का जोर

हरदोई

**शांत बैठे हैं प्रत्याशी व राजनीतिक दल, गायब हो गए माइक व भोंपू**

**अमृत विचार:** एक समय था जब चुनाव की घोषणा होते ही सड़कों पर शोर शराबा, रैलियां शुरू हो जाती थीं, बड़े-बड़े वाहनों पर गाते बजाते लोग प्रत्याशी के लिए वोट मांगने लगते थे, लेकिन अब समय बिल्कुल बदल गया है। 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर किसी भी प्रत्याशी या उनके समर्थकों में कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। केवल जिला प्रशासन स्वीप रैलियां व बैठकें कर रहा है।

प्रशासन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं, लेकिन प्रत्याशी व जनता बिल्कुल शांत है। गांव से लेकर शहर तक किसी भी प्रत्याशी की हार-जीत को लेकर कोई चर्चा अब तक नहीं हो रही है। चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अब चुनावों से पहले होने वाला शोर शराबा, पोस्टर बाजी, बिल्ला स्टीकर कहीं नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। पहले चुनाव शुरू होते रिक्शों पर बाइक बांध कर सुबह से रात तक चुनावी प्रचार होता रहता था। गलियों से लेकर मुख्य चौराहे तक बड़े-बड़े पोस्टर, होर्डिंग्स से पट जाते थे। गांव में बच्चे तक चुनावी बिल्ला, झंडा लिए दिखाई पड़ते थे। शहर से लेकर गांव तक चुनाव की धूम मची रहती थी, लेकिन अब चुनाव आयोग की सख्ती के चलते अधिसूचना जारी होते ही प्रचार सामग्री हटाई जाने लगती है। चुनाव को लेकर सिर्फ प्रशासन की तैयारियां दिखाई पड़ रही हैं। मतदान बढ़ाने को लेकर गांव से शहर तक हर वर्ग की रैलियां निकाली जा रही हैं। जिले का चुनाव इतना शांत है कि जनता में किसी प्रत्याशी के लिए कोई उत्साह नहीं है। वर्षों से जिन दो चेहरों को वह सांसद के रूप में देख रहे हैं, वहीं चेहरे फिर मैदान में हैं। चुनाव जीतने के बाद दोनों चेहरे जनता से रूबरू नहीं होते हैं।



**शैली प्रचार की** | राजधानी लखनऊ में चुनावी अंकगणित मजबूत करने की कवायद में जुटी भाजपा

# बूथ मजबूत कर भाजपा प्रचार अभियान में बाजी मारने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक ओर मोदी की चुनावी पाठशाला और नमो ऐप के जरिए जन-जन से सीधे संवाद तो दूसरी ओर पन्ना प्रमुख बना बूथ मजबूत कर आगे बढ़ता भाजपा का चुनावी कार्यक्रम अब धीरे-धीरे रफ्तार लेने लगा है।

जहां विपक्षी दल अभी उम्मीदवार तय करने में फंसे नजर आ रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई एलईडी वाहनों की परमीशन ले अपने चुनावी अभियान में अन्य दलों से ''लीड'' लेती दिख रही है। कोई भी ऐसा अवसर भाजपाई हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं जहां उनकी चुनावी ''अंकगणित'' मजबूत न हो रही हो। चाहे वह भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे होली मिलन समारोह के कवि सम्मेलन हों या फिर आने वाले दिनों में होने वाले महानगर के स्थापना दिवस समारोह।



### कम भीड़भाड़ वाले स्थलों पर वीडियो वैन बताएंगी उपलब्धियां

कम भीड़भाड़ और ज्यादा से ज्यादा लोगों के गुजरने वाले स्थानों पर ये वीडियो वैन सरकार की उपलब्धियां बताती नजर आएंगी। इनमें एलईडी लगी होगी जो मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

### अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे

शहर के अलग-अलग इलाकों में होते होली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन के जरिए व्यापारियों के बीच सीधे प्रवेश कर मंचों से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते नजर आ रहे हैं। सरकार के मंत्री हों या फिर विधायक अथवा कोई अन्य जनप्रतिनिधि, ज्यादातर सभी मंच पर भाजपा का प्रतिनिधित्व नजर आ रहा है। लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी बताते हैं कि हम प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। आगामी दिनों महानगर अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसके जरिए भी बूथ कार्यकर्ताओं तक पहुंच उन्हें चुनावी रणनीति से अवगत कराया जाएगा। बुधवार की शाम पांडेयगंज व्यापार मंडल के कवि सम्मेलन में कई बड़े कवि भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। वीर रस के वरिष्ठ कवि वेदव्रत वाजपेयी ने सुनाया 'भारत मां तेरे बेटों का हर संकट टल जाएगा, चक्र सुदर्शन पहली गाली देने पर चल जाएगा, हमने जो भी कस्में खाईं सब पूरी कर डाली है, इस मिट्टी को कंचन करने की सौगंध उठा ली है, खंडित भारतमाता की पूरी तस्वीर बनाएंगे, अगर 400 पार गए तो सीमा पार भी जाएंगे।

**नमो ऐप के जरिये जन-जन से संवाद की मुहिम**

### मतदाताओं को जगाने में जुटे एलईडी वाहन

- भले ही राजधानी लखनऊ में चुनाव 20 मई को हों लेकिन भाजपाई प्रचार अभियान शुरू कर चुके हैं। एलईडी वाहन बाकायदा मतदाताओं को जगाने में लग चुके हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक प्रचार के लिए एलईडी वाहनों (वीडियो वैन) की परमीशन दे दी गई है। आठ अप्रैल से सभी एलईडी वाहन प्रचार अभियान में जुट जाएंगे।

## एक नजर

### संस्कृत पंडितों को पुरस्कृत करने को बजट जारी

अमृत विचार : राज्य सरकार द्वारा संस्कृत पंडितों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके लिए शासन द्वारा उप्र.संस्कृत संस्थान को प्रस्तावित 44.20 लाख के बजट में आधा 22.10 लाख रुपया भेज दिया गया है। इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में गैर वेतन मद में प्रावधानित 10 करोड के सापेक्ष एक करोड़ 67 लाख रुपये भी भेजे गये हैं।

### दूसरे चरण के चुनाव के लिए 94 प्रत्याशी मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 94 प्रत्याशी मैदान में हैं। 8 अप्रैल को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। इस चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में 81 नामांकन खारिज हो गए। अब अमरोहा सीट पर 12, मेरठ में नौ, बागपत में सात, गाजियाबाद में 14, गौतमबुद्धनगर में 15, बुलंदशहर में छह, अलीगढ़ में 16 व मथुरा सीट पर 15 प्रत्याशी रह गए हैं। उन्होंने बताया कि इस चरण में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरुष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता व 787 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7797 मतदान केन्द्र व 17677 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं।

# सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का करवा देते हैं राम नाम सत्यः योगी

## बागपत व अलीगढ़ की चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने दिखाए अपराधियों पर सख्त तेवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अलीगढ़ में चुनावी रैली में जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बागपत और अलीगढ़ की चुनावी रैली में अपराधियों पर सख्त तेवर दिखाए। कहा कि प्रदेश में कभी कोई सोचता था कि यहां बेटी और व्यापारी रात को निडर होकर घर से निकल सकते हैं, लेकिन आज यह संभव है। हम सिर्फ राम को ही नहीं लाएं हैं, बल्कि बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का राम नाम सत्य भी करवा देते हैं। जो समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा उसका राम नाम सत्य भी तय है।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए राजनीतिक विरोधियों पर भी जमकर जुबानी हमला किया। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सुरक्षित उप्र का सपना पूरी तरह से साकार हो चुका है। बागपत में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भारत माता के महान सपूत और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की पावन धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का आभार, जिन्होंने चौधरी साहब के मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखा और अन्नदाताओं के मुद्दों को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया और किसान के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया। कहा कि पहले 5 से 10 साल में में गन्ना मूल्य मलता था, अब एक हफ्ते में भुगतान हो रहा है।

अलीगढ़ के बरौली में मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए

- **कहा- जिस सुरक्षित उत्तर-प्रदेश का लोगों ने सपना देखा था, वह बन गया है हकीकत**
- **मुख्यमंत्री ने कहा, अब 5-10 साल में नहीं, एक हफ्ते में हो रहा गन्ना मूल्य का भुगतान**

कहा कि पूरे देश में उत्तर, पूरब, पश्चिम और दक्षिण में तीसरी बार मोदी सरकार यही आवाज गूंज रही है। वर्तमान में दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। इतना ही नहीं आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है जबकि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिक कार्य हो रहे हैं।

आज गाजियाबाद से अलीगढ़ का मार्ग सिक्स लाइन का बन गया है। यहां सीमेंट की फैक्ट्री है, प्रदेश दंगा और कर्फ्यू मुक्त हो गया है। वहीं, कावड़ यात्रा धूमधाम से निकल रही है। दुनिया में अलीगढ़ के हस्तशिल्पी और कारीगरों को सम्मान मिल रहा है। अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर का एक नोड बनने की कार्यवाही चल रही है।

## मेडिकल कॉलेजों में सीनियर रेजीडेंट्स की तैनाती के लिए काउंसिलिंग 8 से

**अमृत विचार, लखनऊः** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी करने वाले 2020 बैच के एमडी-एमएस(विशेषज्ञ) चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तैनात किया जायेगा। इन्हें सीनियर रेजीडेंट के पद पर दो साल के लिए नियुक्त किया जायेगा। कॉलेज आवंटन के लिए आठ अप्रैल से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी, तो 16 से 22 अप्रैल तक ज्वॉइनिंग के साथ संपन्न हो जायेगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा शुक्रवार को ऑन लाइन काउंसिलिंग की तिथियां घोषित कर दी गई है। घोषित तिथियों में आठ से 12 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंजीकरण व प्रपत्रों का सत्यापन किया जायेगा। इकसे बाद 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथिमिकताएं देनी होंगी, उसी दिन 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। जिसके बाद चिकित्सक अभ्यर्थियों को कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा। मालूम हो कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के ज्वाइन करने से मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञता पूर्ण इलाज की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी।

# भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठ का पुलिंदा



भाजपा के राज्य मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते स्वतंत्र देव सिंह और जेपीएस राठौर।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मंत्री स्वतंत्र देव व जेपीएस राठौर ने गिनाई खामी, लगाए आरोप**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। प्रदेश चुनाव संचालन समिति के संयोजक व प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और जेपीएस राठौर ने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासनकाल में देश की जनता को गरीबी और बदहाली ही मिली है। जबकि जनता को विश्वास है कि भाजपा के संकल्प पत्र में जो लिखा हुआ है, वह पूरा होने की गारंटी है क्योंकि इसके पीछे मोदी की गारंटी है।

राज्य मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता में दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र झूठ का पुलिंदा हैं। वे लोग भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने की बात कर रहे हैं, जबकि आजादी के 70 वर्षों तक देश की तस्वीर और तकदीर के साथ धोखा किया। वास्तव में कांग्रेस को भारत से नफरत है, इसलिए वह हमेशा देश को बदनाम करने के बारे में सोचती रहती है। वे वोट देने वाली जनता को राक्षस कहते हैं, महिलाओं को बाजारू कहते हैं और देश को तोड़ने की साजिश करने वालों के समर्थन में जाकर खड़े होते हैं। आरोप लगाया कि घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो तस्वीरें प्रयोग की गई हैं, उसमें एक प्रदूषित नदी की फोटो न्यूयॉर्क की बफेलो नदी की है। जो फोटो क्लाइमेट चेंज को लेकर प्रयोग की गई है, वो थाईलैंड की है। अभी-अभी राहुल गांधी थाईलैंड होकर आये हैं। कहा कि राहुल गांधी अपने नामांकन के रोड शो में अपना झंडा भी उपयोग करने में हिचक रहे हैं क्योंकि कांग्रेस को अपनी पार्टी पर ही विश्वास नहीं है।

# अपराधी-माफिया व दंगाई सपा के घर जमाईः बृजलाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **भाजपा नेता ने शिवपाल के वायरल वीडियो पर साधा निशाना**

**अमृत विचारः** भाजपा के राज्यसभा सांसद व पूर्व डीजीपी बृजलाल ने कहा कि सपा का मूल चरित्र ही धमकाना और धौंस दिखाना है। शिवपाल यादव का बदायूं में वोट न देने पर हिसाब- किताब कर धमकाने की बात करना सपाई असलियत को उजागर करता है। यह बात तो बिलकुल साफ है कि अपराधी, माफिया और दंगाई सपा के घर जमाई हैं।

भाजपा राज्य मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बृजलाल ने शिवपाल यादव का वायरल एक वीडियो का हवाला देते हुए तमाम आरोप लगाए। कहा कि 2004 के लोकसभा चुनाव में बूथ कैप्चरिंग का विरोध करने वाले भाजपा कार्यकर्ता नीरज मिश्रा की नृशंस हत्या किसी से छिपी नहीं है। कन्नौज में अखिलेश यादव के सामने ही भाजपा उम्मीदवार के टुकडे-टुकडे. करने की बात करने वाले नेता को भी सपा प्रमुख का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है कि समाजवादी नेता ऐसा बोल रहे हैं। इनकी हरकतों को जनता ने देखा और झेला है। 2022 के विधानसभा चुनाव में हर जिले में इनका कम से कम एक उम्मीदवार अपराधी या इलाक़े का प्रसिद्ध गुंडा रहा है। 2022 के चुनाव के परिणाम के पहले ही किस प्रकार सपा के नेताओं ने पूरे प्रदेश में अराजकता फैलाई यह किसी से छिपा नहीं है।

बृजलाल ने कहा कि मोदी की बोटी-बोटी करने की बात कहने वाले दंगाई इमरान मसूद सहारनपुर से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार हैं। कैराना में गैंगस्टर और पलायन के जिम्मेदार रहे नाहिद हसन सपा-कांग्रेस गठबंधन के शैडो कैंडिडेट हैं। बहन तो बस नाम को लड़ रही है। इंडी गठबंधन वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का पैरोकार है।

इन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार चला रहे हैं। गुंडों, माफियाओं का इलाज करना वे बखूबी जानते हैं। इस बार भी जनता इन सपाईयों की बदजुबानी और अराजकतावादी सोच को ताले में बंद कर देगी। भाजपा पर उसका आशीर्वाद फिर से क़ायम रहेगा और मोदी के नेतृत्व में 80 सीटें जीतेगी।

# वाहनों में बैठाकर पहले पेपर पढ़वाया फिर परीक्षा केंद्र पहुंचाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रयागराज में आरोग्यम अस्पताल तो लखनऊ में कार में पढ़वाया गया पेपर**
- **प्रति अभ्यर्थी 15-15 लाख में तय हुआ था पर्चा, दो-दो लाख लिए गए एडवांस**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा – 2023 का प्रश्नपत्र लीक करने के बाद गिरोह द्वारा चिन्हित अभ्यर्थियों को चिन्हित स्थानों पर पेपर पढ़ाया गया। लखनऊ में जब स्थाई व्यवस्था नहीं बन पाई तो अस्थाई रूप से व्यवस्था कर शहीद पथ स्थित पलासियो मॉल के पास कई वाहनों को खड़ाकर उनमें अभ्यर्थियों को बैठाकर प्रश्नपत्र पढ़ा दिया गया। इसके बाद उन्हीं कारों से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र भी पहुंचा दिया गया। उधर, प्रयागराज नैनी स्थित आरोग्यम हास्पिटल में अभ्यर्थियों को बुलाकर प्रश्नपत्र पढ़ा दिया गया। इसके बदले गिरोह द्वारा तयशुदा मोटी रकम वसूली गई।

मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह कर रहे थे। डीएसपी द्वारा दो दिनों में राजीव नयन से पूछताछ के क्रम में पता चला कि आरओ-एआरओ परीक्षा के पेपर के बदले डा शरद सिंह से 15 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी देना तय हुआ था। प्रारंभिक परीक्षा जो दिनांक 11 फरवरी 2024 को होनी थी, उसके पहले प्रति अभ्यर्थी दो लाख रुपये देना तय हुआ था। शेष पैसा काम होने के बाद देना था। सभी लड़कों को राजीव नयन मिश्र के नैनी प्रयागराज स्थित आरोग्यम हास्पिटल में ले जाकर पेपर पढ़वाया गया था। आरोग्यम हास्पिटल का मालिक स्वयं राजीव नयन ही है। बाकी लड़कों के लिए कहा कि वह लखनऊ में डॉ. शरद सिंह से सम्पर्क करें।

डॉ. शरद अपनी वरना कार में तथा अन्य वाहनों का इंतजाम कर सभी गाड़ियों को शहीदपथ स्थित पलासियो मॉल के पास खड़ा करवा दिया। तय अभ्यर्थियों को उन्हीं कारों में बैठाया गया और लगभग दो घंटे तक पेपर पढ़ाया गया। फिर अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया।

### अरुण और सौरभ की गिरफ्तारी के बाद से खुलती गई कलई

कौशांबी जिले के थाना मंझनपुर में धोखाधड़ी के दर्ज विभिन्न मामलों में वांछित अरुण कुमार सिंह व सौरभ शुक्ला को 15 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अरुण और सौरभ से पूछताछ में जानकारी हुई कि समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक कराने का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र है। दो अप्रैल को एसटीएफ नोएडा द्वारा राजीव नयन मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया। राजीव नयन मिश्रा से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर एसटीएफ ने अमित सिंह को एसटीएफ मुख्यालय पूछताछ के लिए बुलाया। क्योंकि आरओ-एआरओ परीक्षा में ज्यादातर अभ्यर्थी अमित सिंह से जुड़े थे। राजीव नयन ने पूछताछ में यह भी बताया था कि उसने समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी का पेपर 25 लाख में डा शरद सिंह को बेचा था।

# यूपी में हर हाल में बढ़ाया जाएगा मतदान प्रतिशत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार हर हाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप निर्माण ने यह आश्वासन दिया।

बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरंतर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व कोटेदारों (उचित दर की दुकानों के विक्रेता) के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर व बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। बीएलओ की ओर से बांटी जा रही मतदाता पर्ची व वोटर गाइड की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है, जिससे प्रत्येक मतदाता के पास मतदाता पर्ची व वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। बैठक में लखनऊ नगर निगम के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह व कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बताई।

### भाजपा ने घोषित सार्वजनिक अवकाश को खत्म कर दिया

**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने निषादराज गुह्य व महर्षि कश्यप की जयंती पर घोषित सार्वजनिक अवकाश को खत्म कर दिया। उन्होंने यह बात शुक्रवार को महर्षि कश्यप और निषादराज गुह्य की जयंती पर बधाई देते हुए कही। इस अवसर पर सभी जिला कार्यालयों पर महर्षि कश्यप एवं निषादराज गुह्य की जयंती संपन्न हुई। राजधानी के बालागंज स्थित निषादराज गुह्य की प्रतिमा पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने माल्यार्पण करने के बाद कहा कि भाजपा ने निषाद समाज को अपमानित किया है। सपा सरकार में निषाद समाज को सिंघाड़ा तालाब, मत्स्य तालाब के पट्टे दिये गये थे, अब यह सुविधा छीन ली गई है। पूर्व मंत्री पप्पू निषाद ने कहा कि जब तक भाजपा सरकार नहीं हटेगी तब तक पिछड़ों, दलितों, शोषित-वंचितों को सम्मान नहीं मिलेगा। इस मौके पर मनोज कुमार पाल, अवरोष कश्यप, सूरज लोधी, मुलायम लोधी, राज कमल चौरसिया, आदि नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### महाकुंभः नए पावर स्टेशन के साथ तैयार हो रहीं नई लाइनें

- **उच्च क्षमता के दो पावर स्टेशन तैयार, 94 वितरण परिवर्तक स्थापित**

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए नए पावर स्टेशन स्थापित करने के साथ नई लाइनें बिछायी जा रही हैं। महाकुंभ-2025 के मद्देनजर प्रशासन अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लेना चाहता है ताकि कोई कमी हो तो उसे समय रहते पूरा किया जा सके। इसी के तहत शहर में बिजली के स्थायी कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके तहत शहर में 132 केवी की क्षमता के दो बिजली घर बनाए जा रहे हैं। इसमें एक हेतापट्टी और दूसरा बेली का इलाका शामिल है। हेतापट्टी का बिजली घर चालू हो चुका है। वहीं बेली के स्टेशन को लेकर कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा 94 वितरण परिवर्तक भी स्थापित हो चुके हैं। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पेशवाई के सभी मार्गों से बिजली के पोल हटाए जा रहे हैं। इसके लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। अब कुंभ क्षेत्र के परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में अंडर ग्राउंड केबिल बिछाने का कार्य रफ्तार पकड़ चुका है। इसी तरह ट्रिपल आईटी चौराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड केबिल बिछायी जा रही है।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3. 1. (काव्यशास्त्र) मुग्धा नायिका के सात भेदों में एक भेद, अंकुरितयौवना 2. नवयुवती।

6. जैसे ही, यदि, यद्यपि।

8. 1. वानप्रस्थ आश्रम में प्रविष्ट व्यक्ति 2. भागवत का एक स्कंध 3. कृष्ण यजुर्वेद की एक शाखा।

11. एक भाववाचक प्रत्यय जो विशेषण और संज्ञा के अंत में लगता है जैसे- सुंदर+ता = सुंदरता।

**ऊपर से नीचे**

1. मतभेद, मतभिन्नता।

2. 1. लत, स्वभाव 2. आदत।


4. 1. नगरवासी, नागरिक 2. चतुर, शिष्ट, सभ्य 3. गुजराती ब्राह्मणों में एक कुलनाम या सरनेम 4. नागरी लिपि का कोई अक्षर 5. एक प्रकार का गृहयुद्ध।

5. आंखों के अंदर का वह अवयव जिसपर दृष्टि-बिंब बनते हैं, आंख के अंदर एक प्रकाश-संवेदी ऊतक पर्त, दृष्टि पटल।

7. 1. गुज़र, निर्वाह 2. जीवनयापन।

9. 1. स्तंभ, खंभा 2. चिट्ठी रखने का लिफ़ाफ़ा 3. संधि, जोड़ 4. जोड़ पर लगाया जाने वाला टांका।

10. 1. व्यक्तियों की पंक्तियां



### वर्ग पहेली -30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | | | 2 जे | | 3 बे | |
| 4 प | टा | प | टी | | हा | |
| ल | | | | 5 व | ल | न |
| | 6 अ | नु | मे | य | | |
| | भि | | | 7 सं | गि | नी |
| | ष | | | धि | | |
| 8 दे | व | भा | षा | | 9 जा | नँ |

## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

### सुडोकू -109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य शुरु होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें, लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है।

**कर्क:** आज आपको इच्छित जगह पर स्थानांतरण भी मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के परामर्श लेना हितकर होगा।

**सिंह:** आज विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां होंगी।

**कन्या:** आज सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है। प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता होगी।

**तुला:** आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर रहेंगे। घर की साफ-सफाई में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**वृश्चिक:** आज आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारों से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है।


**धनु:** आज परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। उपयोगी मशीनों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। छोटी सी त्रुटि के कारण काम रुक सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**मकर:** आज शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कुंभ:** आज प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अनावश्यक विषयों पर चर्चा करने से बचें। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

**मीन:** आज गुमी वस्तु आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 15.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- क्यों कि... सुबह : 10.50
- घातक रात : 07.01

SONY PIX
- जर्नी 2 सुबह : 10.52
- जस्टिस लीग रात : 08.50

SONY MAX
- फिरंगी सुबह : 10.00
- लूसिफर रात : 08.30

ZEE CINEMA
- शादी में जरूर आना सुबह : 11.00
- हम साथ साथ हैं रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कालिया सुबह : 11.16
- भेड़िया शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2425 |
| आरआर 21 | 2450-2500 |
| गेहूंफारम | 2700-2750 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 8300-8700 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14600-14800 |
| अरहरस्पेशल1 | 12500-12700 |
| चनादाल | 7150-7250 |
| मटरदाल | 4950-5100 |
| मसूरमलका | 7050-7150 |
| मसूरदाल | 7250-7150 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1500 |
| मैदा | 1410-1400 |
| सूजी | 1480-1500 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1390-1400 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्चस्तर पर

## आरबीआई के मुताबिक, 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर पहुंच गया

मुंबई, एजेंसी



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है।

यह लगातार छठा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.14 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गई।

### यूरोपीय, लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों ने 2023 में यूरोपीय और लातिनी अमेरिकी देशों को निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की। इस दौरान रोमानिया, मोंटेनेग्रो, ऑस्ट्रिया और ग्वाटेमाला में खासतौर से भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ी। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जीवनयापन की ऊंची लागत, कमजोर बाहरी मांग और मौद्रिक सख्ती के कारण यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे बड़े बाजारों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद 2023 में यूरोपीय संघ को भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.1 प्रतिशत बढ़ गया। अधिकारी ने कहा-2023 में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई। इस दौरान रोमानिया, चेक गणराज्य, मोंटेनेग्रो, फिनलैंड, नीदरलैंड, पुर्तगाल, लक्जमबर्ग, आइसलैंड, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय देशों को भारत के निर्यात में स्वस्थ वृद्धि हुई। अधिकारी ने कहा कि ये रुझान यूरोप में मौजूदा अनिश्चितताओं और मंदी के बावजूद भारत के व्यापार में जुझारूपन को दर्शाते हैं। इसी तरह, 2023 में लातिनी अमेरिकी देशों में क्यूबा, उरुग्वे, पैराग्वे, गुयाना, पेरू, मेक्सिको और ग्वाटेमाला को भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

### ई-गेमिंग से संबंधित दायर याचिकाएं न्यायालय ने अपने पास हस्तांतरित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ई-गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने के विरुद्ध नौ उच्च न्यायालयों में दाखिल 27 याचिकाओं पर प्रामाणिक निर्णय संबंधी केंद्र की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली तथा सभी याचिकाएं अपने पास हस्तांतरित कर ली।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की याचिका मंजूर करते हुए उसे ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की लंबित याचिकाओं पर 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ ने एक नोडल अधिवक्ता को भी नियुक्त किया है, जो मामले में रिकॉर्ड एकत्र करेगा। अब इन याचिकाओं पर मई के पहले सप्ताह में सुनवाई होगी।

# भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा: मांडविया

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर है जोर



रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है। मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है। अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा-वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग फसल और मिट्टी की गुणवत्ता के लिए अच्छा है। हम इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के बारे में पूछे जाने पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यूरिया आयात पर निर्भरता खत्म करने के लिए दोतरफा रणनीति अपनाई है। मंत्री ने बताया सरकार ने चार बंद यूरिया संयंत्रों को फिर शुरू किया है और एक अन्य कारखाने को वापस चालू करने का काम जारी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 81,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,450-53,650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## आयुर्वेद उत्पाद बाजार 2027-28 तक 1.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जारी किए आंकड़े

भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप निरोगस्ट्रीट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है। निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है।

### रेपो दर को स्थिर रखने से सेंसेक्स नए शिखर पर

**मुंबई।** नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से घरेलू शेयर बाजार का सूचकांक सेंसेक्स नकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहा जबकि निफ्टी में मामूली गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक यानी 0.03 प्रतिशत बढ़कर 74,248.22 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में सेंसेक्स ने 74,361.11 का नया उच्चस्तर भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 0.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर बंद हुआ।

## केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लेन-देन में आई कमी : शंकर

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर ने दी जानकारी



भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लेन-देन संख्या दिसंबर 2023 में 10 लाख पार कर गई लेकिन उसके बाद इसमें कमी आई है। शंकर ने कहा कि प्रायोगिक आधार पर एक दिसंबर 2022 को सीबीडीसी पेश किये जाने के बाद से लेन-देन की कुल संख्या 2.2 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें प्रतिभागियों की संख्या 50 लाख हो गई है।

उन्होंने कहा-संख्या पहले जैसी नहीं रही है, उसमें कमी आई है। एक दिन में 10 लाख का लक्ष्य लोकप्रिय यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) मंच के साथ जोड़े जाने जैसे उपायों के कारण पहले ही पूरा कर लिया गया था। एक खबर के अनुसार बैंकों ने दिसंबर में डिजिटल रुपये का उपयोग कर कर्मचारी लाभ वितरित किये। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 10 लाख दैनिक लेनदेन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिली। शंकर ने कहा कि अभी सीबीडीसी में 46 लाख उपयोगकर्ता और चार लाख कारोबारी लेनदेन कर रहे हैं। जैसे-जैसे सीबीडीसी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, व्यक्तियों और कारोबारियों के बीच (पी2एम) होने वाले लेनदेन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा-अधिक कारोबारियों के आने के साथ संख्या पी2पी (कारोबारियों के बीच) से पी2एम की ओर स्थानांतरित हो रही है। शंकर ने यह भी कहा कि सीबीडीसी पर एक सुविधा शुक्रवार को शुरू हुई। विशेष रूप से तैयार इस सुविधा के तहत एक किसान को कृषि कच्चा माल खरीदने के लिए धन हस्तांतरित किए गए।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ता की मौत की एनआईए जांच का दिया गया आदेश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में वर्ष 2023 के पंचायत चुनाव से पहले हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की मौत की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मृतक बिजय कृष्ण मोहंती के बेटे प्रसेनजीत ने एक याचिका दायर करके राज्य पुलिस से जांच को एनआईए को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। प्रसेनजीत ने याचिका में कहा है कि पूर्वी मिदनापुर जिले के मोयना इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थकों ने उनके भाजपा कार्यकर्ता पिता पर बम और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में एक महिला नक्सली समेत दो इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया तथा सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले में आठ–आठ लाख रुपए के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है तथा बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

# हमारा काम तो एक ट्रेलर, अभी बहुत कुछ करना है

## राजस्थान की चुनावी रैली में विपक्षी दलों के गठबंधन पर प्रधानमंत्री मोदी का कटाक्ष

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज एक ट्रेलर (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला ऐपेटाइजर बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी थाली बाकी है और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। भारतीय सेना की ओर से की गई एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा-ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।



राजस्थान के चुरू जिले में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा-जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है।

### नया भारत तो घर में घुसकर मारता है: मोदी

उन्होंने कहा-आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है। यह नया भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा केंद्र में सत्ता में आई तो देश खस्ता हालत था। उन्होंने कहा-हम जो ठान लेते हैं वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते हुए देखा है। आप याद करिए कांग्रेस के शासन में 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था।

### तमिलनाडु के मंत्री की याचिका पर 8 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह भ्रष्टाचार के एक मामले में मुकदमा चलाने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई. पेरियासामी की याचिका पर 8 अप्रैल को सुनवाई करेगा। पेरियासामी के वकील द्वारा तत्काल सुनवाई की अपील के बाद न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगी। वकील राम शंकर के माध्यम से दायर एक आवेदन में, पेरियासामी ने चेन्नई की एक अदालत के समक्ष भ्रष्टाचार के मामले में मुकदमे को स्थगित करने और व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने के लिए शीर्ष अदालत से निर्देश देने का अनुरोध किया।

## केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे गहरी साजिश : संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- जेल से बाहर आने के बाद आप के राज्यसभा सांसद ने किया दावा



आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में जेल की सलाखों के पीछे डालने की साजिश रची।

सिंह ने जेल से बाहर आने के दो दिन बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए मगुंटा राघव रेड्डी पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। रेड्डी दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी से सरकारी गवाह बने हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सिंह ने कहा कि राघव रेड्डी के पिता, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के खिलाफ 16 सितंबर, 2022 को कार्रवाई की गई थी। सिंह को भी आबकारी नीति मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सिंह ने आरोप लगाया, उन पर केजरीवाल के खिलाफ गलत बयान देने के लिए दबाव डाला गया लेकिन जब उन्होंने इनकार कर दिया तो उनके बेटे राघव रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### भाजपा नेता की याचिका पर यूट्यूब चैनल सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से नोएडा की एक अदालत में हुई बदसलूकी की घटना के संबंध में उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियों को लेकर कई यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में अन्य पक्षों को सुने बिना आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अंतरिम राहत की याचिका पर 13 प्रतिवादी यूट्यूब चैनल और 'एक्स' हैंडल को नोटिस जारी किया। अदालत ने मानहानि मुकदमे पर समन जारी किया और मामले को आठ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उच्च न्यायालय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) और गूगल को भी नोटिस जारी किया।

## न्यायालय ने शोमा कांति सेन को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

**एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामला**

उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में जून 2018 में गिरफ्तार महिला अधिकार कार्यकर्ता शोमा कांति सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने निर्देश दिया कि उन्हें ऐसी शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाए, जिन्हें विशेष अदालत उपयुक्त और उचित समझे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तों में यह शामिल होगा कि सेन विशेष अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र नहीं छोड़ेंगी।

पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा-अपीलकर्ता (सेन) को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के जांच अधिकारी को उस पते के बारे में सूचित करना होगा, जहां वह जमानत पर रहने के दौरान निवास करेंगी। इसने कहा कि सेन जमानत पर रहने के दौरान केवल एक मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करेंगी और इसे जांच अधिकारी के साथ साझा करेंगी। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मोबाइल चौबीस घंटे चालू और चार्ज रहे, ताकि वह जमानत पर रहने की पूरी अवधि के दौरान लगातार उपलब्ध रहें।

### दिल्ली में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा। अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद आत्महत्या कर ली।

## आयुर्वेद, योग को आयुष्मान भारत में शामिल करने की याचिका स्वीकार करे केंद्र : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने संबंधित मंत्रालय को दिया निर्देश




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

उच्च न्यायालय ने याचिका बरकरार करने की याचिकाकर्ता की अर्जी स्वीकार कर ली और मंत्रालय से इसे प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार करने को कहा। अदालत ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त और गृह मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था तथा उनसे याचिकाकर्ता-अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा था। वहीं आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा को पीएम जन आरोग्य योजना में शामिल करने का याचिका में अनुरोध किया गया है।

### सीबीआई को कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी।

कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया। जांच एजेंसी ने न्यायिक हिरासत में कविता से पूछताछ करने की अदालत से अनुमति मांगी थी।

## मुख्तार अंसारी के बेटे की याचिका पर यूपी सरकार से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को अपने पिता मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद अब्बास अंसारी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी। शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि वह खुद ही आज संशोधित याचिका दायर करेंगे। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है, याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें, और 9 अप्रैल तक इस पर जवाब मांगें। अदालत ने कहा-मामले की सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

### धन जारी नहीं करने पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार की उस याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को नोटिस जारी किया, जिसमें राजधानी में जलापूर्ति के लिए जिम्मेदार निकाय को धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को डीजेबी के लिए जरूरी धनराशि जारी करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि वह जल बोर्ड से पानी को लेकर बकाया धनराशि के बारे में जानना चाहती है। पीठ ने दिल्ली सरकार की याचिका को आगे 10 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को प्रधान सचिव (वित्त) को उस याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे।

# कच्चातिवु वापस करने के भारत के अनुरोध का कोई आधार नहीं

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई मंत्री ने भारत के दावे को किया खारिज

कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में लगातार बयानबाजी चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीलंका पलटवार किया है। श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। यह कहकर श्रीलंका के मंत्री ने भारत के कच्चातिवु द्वीप पर दावों को खारिज कर दिया।

श्रीलंका के मंत्री का यह बयान तब सामने आया है, जब भारत में पीएम मोदी और उनकी सरकार कांग्रेस पार्टी और डीएमके पार्टी पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार का आरोप है कि कांग्रेस और डीएमके ने कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने वाले मछुआरों के हितों की अनदेखी की। अब इस पर श्रीलंका के मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि यह भारत में चुनाव का समय है और कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी बातें सुनना असामान्य नहीं है।

देवानंद ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि उस जगह पर भारतीय मछुआरे मछली पकड़ सकें। हालांकि उन्होंने कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका के कब्जे को लेकर जारी बयानों का कोई आधार नहीं है।

# अमेरिका के मंदिर में 11 साल के बच्चे को गर्म सरिया से दागा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सस में एक 11 साल के बच्चे को गर्म सरिए से दागने के मामले में एक मंदिर और उसके मूल संगठन पर बच्चे के पिता ने केस कर एक मिलियन डॉलर मुआवजे की मांग की है।

फोर्ट बेंड काउंटी में रहने वाले विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को गर्म लोहे की छड़ से दागा गया था। दायर मुकदमे के अनुसार, बच्चे को बहुत दर्द और स्थायी विकृति का सामना करना पड़ा, जिसमें बच्चे के पिता चेरुवु मंदिर और जेईटी यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में 1 मिलियन डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहा है। बच्चे के पिता ने कहा कि बेटे के कंधे पर भगवान विष्णु की आकृति में दो भागों पर उसे दागा गया।

# पेनल्टी चार्ज लोन राशि में नहीं जोड़ सकेंगे बैंक, 1 अप्रैल से लागू

*लोन अकाउंट्स पर पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट से संबंधित रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस 1 अप्रैल से लागू हो गई हैं। ये नियम पेनल्टी को लेकर बैंकों और फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाते हैं। जानते हैं कि बैंक अब क्या नहीं कर सकते...*

- कमाई बढ़ाने के लिए चार्ज नहीं लगा सकते पेनल चार्ज का उद्देश्य कर्जधारकों के बीच कर्ज चुकाने के मामले में अनुशासन की भावना पैदा करना है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि इन चार्ज का इस्तेमाल कमाई बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंक की समीक्षा में पाया गया कि बैंक और फाइनेंस कंपनियां इनकम बढ़ाने के लिए जुर्माना और चार्ज लगाते हैं, जिसको लेकर ग्राहकों की शिकायतें बढ़ी हैं।




## क्या कहते हैं नए दिशानिर्देश



आरबीआई ने बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को पेनल्टी इंटरेस्ट लेने से रोक दिया है, जो अक्सर ईएमआई के भुगतान में देरी होने पर वसूला जाता है। इसके अलावा, कर्जदाता विकल्प के रूप में ब्याज दर में अतिरिक्त कम्पोनेंट पेश नहीं कर सकते। आरबीआई ने दंडात्मक शुल्क लगाने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि ये पेनल्टी चार्ज लोन अमाउंट में न जुड़े और ऐसे शुल्क पर अतिरिक्त ब्याज न लगे।

## पेनल चार्ज, पेनल इंटरेस्ट में क्या है अंतर

पेनल चार्ज और पेनल इंटरेस्ट दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज दरों के रूप में जुर्माना हैं। दंडात्मक शुल्क एक निश्चित भुगतान है। इसे ब्याज में नहीं जोड़ा जाता, जबकि दंडात्मक ब्याज ग्राहक से ली जाने वाली मौजूदा ब्याज दर में जोड़ी जाने वाली रेट है। आरबीआई ने बैंकों को ये भी निर्देश दिया कि वे पेनल चार्जेस का कैपिटलाइजेशन न करें। मतलब ऐसे चार्जेस पर आगे कोई ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।

## पेनल्टी चार्ज पर आरबीआई के नियम

दंडात्मक शुल्क और दंडात्मक ब्याज से जुड़े ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू हो चुके हैं। मौजूदा लोन 1 जून 2024 से नए नियमों के अधीन होंगे। बता दें कि इन नियमों को आरबीआई 1 जनवरी 2024 से ही लागू करने वाला था। लेकिन वित्तीय संस्थान को ख्याल करते हुए तारीख आगे बढ़ा दी गई थी।

## बैंकों को ब्याज वसूलने का अधिकार नहीं

बैंकों और एनबीएफसीएस को उधारकर्ताओं से अतिरिक्त शुल्क लेने से रोकने के लिए ऐसे काम करेंगे आरबीआई के नए नियम। आरबीआई ने लोन की राशि में दंडात्मक शुल्क शामिल न करने करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना करने से भी मना किया है। बैंक लोन के ईएमआई में देरी करने पर ग्राहकों पर दंडात्मक ब्याज लगते हैं। साथ ही अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ते हैं। लेकिन आरबीआई के निर्देशानुसार अब बैंकों और वित्त कंपनियों को दंडात्मक ब्याज वसूलने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें एडिशनल चार्ज जोड़ने की अनुमति भी नहीं होगी। हालांकि अभी भी बैंक जुर्माना लगा सकते हैं। नए नियमों के तहत बैंक और वित्तीय संस्थान डिफॉल्ट राशि के आधार पर दंडात्मक शुल्क को निर्धारित करेंगे। रिजर्व बैंक ने अनुमोदित नीति के अनुसार निष्पक्ष और लगातार चार्ज लगाने का निर्देश जारी किया है।

## एक नजर

### 16 हजार फुट ऊंचा शिंकुला दर्रा आवाजाही के लिए किया बहाल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दारचा पदुम नीमू सड़क के बीच पड़ने वाले 16 हजार फुट ऊंचे और कई फुट बर्फ की मोटी परत चढ़े शिंकुला दर्रा वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है। बीआरओ के मुख्य अभियंता आर के साहा ने हरी झंडी दिखाकर दर्रा से वाहनों को जांस्कर घाटी की ओर रवाना किया। मुख्य अभियंता ने कहा कि बीआरओ के जवानों की कठिन मेहनत के चलते शिंकुला दर्रा बहाल हुआ है। जवानों ने 20 से 25 फुट बर्फ की मोटी परत को माइनस तापमान में दारचा पदुम निमू सड़क को बहाल किया है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस सड़क के खुल जाने से पर्यटन पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव रहेगा।

### छत्तीसगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, कई घायल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार किरंदुल थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार, गमपुर के जंगल में सशस्त्र माओवादियों की सूचना पर डीआरजी की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ हुई, जिसमे एक पुरुष माओवादी को मार गिराने मे दंतेवाड़ा पुलिस को सफलता मिली है। मुठभेड़ में कई नक्सली घायल होने का दावा भी पुलिस कर रही है।

### बुशरा के निजी डॉक्टर ने जहर देने के दावे को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** इमरान की पत्नी बुशरा बीबी के निजी चिकित्सक ने बुशरा को जहर दिए जाने के दावे को खारिज कर दिया है। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया है कि, उन्हें (बुशरा बीबी को) कोई जहरीला पदार्थ नहीं दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खान द्वारा उनके निजी आवास में कैद में रखे जाने के दौरान बुशरा बीबी को जहर दिए जाने के आरोप लगाने के बाद उनके चिकित्सक का यह बयान आया है। बता दें, इमरान ने कहा था कि जहर से नकारात्मक प्रभाव के रूप में बुशरा की त्वचा और जीभ पर निशान हो गए हैं। खान इसके लिए सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया था।

### यूक्रेन ने रूस पर 53 ड्रोन से किया हमला, ऊर्जा संयंत्र तबाह

**कीव।** रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेन ने 53 ड्रोन से हमले किया है। इसे यूक्रेन की ओर से सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। हालांकि रूसी सेना की ओर से दावा किया गया है कि इनमें से 44 ड्रोन को मार गिराया गया। इन्हें मोरोजोस्की जिले में मार गिराया गया। रोस्तोव गवर्नर ने कहा है कि हमले में एक पावर सबस्टेशन को क्षति पहुंची है। रूसी मीडिया ने कहा कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं।

# पाकिस्तानी सूफी संत की अस्थियों को भारत लाने की अर्जी पर सुप्रीम इनकार

## याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- पाकिस्तानी नागरिक के शव को देश में लाने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सूफी संत हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तादिर शाह मसूद अहमद की अस्थियों को बांग्लादेश से भारत लाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। दरअसल, कोर्ट का मानना है कि सूफी संत पाकिस्तानी नागरिक हैं, इसलिए उनकी अस्थियों को देश में लाने की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रयागराज में दरगाह हजरत मुल्ला सैयद मोहम्मद शाह के सज्जादा नशीन के रूप में उन्हें साल 2008 में चुना गया था।

उन्होंने 2021 में मंदिर में दफनाए जाने की इच्छा व्यक्त कर अपनी वसीयत की थी। ढाका में उनकी मृत्यु हो गई, जहां उन्हें दफना दिया गया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा वाली पीठ ने कहा, 'हजरत शाह एक पाकिस्तानी नागरिक हैं। इसलिए उनका कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। वहीं सिद्धांत के तौर पर यह अदालत सही नहीं है कि वह किसी विदेशी राज्य के नागरिक की अस्थियों को भारत ले आने का निर्देश दे। बता दें, सूफी संत की 2022 में बांग्लादेश में मृत्यु हो गई थी।

### चंडीगढ़ चुनाव अधिकारी मसीह ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह ने अपने आचरण के लिए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है। बता दें, न्यायालय ने फरवरी में चंडीगढ़ महापौर चुनाव का नतीजा पलट दिया था। उच्चतम न्यायालय ने मसीह को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ मतगणना के दौरान गंभीर कदाचार के लिए मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। मसीह ने कहा कि वह पहले दिया हलफनामा वापस लेंगे, जिसमें कहा गया था कि वह अवसाद और बैचेनी से गुजर रहे थे और इसमें उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने हलफनामे में कहा था, इकतीस जनवरी को चुनाव प्रक्रिया की एक कथित वीडियो रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक हो गई थी। इसके बाद, प्रतिवादी (मसीह) को सोशल मीडिया के साथ ही राजनीतिक दलों के सदस्यों की लगातार आलोचना और टीका-टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। इससे प्रतिवादी एवं उनके परिजन अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गए।

### एआईएफएफ की याचिकाओं पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने और शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एल. नागेश्वर राव द्वारा तैयार इसके संविधान को अंतिम रूप देने पर विचार के लिए शुक्रवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने न्यायमित्र के तौर पर अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण की इस बात पर गौर किया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जानी चाहिए। शंकरनारायण ने कहा, 19 मार्च को कहा गया था कि याचिकाओं को पांच अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा और आज पांच अप्रैल है। इसके बाद पीठ ने आश्वासन दिया कि मामले को सुनवाई के लिए जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने भारतीय ओलंपिक संघ और एआईएफएफ से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाएं स्वीकार कर लीं।

# अमस में भीड़ ने की नेपाली पर्यटक से अभद्रता, केस दर्ज

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले में एक विदेशी महिला के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। नेपाल से आई पर्यटक ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की भीड़ ने उसके साथ अभद्रता की है। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी है।

असम पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नेपाल की महिला पर्यटक से अभद्रता के स्थनीय लोगों पर आरोप लगे हैं। हालांकि मामला दर्ज कर दिया गया है। टिटाबोर के उप विभागीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पीड़िता संपर्क में है। कानून के मुताबिक, आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता द्वारा गुरुवार को एक सोशल मीडिया वीडियो के जरिए अभद्रता और पुलिस निष्क्रियता के आरोप लगाए गए थे।

पीड़ित महिला पर्यटक ने दावा किया कि मारियानी इलाके में भीड़ ने सिर्फ उसके साथ इसलिए अभद्रता की क्योंकि उन्हें मेरे लड़कों की तरह पहने कपड़ों से आपत्ति थी। महिला ने आरोप लगाया कि वहां के स्थानीय लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और मेरे कपड़ों को फाड़ दिया गया।

# विमान में महिलाओं के सामने यात्री ने कप में किया पेशाब

सिडनी, एजेंसी

- शर्मनाक हरकत करने से यात्री पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया

सिडनी हवाईअड्डे पर एक यात्री विमान में की गई शर्मनाक हरकत सामने आई है। विमान में देरी के दौरान यात्री ने महिलाओं के सामने कप में पेशाब किया, और उसके उतरते ही उसपर कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना, पिछले दिसंबर में ऑकलैंड से 3 घंटे की एयर न्यूजीलैंड की उड़ान में हुई थी और सिडनी की एक अदालत ने फरवरी में ऐसे व्यवहार के लिए 53 वर्षीय व्यक्ति पर 600 डॉलर का जुर्माना लगाया था। यह घटना लोगों के ध्यान में तब आई, जब न्यूजीलैंड की समाचार वेबसाइट स्टफ ने बताया कि उसी पंक्ति में एक महिला यात्री, जिसकी पहचान होलव के रूप में हुई, उसने बताया कि उसने एयर क्रू को इस व्यवहार की सूचना दी थी। महिला यात्री ने कहा कि वह और उसकी 15 वर्षीय बेटी सब सीट पर बैठी थीं, तभी खिड़की वाली सीट पर बैठा व्यक्ति एक कप में पेशाब कर रहा था। उसने कहा कि वह आदमी साफ तौर पर नशे में था और विमान से बाहर निकलते ही उसने एक फ्लाइट अटेंडेंट पर पेशाब गिरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि नशे सहित गलत व्यवहार के लिए हर महीने पांच से 10 यात्रियों पर एयरलाइन प्रतिबंध लगाता है।

### केरल के कन्नूर में विस्फोट, एक की मौत, 3 घायल

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में स्थित पनूर इलाके के पास शुक्रवार को एक धमाका हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि वामपंथी दल ने इस घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। विपक्षी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, सीपीआई समर्थकों द्वारा देशी बमों को बनाने के दौरान यह घटना घटी। वहीं, भाजपा ने भी सीपीआई को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि बम के जरिए वाम दल दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है। सीपीआई ने कहा राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी लोगों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।



**गुलमर्ग गुलजार...**

**गुलमर्ग :** हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। इस कारण जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग की वादियों पर बर्फ की चादर बिछी है। इनका दीदार करने और वहां स्कीइंग का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी लगातार उमड़ रहे हैं। इस महीने गुलमर्ग में 10 सेमी बर्फबारी हो चुकी है। उधर, हिमाचल के कुल्लू और लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है। गुरुवार रात को अटल टनल के साथ रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रा व कुंजम दर्श में 10 सेंटीमीटर और बारालाचा में 5 सेंटीमीटर बर्फ रिकॉर्ड की गई। लाहौल के नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू में ताजा बर्फबारी के बाद सैलानी पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हुई है। हालांकि शनिवार को मौसम साफ होने के आसार हैं। ● एजेंसी

# भारतीय तटरक्षक बल ने 27 बांग्लादेशी को बचाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाव खराब होने से बीच समुद्र में फंसे मछुआरों को बांग्लादेश को सौंपा

भारतीय तटरक्षक बलों ने बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और शुक्रवार को उनको बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले तो उनकी नाव को ठीक करने की कोशिश की, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

कोलकाता स्थित भारतीय तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, तटरक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम् रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। भारतीय तटरक्षक बल ने बताया है कि, नौका स्टीयरिंग गियर टूटने के बाद भारतीय जल क्षेत्र में आ गई थी और वे सभी समुद्र में फंस गए थे। भारतीय तट रक्षकर बल के एक



अधिकारी ने बताया कि एक त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तटरक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल/मछुआरे सवार थे। अधिकारी ने बताया भारतीय तटरक्षक तकनीकी टीम ने खराबी की पहचान करने और उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब देखा कि नाव का पतवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और समुद्र में इसकी मरम्मत नहीं की जा सकी। समुद्र की स्थिति और मौसम की स्थिति अनुकूल थी, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संकटग्रस्त नाव को भारत-बांग्लादेश आईएमबीएल में लाया गया।

# असम कांग्रेस अध्यक्ष का हिमंत पर 10 करोड़ का मानहानि का केस

**गुवाहाटी।** असम के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने एक स्थानीय अदालत में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के खिलाफ 10 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दायर किया है। कांग्रेस नेता ने अपनी शिकायत में कहा है कि हिमंत विश्व सरमा के कई बयानों ने उनकी सार्वजनिक छवि और पार्टी को नुकसान पहुंचाया है।

बोरा ने गुरुवार को सिविल जज सह सहायक सत्र न्यायाधीश नंबर एक, कामरूप मेट्रो की अदालत में मामला दर्ज कराया। एक प्रमुख स्थानीय दैनिक और उसके संपादक को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। आरोप लगाया है कि शर्मा ने राज्य के कांग्रेस प्रमुख जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है।

**विज्ञान** नए शोध में नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया तारों के रहस्य का खुलासा

# भ्रमित करने वाले एक हजार तारों की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** तारों के बारे में जैसा हम समझते हैं, वैसा न होकर ये कहीं अधिक अनसुलझी गुत्थियों से उलझे हुई है। एक नए शोध से कुछ ऐसा ही पता चला है। जिसमें भ्रमित करने वाले हजार तारों का चौंकाने वाला रहस्य उजागर हुआ है। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी वैज्ञानिकों ने यह आश्चर्यजनक खोज की है।

नए मॉडल का उपयोग कर खगोल भौतिकीविदों ने हमारी आकाशगंगा के केंद्रीय सुपरमैसिव ब्लैक होल के सैजिटेरियस ए (एसजीआर ए) की परिक्रमा कर रहे 1,000 भ्रम मे डालने वाले नकली सितारों को पता लगाया है, जो बेहद हिंसात्मक हैं और तेज़ गति के साथ एक दूसरे से टकराते हैं। टकराव के बाद कुछ एक दूसरे में विलय हो जाते हैं,



ब्लैकहोल के साथ नजदीकी तारों का चित्र।

### छोटे तारों को निगल जाते हैं बड़े तारे

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स द्वारा द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह शोध प्रकाशित होने जा रहा है। दअरसल गुरुत्वाकर्षण प्रभाव जितना रोचक है, उतना ही ख़तरनाक भी है। जिसके परिणामस्वरूप बड़े तारे कम गुरुत्वाकर्षण वाले तारों को निगल जाते हैं और ब्लैकहोल अपने नजदीकी तारों को।

जबकि कूछ तरोताजा दिखते हैं। साथ ही तारे बहुत कुछ कारण से युवा दिखते हैं।

यह जानकारी भी सामने आई है कि टकराव से बचे तारे अपना द्रव्यमान खो देते हैं और कम द्रव्यमान वाले तारे बन जाते हैं या फिर अन्य तारों के साथ विलय करके विशाल और पुनर्जीवित हो जाते हैं। शोध का नेतृत्व कर रही वैज्ञानिक सानिया सी. रोज़ के अनुसार केंद्रीय ब्लैक होल के आसपास का क्षेत्र बेहद तेज़ गति से घूमने वाले तारों से भरा पड़ा है।

उनके आपस मे एक दूसरे के बहुत करीब से गुजरने पर गुरुत्वाकर्षण के कारण परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। हमारी आकाशगंगा के केंद्र में यह बेहद अजीब जगह है। जहाँ तारों की संख्या दस लाख से भी अधिक है। जिसमें ब्लैकहोल के समीपवर्ती तारों का व्यवहार हमारी कल्पना से परे बेहद अजीब है। हमारा सूर्य ब्लैकहोल से लगभग चार प्रकाश वर्ष दूर है। जिस कारण हमारी सूर्य के आसपास की दुनिया शांत है।

# ब्रिटेनः भारतीय छात्रों ने शुरू किया फेयर वीजा फेयर चांस अभियान

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय छात्रों ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा के पक्ष में 'फेयर वीजा, फेयर चांस' नाम से एक नया अभियान शुरू किया। 'ग्रैजुएट रूट' वीजा अंतर्राष्ट्रीय स्नातकों को उनकी डिग्री के बाद दो साल के लिए ब्रिटेन में रहने और कार्य अनुभव प्राप्त करने का मौका देता है। दरअसल, एक स्वतंत्र विस्थापन सलाहकार समिति (एमसीए) को ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने 'ग्रैजुएट रूट' वीजा की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उस उद्देश्य को पूरा करता है या नहीं, जिसके लिए इसे बनाया गया है। माना जा रहा है कि समिति अगले माह तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि ब्रिटेन के लिए अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 42 अरब जीबीपी का योगदान करते हैं।

# भारतीयों के लिए नई वीजा कैटेगरी शुरू करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- जून से शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय कर सकेंगे आवेदन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीयों को प्रवेश देने के लिए नई वीजा कैटेगरी की शुरुआत की है। जून के अंत अथवा जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली ई-1 और ई-2 कैटेगरी में 40 हजार भारतीय आवेदन कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसके लिए अमेरिका ने भारत को ट्रीटी कंट्री (समझौता देश) का दर्जा दिया है। इस कदम से एच-1 बी वर्क वीजा के लिए वेटिंग लिस्ट में शामिल लगभग 3 लाख भारतीयों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। एच-1 बी वीजा का इंतजार कर रहे भारतीय अब ई-1 और ई-2 में आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में एच-1 बी वर्क वीजा की पेंडेंसी लगभग 134 साल है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 2023 में



भारतीय को रिकॉर्ड 14 लाख वीजा जारी किए थे। इनमें 50 फीसदी संख्या अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की थी।

ई-1 वीजा में आवेदक को संपत्ति माना जाएगा, फैमिली भी ला सकेंगे, ई-1 वीजा कैटेगरी में आवेदक को संपत्ति (असेट) माना जाएगा। इन्वेस्टर, एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर और अन्य किसी भी स्किल्ड वर्कर का मूल्यांकन संपत्ति के तौर पर होगा। अमेरिकी इमिग्रेशन डिपार्टमेंट हर आवेदक रिकॉर्ड को देखकर अर्थव्यवस्था में उसके योगदान को तय करेगा। ई-2 कैटेगरी में आवेदक को अपने मूल देश में इन्वेस्टमेंट को बताना होगा। उदाहरण के लिए ई-2 कैटेगरी का आवेदक ये बताएगा कि भारत में उसके व्यापार में से 50 फीसदी के बराबर का निवेश वह अमेरिका में भी करेगा। दोनों कैटेगरी में वीजा मिलने पर आवेदक अपनी फैमिली को अमेरिका ला सकेगा।

### अमेरिका में हर साल करोड़ों का योगदान देते हैं भारतीय प्रोफेशनल

भारतीय प्रोफेशनल अमेरिका के सर्विस सेक्टर में लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपए का योगदान देते हैं। अमेरिका ने इसका लक्ष्य 2024 में तीन लाख करोड़ रुपए रखा है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन के समक्ष ट्रीटी कंट्री का दर्जा देने की बात उठाई थी। बाइडन ने इसे मंजूरी प्रदान कर संभावना जताई है कि वीसा बैकलॉग भी इससे कम हो सकेगा।